वर्ष- 13 अंक - 361
लखनऊ, गुरुवार 3 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मोबाइल शोरूम का डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन 10
केशव प्रसाद मौर्य से मिला जर्मनी का प्रतिनिधिमंडल 03

# आउटसोर्सकर्मियों पर योगी मेहरबान

■ कार्मिकों को हटाने के लिए लेनी होगी सरकार की मंजूरी ■ मानदेय 7,500 तक बढ़ा, 5 तारीख को खाते में


**तोहफों की बारिश**

- उत्तर प्रदेश आउटसोर्स निगम का शुभारंभ
- कर्मचारियों का खाता जीरो बैलेंस पर खुलेगा
- 20 से 40 लाख तक दुर्घटना बीमा
- अग्निकांड का शिकार होने पर 10 लाख
- आकस्मिक इलाज के लिए 5 लाख
- आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस के लिए 10 लाख
- बेटे-बेटी की शिक्षा के लिए 8 व 10 लाख
- दो बेटियों की शादी के लिए 8 से 10 लाख
- राज्य में 3.5 लाख कर्मचारियों को फायदा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मानसूनी फुहारों के बीच प्रदेश के 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सौगातों की बारिश कर दी। अब आउटसोर्स कर्मियों को एजेंसी मनमाने ढंग से नौकरी से नहीं हटा सकेगी। कर्मचारी को हटाने से पहले सरकार को सूचना देनी होगी और मामले की जांच के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ करते हुए कहा कि नई व्यवस्था में कार्मिकों का पारिश्रमिक, सामाजिक सुरक्षा और सेवा अधिकार किसी व्यक्ति या एजेंसी की कृपा पर नहीं, बल्कि निर्धारित नियमों के आधार पर तय होंगे।

लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने निगम के पोर्टल यूपीकॉस, वेबसाइट और लोगो का अनावरण किया। उन्होंने



बुधवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित समारोह में आउटसोर्सकर्मी को चेक देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य।

आउटसोर्सकर्मियों को बढ़े हुए पारिश्रमिक के चेक भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम की सुविधाओं का लाभ कर्मियों और उनके परिवारों को मिलाकर करीब 17 से 20 लाख लोगों तक पहुंचेगा।

योगी ने कहा कि अब आउटसोर्स कर्मियों का पारिश्रमिक प्रत्येक माह एक से पांच तारीख के बीच सीधे बैंक खाते में भेजा जाएगा। ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान भी नियमित रूप से जमा होगा। खास बात यह है कि ईपीएफ-ईएसआई और अन्य देयताओं के नाम पर कर्मचारी के पारिश्रमिक से एजेंसी मनमानी कटौती नहीं कर सकेगी। सरकार आउटसोर्स एजेंसी को सर्विस चार्ज देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से आउटसोर्सकर्मियों के पारिश्रमिक में असमानता की शिकायतें आती रही हैं। किसी को 8 हजार तो किसी को 11 हजार रुपए मानदेय बताया जाता था, जबकि वास्तविक भुगतान कम मिलता था। अब ऐसा नहीं होगा। कर्मचारी की श्रेणी और शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप पारिश्रमिक निर्धारित किया जाएगा। इससे समान कार्य के लिए मनमाने भुगतान की व्यवस्था पर अंकुश लगेगा।

निगम ने आउटसोर्स कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा का बड़ा कवच देने की व्यवस्था की है। एसबीआइ के साथ हुए समझौते के तहत घटना, दुर्घटना या आपदा में निर्धारित श्रेणी के अनुसार परिवार को 20 से 40 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा। अग्निकांड की स्थिति में 10 लाख, आकस्मिक दवा के लिए पांच लाख और आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस के लिए 10 लाख रुपए तक की सुविधा का प्रावधान बताया गया है।

बेटे की शिक्षा के लिए आठ लाख और बेटी की शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक की सहायता का भी प्रावधान है। दो पुत्रियों के विवाह के लिए आठ से 10 लाख रुपए तक सहायता तथा कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में परिजनों को बैंक के माध्यम से तत्काल 50 हजार रुपए उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईएसआई अंशदान के माध्यम से कर्मियों और उनके परिवारों को ईएसआई अस्पतालों में निःशुल्क उपचार मिलेगा। जहां आवश्यक उपचार उपलब्ध नहीं होगा, वहां आयुष्मान भारत योजना से जोड़कर पांच लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा। मातृत्व अवकाश समेत अन्य वैधानिक सेवा लाभ भी सुनिश्चित किए जाएंगे।

# चित्रकूट में मंदाकिनी ने फिर मचाई तबाही

**बारिश-बाढ़ का कहर**

- खतरे के निशान से 4.5 मीटर ऊपर पहुंचा जलस्तर
- सैकड़ों दुकान-मकान, मंदिर, आश्रम व होटल जलमग्न



बुधवार को चित्रकूट में मंदाकिनी की बाढ़ से लोगों को रेस्क्यू करते एसडीआरएफ के जवान। 150 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

समृद्धि न्यूज, चित्रकूट।

मध्य प्रदेश और चित्रकूट क्षेत्र में रातभर हुई तेज बारिश से मंदाकिनी नदी ने फिर रौद्र रूप धारण कर लिया। नदी का जलस्तर खतरे के निशान 126.50 मीटर से करीब 4.5 मीटर ऊपर पहुंच गया। रामघाट दोबारा जलमग्न हो गया। घाट किनारे की सैकड़ों दुकानें, मकान, आश्रम और होटल पानी में डूब गए। कामतानाथ, आरोग्यधाम और जानकीकुंड जाने वाले मार्गों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ और कई स्थानों पर नावों से लोगों को निकालना पड़ा।

मंगलवार भोर चार बजे तक मंदाकिनी का जलस्तर 126.40 मीटर था, जो खतरे के निशान से महज 10 सेंटीमीटर नीचे था। इसके बाद मध्य प्रदेश और चित्रकूट में हुई तेज बारिश से पानी तेजी से बढ़ा। कुछ ही घंटों में रामघाट की गलियों और दुकानों में पानी भर गया। एक दिन पहले की गई साफ-सफाई भी बाढ़ में बह गई। घरों में पानी घुसने पर लोग ऊपरी मंजिलों पर चले गए, जबकि होटल और आश्रमों में ठहरे लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

रामघाट स्थित भरत मंदिर में पुजारी श्यामजी पांडेय समेत करीब 15 लोग पानी के बीच फंस गए। मंदिर के सभी कमरे पानी में डूब गए और राशन भी खराब हो गया। पुजारी ने मदद नहीं पहुंचने की बात कही। डीएम पुलकित गर्ग ने बताया कि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए लाउडस्पीकर से सूचना दी जा रही है। रैन बसेरों में ठहरने और भोजन-पानी की व्यवस्था की गई है। मंदिरों में फंसे पुजारियों व अन्य लोगों को भी सुरक्षित निकालने के निर्देश दिए गए हैं।

## कानपुर, देहात, हरदोई और बांदा में चार मौतें

**लखनऊ।** लगातार बारिश के कारण पिछले 24 घंटे में कच्चे मकान और दीवार गिरने की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई। कानपुर के महाराजपुर में कच्चा मकान गिरने से शकुंतला विश्वकर्मा (56) की मृत्यु हुई। हरदोई के बेनीगंज में दीवार गिरने से हरिलाल (72) की जान गई। बांदा के मरका में दीवार गिरने से सात वर्षीय हिमांशु की मौत हुई। कानपुर देहात के शिवली में कच्चा घर ढहने से सात माह की शानवी की मृत्यु हो गई। कई लोग घायल भी हुए हैं।

## उत्तराखंड में बारिश का कहर, 12 मौतें

**देहरादून।** उत्तराखंड में तीन दिनों से जारी भारी बारिश ने पहाड़ से मैदान तक जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश, भूस्खलन और तेज बहाव से जुड़े हादसों में 12 लोगों की मौत हो चुकी है। अल्मोड़ा, देहरादून और उत्तरकाशी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में हैं। अल्मोड़ा में मकान और मलबा गिरने की घटनाओं में जानें गईं, जबकि देहरादून में तेज बरसाती बहाव में बच्चे बह गए। उत्तरकाशी में भूस्खलन से रास्ते प्रभावित हुए हैं। राज्य में दो राष्ट्रीय राजमार्ग समेत

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,52,170/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,39,500/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,14,170/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,45,000/किग्रा |



**संक्षिप्त समाचार**

## कनेक्टिंग ट्रेन छूटी तो रिफंड का प्रावधान

**नई दिल्ली।** पहली ट्रेन की देरी के कारण कनेक्टिंग ट्रेन छूटने पर यात्री को टिकट का पैसा वापस मिल सकता है। इसके लिए टिकट बुक करते समय रेलवे के निर्धारित कनेक्टिंग जर्नी विकल्प का चयन करना जरूरी है। नियमों के मुताबिक सही प्रक्रिया अपनाने पर रिफंड का लाभ लिया जा सकता है।

## काशी में 15 एकड़ जमीन मांगेंगे चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने काशी में दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के लिए विशाल परिसर बनाने को 15 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किया है। परिसर में मंदिर, गुरुकुल और अतिथि गृह जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं।

## मुआवजा दर जल्द तय होने की उम्मीद

**लखनऊ।** मथुरा हेरिटेज सिटी परियोजना के लिए जमीन की मुआवजा दर जल्द तय हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में ब्रज विकास परिषद की बैठक में परियोजना की प्रगति पर चर्चा होगी। एनएच-44 को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 15.3 किमी सड़क भी प्रस्तावित है। परियोजना की लागत छह हजार करोड़ रुपये से अधिक है।

## मुतलिव गुमशुदगी की जांच सीबीआई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुजफ्फरनगर के हिस्ट्रीशीटर मुतलिव की गुमशुदगी की जांच सीबीआई को सौंप दी है। कोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सीबीआई को केस डायरी लेकर जांच शुरू करने और तीन सप्ताह में प्रारंभिक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी।

## अर्थव्यवस्था और ऑटो सेक्टर को बड़ा बूस्ट

**नई दिल्ली।** जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर) ने भारत की सॉवरेन रेटिंग बीबीबी+ से बढ़ाकर ए- कर दी है। एजेंसी ने करीब सात प्रतिशत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, निजी खपत, सार्वजनिक निवेश और वित्तीय प्रणाली में सुधार को इसकी प्रमुख वजह बताया। डिजिटल सार्वजनिक ढांचे और जीएसटी जैसे सुधारों से भी अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत हुई है।


# एनएचएआई टोल फर्जीवाड़ा में सात राज्यों में ईडी के छापे

- यूपी से जम्मू-कश्मीर राजस्थान और महाराष्ट्र तक एक साथ कार्रवाई

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के टोल प्लाजा पर कथित फर्जीवाड़े के जरिये टोल वसूली और रकम के डायवर्जन की जांच अब देश के कई राज्यों तक पहुंच गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और पश्चिम बंगाल में करीब 14 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है।

जांच में सामने आया है कि कुछ



टोल प्लाजा पर अधिकृत व्यवस्था के बजाय अनधिकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर टोल रसीदें तैयार की जाती थीं। आरोप है कि इन रसीदों के जरिये वसूली गई रकम को एनएचएआई की आधिकारिक अकाउंटिंग व्यवस्था में दर्ज नहीं किया जाता था और उसे बाहर डायवर्ट कर दिया जाता था। ईडी को फोरेंसिक जांच और एनएचएआई के रिकॉर्ड से ऐसे सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की पुष्टि मिलने का दावा है।

## भाजपा विधायक अनिल शर्मा का निधन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। बुलंदशहर की शिकारपुर विधानसभा सीट से भाजपा



विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अनिल शर्मा का बुधवार को दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। करीब 63 वर्षीय शर्मा लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे और दिल्ली में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भाजपा कार्यकर्ताओं और शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनिल शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि पूर्व राज्य मंत्री एवं शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल शर्मा का निधन अत्यंत दुखद है। अनिल शर्मा बुलंदशहर के शिकारपुर क्षेत्र के सुरजावली गांव के रहने वाले थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत ग्राम प्रधान के रूप में की थी।


# सिंधु जल संधि पर भारत के कड़े रुख से पाकिस्तान बैकफुट पर

- भारत के तेवर के बाद पाकिस्तान ने की बातचीत की अपील

एजेंसी, नई दिल्ली/इस्लामाबाद।

सिंधु जल संधि को लेकर भारत के कड़े रुख के बाद पाकिस्तान ने बुधवार को बातचीत की अपील की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि इस्लामाबाद 1960 की सिंधु जल संधि को उसकी भाषा, भावना और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत से भी इसी तरह का रुख अपनाने और संधि के ढांचे में रचनात्मक बातचीत करने का आग्रह किया।

दरअसल, हेग स्थित स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने 31 अगस्त को



कहा था कि सिंधु जल संधि प्रभावी और बाध्यकारी है। न्यायालय ने भारत के संधि को 'निष्क्रिय' रखने के फैसले को स्वीकार नहीं किया और राटले जलविद्युत परियोजना से जुड़े कुछ निर्माण कार्यों पर अंतरिम रोक का आदेश दिया। पाकिस्तान ने इस फैसले का स्वागत किया था। भारत ने सोमवार को ट्रिब्यूनल के फैसले को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय को कभी स्वीकार नहीं किया है।

# नेपाली पीएम संसद में बोले- थैंक्यू इंडिया

एजेंसी, काठमांडू।

नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के सात दिन बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है।

आपदा में अब तक 1127 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 4858 लोग लापता हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने संसद में आपदा की स्थिति की जानकारी देते हुए भारत और चीन समेत मदद पहुंचाने वाले देशों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सही समय पर पड़ोसी देशों ने राहत सामग्री, तकनीकी विशेषज्ञ और आपात सहायता पहुंचाई।

भारत ने बुधवार को नेपाल के लिए पांचवीं राहत उड़ान भेजी। इसमें 11 सदस्यीय विशेष बचाव दल,



**जलप्रलय**

- सात दिन में 1127 मौतें, 4858 लोग लापता, तलाश जारी

अत्याधुनिक बचाव उपकरण और 5.5 टन जरूरी दवाएं शामिल हैं। इससे पहले चार खेपों में करीब 68.5 टन राहत सामग्री नेपाल भेजी जा चुकी है।

इसमें दवाइयां, खाद्य सामग्री, कंबल, तिरपाल, हाइजीन किट और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं। भारतीय विशेषज्ञ शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच तथा तकनीकी बचाव अभियान में भी सहयोग कर रहे हैं।

संसद में प्रधानमंत्री शाह ने विदेशी सहायता लेने में कथित देरी से जुड़े सवालों का जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी आपदा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग नहीं लेने का सवाल ही नहीं उठता।

शाह के मुताबिक सरकार ने पहले दिन से ही अंतरराष्ट्रीय सहयोग लेना शुरू कर दिया था। आपदा की सूचना देने के लिए करीब 11 लाख एसएमएस नागरिकों को भेजे गए। उन्होंने कहा कि आपदा अनुमान से कहीं अधिक भयावह थी।

## दिशा सालियान मौत मामले की जांच करेगी सीबीआई

एजेंसी, मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत



के छह साल पुराने मामले में बुधवार को बड़ा मोड़ आ गया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपते हुए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई को वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी नियुक्त कर जांच आगे बढ़ाने को कहा है। दिशा सालियान की 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने के बाद मौत हुई थी। इसके ठीक छह दिन बाद, 14 जून को सुशांत सिंह राजपूत बांद्रा स्थित अपने घर में मृत मिले थे। दोनों घटनाओं के बीच कम अंतराल के कारण दिशा की मौत लंबे समय से चर्चा और विवाद का विषय रही है।

# अमेरिका का ईरान पर फिर मिसाइल हमला

एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन।

अमेरिका और ईरान के बीच एक महीने की शांति के बाद फिर शुरू हुए संघर्ष में मंगलवार रात से बुधवार तक हमले तेज हो गये। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी हमलों में देशभर में कुल 19 लोगों की मौत हुई है। इनमें दक्षिणी ईरान के कुहेस्तक में शादी समारोह के दौरान हुई घटना में पांच लोगों की मौत और 68 लोगों के घायल होने की जानकारी है। मृतकों में चार साल का एक बच्चा भी शामिल है।

कुहेस्तक, सिरिक काउंटी में एक आवासीय मकान में शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान अमेरिकी हमले के बाद मलबा और शेल के टुकड़े वहां गिरे। मकान बुरी तरह



**युद्ध**

- अमेरिकी हमले में ईरान में 19 की मौत, शादी समारोह में पांच मरे
- जवाब में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान ने दागीं मिसाइलें

क्षतिग्रस्त हो गया। ईरानी अधिकारियों ने इसे नागरिकों पर हमला बताया है। हालांकि, अमेरिका का कहना है कि उसके हमलों का लक्ष्य ईरान के सैन्य ठिकाने थे। इसलिए शादी वाले मकान को सीधे निशाना बनाया गया था या आसपास के हमले का मलबा वहां गिरा, इसे लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। अमेरिकी सेना के अनुसार, दक्षिणी ईरान में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े सैन्य ठिकानों, एयर डिफेंस सिस्टम, रडार, संचार केंद्रों और समुद्री सैन्य संसाधनों को निशाना बनाया गया। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव इस कार्रवाई का प्रमुख कारण है। अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने जॉर्डन, बहरीन, कुवैत और इराक में अमेरिकी ठिकानों और परिसंपत्तियों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये। ईरान ने बहरीन स्थित शेख ईसा एयरबेस और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है।

**बड़ा बदलाव** — गोविंद देव गिरि को महासचिव की जिम्मेदारी, तीन नए सदस्य भी ट्रस्ट में शामिल

# राम मंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा

समृद्धि न्यूज, अयोध्या।

राम मंदिर के निर्माण के बाद अब उसके व्यवस्थित और दीर्घकालिक संचालन की तैयारी तेज हो गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को मंदिर के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को पहला मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त कर दिया। महंत नृत्यगोपाल दास की अध्यक्षता में मणिरामदास छावनी में हुई बैठक में उनके नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि को नया महासचिव बनाया गया है। साथ





ही तीन नए सदस्यों को भी ट्रस्ट में शामिल किया गया।

सीईओ पद के लिए देशभर से मिले आवेदनों की लंबी प्रक्रिया के बाद यह चयन हुआ। ट्रस्ट के कार्यवाहक महासचिव कृष्ण मोहन के अनुसार, 16 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के बाद तीन नामों का पैनल तैयार किया गया था। इसमें एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा के अलावा मेजर जनरल संजय प्रताप सिंह और श्रुति भारद्वाज शामिल थे। अंतिम निर्णय मिश्रा के पक्ष में हुआ।

**स्थाई सदस्य**

**के. परासरन:** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य, **महंत नृत्य गोपाल दास:** अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, **स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज:** कोषाध्यक्ष, **कृष्ण मोहन:** अंतरिम महासचिव, **जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज:** सदस्य (प्रयागराज), **जगद्गुरु मध्वाचार्य स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ जी महाराज:** सदस्य (पेजावर मठ, उडुपी), **युगपुरुष परमानन्द जी महाराज:** सदस्य (हरिद्वार), **महंत दिनेंद्र दास:** सदस्य (निर्मोही अखाड़ा के प्रतिनिधि), **निर्मल यादव:** नई महिला ट्रस्टी (शिकोहाबाद), **मदन मोहन पांडे:** नए ट्रस्टी (अयोध्या के वरिष्ठ अधिवक्ता), **महेश भागचंदका:** नए ट्रस्टी (दिल्ली)।

**पदेन व सरकारी सदस्य**

**नृपेंद्र मिश्रा:** अध्यक्ष, मंदिर निर्माण समिति, **प्रशांत लोखंडे:** केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, **संजय प्रसाद:** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि, **शशांक त्रिपाठी:** जिलाधिकारी अयोध्या।

राम मंदिर के निर्माण के साथ अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में मंदिर की दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, कर्मचारी प्रबंधन, श्रद्धालु सुविधाओं, वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों और केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय जैसी जिम्मेदारियां और

**फाइटर पायलट से पहले सीईओ तक का सफर**

देवरिया के भाटपाररानी क्षेत्र के भोपतपुरा गांव निवासी एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ने छह दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। उन्होंने अपने करियर में 18 से अधिक प्रकार के विमानों पर तीन हजार घंटे से ज्यादा उड़ान भरी। पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख समेत एकीकृत रक्षा स्टाफ में उप प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

वायुसेना में 43 साल देश के सेवा के बाद इसे भगवान राम की कृपा मानता हूं कि मुझे श्रीराम मंदिर और रामभक्तों की सेवा करने का अवसर मिला है।
-एयर मार्शल (रि.) जितेंद्र मिश्रा
सीईओ, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट

बढ़ेंगी। सीईओ इन सभी व्यवस्थाओं के बीच प्रमुख प्रशासनिक कड़ी की भूमिका निभाएंगे। सैन्य सेवा से आए जितेंद्र मिश्रा के लंबे नेतृत्व अनुभव को ट्रस्ट के इस फैसले की सबसे बड़ी खासियत माना जा रहा है।

# एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज में छात्रों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

- दो सदस्यीय टीम दिखाएगी ज्ञान और तार्किक क्षमता
- क्षेत्रीय विजेताओं पर नकद पुरस्कारों की बारिश




**समृद्धि न्यूज़, अंबेडकरनगर।**

इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के छात्रों की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच देने के लिए एनटीपीसी ने की घोषणा की है। एनटीपीसी टांडा और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थी भी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी ज्ञान, तार्किक क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रतियोगिता का क्षेत्रीय दौर पांच सितंबर से शुरू होगा। लखनऊ में होने वाले पहले क्षेत्रीय दौर के साथ देश के नौ शहरों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस वर्ष क्विज का आयोजन लखनऊ, पटना, रांची, रायपुर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और नोएडा में होगा। क्षेत्रीय चरण पांच सितंबर से पांच अक्टूबर तक चलेंगे। प्रतियोगिता में दो छात्रों की टीम भाग लेगी और क्विज का विषय 'द वर्ल्ड ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट' रखा गया है। प्रतियोगिता के जरिए विद्यार्थियों को ज्ञान परखने के साथ ही तार्किक सोच, त्वरित निर्णय और विश्लेषणात्मक क्षमता को निखारने का अवसर मिलेगा। क्षेत्रीय चरण में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को 60 हजार, द्वितीय को 40 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। चौथे से छठे स्थान तक रहने वाली टीमों को आठ-आठ हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार मिलेगा। क्षेत्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमें राष्ट्रीय चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रत्येक क्षेत्र से शीर्ष दो टीमें राष्ट्रीय सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। तीन राष्ट्रीय सेमीफाइनल के बाद प्रत्येक सेमीफाइनल से दो-दो टीमें ग्रैंड फिनाले के लिए जगह बनाएंगी। राष्ट्रीय सेमीफाइनल सात अक्टूबर और ग्रैंड फिनाले आठ अक्टूबर 2026 को एनटीपीसी के पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में आयोजित होंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीम को एक लाख रुपये, उपविजेता को 60 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 40 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। चौथे, पांचवें और छठे स्थान की टीमों को 16-16 हजार रुपये तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल अन्य 12 टीमों को आठ-आठ हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। एनटीपीसी वर्ष 2004 से इलेक्ट्रॉन क्विज का आयोजन कर रही है। दो दशक से अधिक समय में यह प्रतियोगिता एनटीपीसी के प्रमुख छात्र-केंद्रित आयोजनों में शामिल हो चुकी है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सीखने की ललक, बौद्धिक क्षमता और ज्ञान के प्रति जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। एनटीपीसी भारत सरकार की महारत्न कंपनी और देश की प्रमुख एकीकृत ऊर्जा कंपनियों में से एक है।

# अवैध पटाखों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 520 किलो पटाखे बरामद

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**



कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 520 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, चूड़ी मार्केट टेढ़ी बाजार निवासी सगीर अहमद उर्फ मुसई के मकान से छह बोरियों में 120 किलोग्राम तथा गोबिन्दबाग निवासी मो. रईस के मकान से 14 बोरियों में 400 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए। दोनों आरोपी घनी आबादी वाले क्षेत्र में बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण और बिक्री कर रहे थे। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत अलग-अलग अभियोग दर्ज किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दीपावली के दौरान अस्थायी दुकान लगाकर तथा विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों में पटाखे बेचते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह के पर्यवेक्षण में कोतवाली नगर पुलिस टीमों ने की।

## खबरें एक नजर में

### बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

**बलरामपुर।** बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बलरामपुर में टीकाकरण शिविर लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं के पंजीकरण, टीकाकरण प्रक्रिया और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बरती जा रही सावधानियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा उन्हें टीके के महत्व की जानकारी देने के निर्देश दिए। डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि यह टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बालिकाओं और अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक कर भ्रांतियों को दूर करना जरूरी है। शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने बालिकाओं को टीकाकरण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. जावेद अख्तर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चंद्र श्रीवास्तव, एएनएम वंदना कुशवाहा सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### वित्तीय साक्षरता से विद्यार्थियों को किया जागरूक

**बलरामपुर।** एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में वित्तीय साक्षरता एवं कैरियर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में आदर्श कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को बचत, निवेश, चक्रवृद्धि ब्याज, म्यूचुअल फंड, प्रतिभूति बाजार तथा निवेश में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को प्रतिभूति बाजार में कैरियर के अवसरों, निवेशक सुरक्षा और शिकायत निवारण व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने वित्तीय साक्षरता को विद्यार्थियों के लिए आवश्यक बताते हुए जागरूक एवं जिम्मेदार वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मो. अकमल ने किया, जबकि डॉ. शिव महेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

### किशोरी के साथ दूसरे संप्रदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कस्बा हैदरगढ़ के एक मोहल्ले में मंगलवार की देर रात घर के बाहर टहल रही दलित किशोरी को दूसरे संप्रदाय का एक युवक बहला फुसलाकर कर घर से थोड़ी दूर ले गया। युवक ने जबरन उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। पीड़िता के विरोध करने पर उसकी पिटाई कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। पीड़ित किशोरी की मां ने देर रात कोतवाली पहुंच कर पुलिस को अपनी को व्यथा बताई।बताया कि रात में खाना खाने के बाद उसकी 15 वर्षीय बेटी घर के बाहर टहल रही थी।दूसरे संप्रदाय के युवक समीर ने उसे बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले जाकर जबरन दुष्कर्म कर उसे बुरी तरह मारा पीटा। पुलिस ने पीड़िता को इलाज व मेडिकोलीगल के लिए सीएचसी भेजकर आरोपी युवक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

### जिले में 499 वाहनों के चालान, 7.37 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**बहराइच।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यातायात पुलिस और नागरिक पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। अभियान में कुल 499 वाहनों के चालान किए गए और इन पर 7 लाख 37 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने खास तौर पर दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की। तीन सवारी बैठाकर दोपहिया वाहन चलाने के 29 चालान किए गए। वहीं, तय गति सीमा से तेज रफ्तार में वाहन चलाने पर 100 चालान हुए। पुलिस ने हाईवे पर यातायात में रुकावट बनने वाले खड़े वाहनों पर भी एक्शन लिया। अभियान के तहत हाईवे से ऐसे वाहनों को हटवाया गया। संबंधित वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों के हिसाब से कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाएं और तय गति सीमा में ही गाड़ी चलाएं। पुलिस ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी।

### महसी में बिजली कटौती से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**बहराइच।** महसी इलाके में बिजली की खराब सप्लाई को लेकर बुधवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लगातार बिजली कटौती और अनियमित सप्लाई से परेशान लोगों ने आदर्श शुक्ला की अगुवाई में बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने महसी पावर हाउस से तहसील के बिजली सब-स्टेशन तक पैदल मार्च निकाला और बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर जमकर नारे लगाए। पैदल मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के अफसरों से इलाके की बिजली सप्लाई ठीक करने की मांग की। उनका कहना था कि महसी इलाके में बिजली की दिक्कत लंबे समय से है। अनियमित सप्लाई के कारण लोगों को तेज गर्मी में दिक्कत हो रही है। घर के कामों के साथ ही दुकानदारों और छोटे कारोबारियों का काम भी असर पड़ रहा है। तहसील पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने महसी के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इलाके में नियमित और पूरी बिजली सप्लाई देने और बिजली कटौती की समस्या को जल्द खत्म करने की मांग की गई।

# पानी में डूबा खड़ंजा, ग्रामीणों की राह बनी मुसीबत

**समृद्धि न्यूज़, विशेश्वरगंज, बहराइच।**



विशेश्वरगंज क्षेत्र में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते बिशेश्वरगंज-इकौना मार्ग से ठाकुर पुरवा को जोड़ने वाला खड़ंजा मार्ग इन दिनों पूरी तरह जलमग्न है। मार्ग पर घुटनों तक पानी भरने से ग्रामीणों और राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना पानी से भरे रास्ते से होकर विद्यालय जाना पड़ता है। पुरैना बाजार और रोहनी भारी ग्राम पंचायत को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से बाजार पहुंचते हैं, जबकि छात्र-छात्राएं पुरैना स्थित विद्यालयों में पढ़ने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। जलभराव के कारण खड़ंजे की स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे राहगीरों को हर कदम पर गिरने और चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते की हालत पहले से ही खराब थी और जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से समस्या और गंभीर हो गई है। मार्ग की मरम्मत और पानी निकासी के लिए कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीण ज्ञानेंद्र, मनोज, अमन, पवन, सुमित, सुरेश और ननके सहित अन्य लोगों ने बताया कि खड़ंजे की खराब हालत और जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। शिकायतों के बावजूद समाधान न होने से ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत कराने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# आउटसोर्स कर्मियों की सुरक्षा व सुविधाओं के लिए नई व्यवस्था शुरू

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

प्रदेश में आउटसोर्स कार्मिकों की भर्ती, सेवा प्रबंधन एवं हितों को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बलरामपुर के एम.एल.के. पीजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम में विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिक मौजूद रहे। नई व्यवस्था के माध्यम से आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति, उपस्थिति, अवकाश, शिकायत निवारण तथा वेतन संबंधी व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाएगा। कर्मियों को समय से वेतन के साथ कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा तथा अन्य निर्धारित कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि नई व्यवस्था से आउटसोर्स एजेंसियों की मनमानी पर अंकुश लगेगा और वेतन कटौती जैसी समस्याओं में कमी आएगी। विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने इसे आउटसोर्स कर्मियों की सुरक्षा और सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## बाढ़ ने दी दस्तक, खेतों में भी भरा पानी आवागमन पर असर

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** मोतीपुर तहसील के सुजौली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जंगल गुलरिहा में बाढ़ का खतरा फिर से बढ़ गया है। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश और नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज पर जलस्तर बढ़ रहा है। इसका असर घाघरा नदी से लगे निचले इलाकों में दिख रहा है। घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से जंगल गुलरिहा से धर्मपुर रेतिया, रामपुर रेतिया और संपत्तपुरवा जाने वाले मुख्य मार्ग 418 पर बाढ़ का पानी बहने लगा है। सड़क पर पानी आने से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। दोपहिया और छोटे वाहन चालकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, बाढ़ का पानी अब खेतों तक पहुंच गया है। लगातार जलस्तर बढ़ने से पानी गांव की आबादी वाले इलाकों की ओर बढ़ सकता है। इससे लोगों को अपने घरों में पानी घुसने की चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर घाघरा का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा, तो आने वाले समय में हालात गंभीर हो सकते हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीण परशुराम, सत्या निषाद, राजेंद्र, डब्लू, बालकराम, अवधेश, अंजनी और देवेंद्र समेत कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में बाढ़ का संकट फिर गहरा रहा है। मुख्य सड़क पर पानी आने के साथ ही खेत पानी में डूबने लगे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से हालात पर लगातार नजर रखने और जरूरत पड़ने पर राहत और बचाव के इंतजाम करने की मांग की है। ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि अभी पानी सिर्फ सड़क और खेतों तक पहुंचा है।

लेकिन, अगर घाघरा नदी का जलस्तर और बढ़ा तो पानी घरों में घुस सकता है। ऐसे में प्रशासन को समय रहते निगरानी और जरूरी इंतजाम करने चाहिए।

# एचआईवी जागरूकता के लिए विभाग बनाएंगे साझा एक्शन प्लान



- 2 माह में 12 प्रमुख गतिविधियों के जरिए चलेगा सघन अभियान
- सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर्स बैठक

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों, कलंक और भेदभाव को दूर करने के लिए अब विभिन्न विभाग मिलकर सघन जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए आगामी दो माह की साझा कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान के तहत जिले में 12 प्रमुख जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उप्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (यूपीसैक्स), लखनऊ के तत्वावधान में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर्स एडवोकेसी एवं तैयारी बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान की गतिविधियों और लक्षित समूहों तक पहुंच बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

# महिला आयोग ने लिया सुरक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने बुधवार को जनपद भ्रमण के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से संवाद करने के साथ जिला महिला चिकित्सालय, वृद्धाश्रम और एकीकृत सहायता केंद्र का निरीक्षण किया। विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कर 15 शिकायतें सुनीं और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। सिटी मॉन्टेसरी कॉलेज, विशुनीपुर, भगवतीगंज में छात्राओं से संवाद करते हुए चारू चौधरी ने शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। जिला महिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने भर्ती गर्भवती महिलाओं और मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। नवजात शिशुओं की माताओं को शिशु देखभाल किट वितरित की। उन्होंने चिकित्सालय में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति का जायजा लेते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

विकास भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई में 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। आयोग की उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए। वृद्धाश्रम में उन्होंने वरिष्ठजनों से संवाद कर भोजन, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

एकीकृत सहायता केंद्र के निरीक्षण में पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता की समीक्षा की और त्वरित सहायता एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन शासन की प्राथमिकता है।

# मनाई गई पेरियार ललई सिंह यादव जयंती

- महापुरुष के जीवन-संघर्ष को किया गया प्रस्तुत
- 151 साधु-संतों का हुआ सम्मान

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



सिद्धौर विकासखंड की ग्राम पंचायत उसमानपुर स्थित हनक बुद्ध विहार एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में महापुरुष पेरियार ललई सिंह यादव जयंती समारोह एवं मेला श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में आयोजित किया गया।

बारिश के बावजूद समारोह में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्ध अनुयायी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। समारोह में संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध हरीप्रसाद नाटक म्यूजिक एंड डांस पार्टी, बाराबंकी द्वारा 'महापुरुष पेरियार ललई सिंह यादव–जीवन एवं संघर्ष' विषय पर नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों ने पेरियार ललई सिंह यादव के सामाजिक संघर्ष, शोषण और अंधविश्वास के विरुद्ध उनके आंदोलन तथा सामाजिक जागरूकता के प्रयासों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के विभिन्न दृश्यों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में आकाशवाणी, दूरदर्शन, संस्कृति विभाग एवं राज्य मद्यनिषेध विभाग, उत्तर प्रदेश से जुड़े लोकगायक सोनेलाल एवं साथियों ने पेरियार ललई सिंह यादव के जीवन, विचारों और संघर्ष पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किए।

# जनपद स्तरीय अंडर-17 वालीबॉल प्रतियोगिता को बदोसराय टीम ने जीता

**समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**

जनता इंटर कॉलेज बदोसराय में जनपद स्तरीय अंडर-17 बालक वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई। इसमें बदोसराय की टीम ने जैदपुर को 2-0 से हराकर खिताब जीता।बुधवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार यादव, ग्राम प्रधान निसार मेहंदी और सपा नेता आदिल काजमी ने मिलकर किया। उन्होंने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय लिया और सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहाकि खेल में हार-जीत लगी रहती है।जीतने वाली टीम की मजबूती दिखती है, जबकि हारने वाली टीम को अपनी कमियों में सुधार करना चाहिए। जो अपनी कमियों को सुधारता है,वह एक दिन जरूर जीतता है। हार से निराश नही होना चाहिए।इस प्रतियोगिता में जिले के अलग-अलग स्कूलों की चार टीमों ने हिस्सा लिया।सभी टीमो के बीच रोमांचक मैच हुए। फाइनल मुकाबला मेजबान जनता इंटर कॉलेज बदोसराय और नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज जैदपुर के बीच खेला गया।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र मोहम्मद आमिर को उनके गलत आचरण व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा, मेरी पत्नी शकीला एवं मेरी पुत्री उम्मे हबीबा का मोहम्मद आमिर के किसी भी कृत्य से कोई वास्ता व सरोकार नही है। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**मोहर्रम अली पुत्र गफ़ूर
शकीला पत्नी मोहर्रम अली
निवासी-ग्राम त्रिवेदीगंज परगना व तहसील हैदरगढ़, बाराबंकी।**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे इण्डियन बैंक शाखा गैण्डास बुजुर्ग के ज्वाइन्ट खाते में मातुन निशा के स्थान पर शफीकुन्निशां लिख गया है मुझे इन्ही दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है, पैन, आधार व खतौनी में मेरा नाम मातुन निशा लिखा है।

**प्रार्थिनी
मातुन निशा उर्फ शफीकुन्निशां,
निवासिनी ग्राम बैदौला, परगना व तहसील-उतरौला, जिला-बलरामपुर।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 236678513 में मेरा नाम मकरंद कुमार वर्मा पुत्र नन्हू अंकित है।जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में उदय राज वर्मा लिखा है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में उदय राज वर्मा अंकित किया जाए।

**मकरंद कुमार वर्मा उर्फ़ उदय राज वर्मा पुत्र नन्हू ग्राम सिरौली पोस्ट नंदवल जिला बहराइच**

# हैदरगढ़ मिल परिसर में कृषक गोष्ठी व कृषि यंत्र प्रदर्शनी का आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



**बलरामपुर** चीनी मिल्स लि0, इकाई-हैदरगढ़ परिसर में शरदकालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने हेतु कृषक संगोष्ठी एवं कृषि यंत्र प्रर्दशनी का अयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी, बाराबंकी/रायबरेली डा0 दुष्यंत कुमार, संयुक्त मजिस्ट्रेट, बाराबंकी, विद्यांशु शेखर झा, (बौद्ध एवं गन्ना शोध संस्थान, शॉहजहॉपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (प्रजनन) डा0 अरविन्द कुमार, चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक, बी0के0 यादव, उप महाप्रबन्धक (गन्ना) धर्मेश मेहरोत्रा सहित भारी संख्या में क्षेत्र के प्रगतिशील गन्ना कृषकों ने प्रतिभाग किया।

उक्त अवसर पर मुख्य महाप्रबन्धक बी0 के0 यादव ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए गन्ना खेती में हो रहे नवाचार की विस्तृत चर्चा की तथा वर्तमान में गन्ना खेती में मजूदरों की बढ़ती निर्भरता, लागत को मद्देनजर रखते हुये गन्ना खेती में मशीनीकरण को अपनाने की सलाह दी। गन्ना कटाई एवं छिलाई में आ रही समस्याओं का संज्ञान लेते हुये इस पेराई सत्र में मैकेनिकल केन हार्वेस्टर से गन्ना कटाई एवं छिलाई कराना प्रारम्भ कराये जाने की बात कहीं तथा इसके सफल प्रयोग के उपरान्त मिल क्षेत्र में आवश्यकतानुसार और हार्वेस्टर लाने के प्लान पर चर्चा की, जिससे कृषकों की मजदूरों पर निर्भरता कम होगी तथा उत्पादन लागत कम होगी। एक साथ सम्पूर्ण प्लाट की कटाई हो जाने से पेड़ी प्रबन्धन में सुगमता होगी।

गन्ना विभाग प्रमुख धर्मेश मेहरोत्रा जी ने शरदकालीन गन्ना बुवाई के दौरान किसानों को चीनी मिल की ओर से दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानो को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक दवाओं की उपलब्धता, समय पर तकनीकी मार्गदर्शन तथा बुवाई हेतु आवश्यक संसाधन सुगमता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे किसान अधिक से अधिक क्षेत्रफल में शरदकालीन गन्ने की बुवाई कर सकें एवं भविष्य में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। जिला गन्ना अधिकारी डॉ0 दुष्यंत कुमार जी ने गन्ना किसानों को गन्ना विभाग की ओर से दी जा रही विभिन्न सुविधाओं यथा अनुदान योजनाएं, तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक क्षेत्रफल में शरदकालीन गन्ना बुवाई करें, जिससे भविष्य में गन्ने की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने किसानों से चीनी मिल द्वारा किए जा रहे त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान एवं अन्य सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता दीपक कुमार श्रीवास्तव के नाम से एलआईसी पॉलिसी संख्या 218166662 आपकी शाखा में चल रही है। जिसमें नॉमिनी में मेरा नाम काजल श्रीवास्तव लिखा गया था जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम विशाखा श्रीवास्तव है यह दोनों नाम मेरे ही है इसलिए उपरोक्त पॉलिसी संख्या में मेरा नाम विशाखा श्रीवास्तव अंकित किया जाए।


**काजल श्रीवास्तव उर्फ़ विशाखा श्रीवास्तव पुत्री दीपक कुमार श्रीवास्तव ग्राम टिकुरि पोस्ट मुरव्वा बाजार बहराइच
मो. 9336240678**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 276708040 में मेरा नाम अशोक कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पास में पट्टर पुत्र दुर्गा प्रसाद अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में पट्टर अंकित किया जाए।

**अशोक कुमार उर्फ़ पट्टर, पुत्र दुर्गा प्रसाद, ग्राम व पोस्ट कथरा माफ़ी, जनपद-श्रावस्ती उ.प्र.।**





# प्रदेश में स्वाइन फ्लू की जांच फ्री : योगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) की जांच सभी जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी, मेडिकल कॉलेजों सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा है कि अधिक मामलों वाले जिलों में निगरानी और उपचार व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा अस्पतालों में दवा, जांच और आइसोलेशन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहे। गंभीर मरीजों के लिए अलग आईसीयू वार्ड तैयार किए जाएं।



- मरीजों के लिए होगा अलग आईसीयू वार्ड
- प्राइवेट पैथोलॉजी 3000 रुपये में करेंगी जांच

सीएम ने एच1एन1 की रोकथाम और उपचार के संबंध में विस्तृत गाइडलाइन जारी करने तथा टेलिकन्सल्टेशन व्यवस्था को प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए।

बुधवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की उपस्थिति में प्रदेश में इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) एवं सीजनल इन्फ्लुएंजा की स्थिति की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि मरीजों की समय से पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जाए। जहां भी मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, वहां निगरानी बढ़ाने के साथ तत्काल आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं की जाएं। निजी चिकित्सा संस्थानों द्वारा जांच के लिए पूर्व में निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क न लिया जाए, यह भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य लक्षण वाले मरीजों को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार घर पर आराम और सेल्फ आइसोलेशन की सलाह दी जाए, जबकि गंभीर मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बच्चों, गर्भवती महिलाओं, 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि लखनऊ सीएमओ ने प्राइवेट जांच 3000 रु. में करने के निर्देश दिये हैं।

### स्वाइन फ्लू के चार नए मरीज मिले

शहर में स्वाइन फ्लू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को चार नए मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई। इनमें से दो मरीजों की जांच एसपीजीआई, एक की लोहिया संस्थान और एक की निजी लैब में हुई है। जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। नए मरीजों को सर्दी-जुकाम, बुखार और सांस लेने में तकलीफ थी। डॉक्टरों की सलाह पर एच1एन1 की जांच कराई गई। आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद संक्रमण की पुष्टि हुई।

# मथुरा-वृंदावन बस सेवा सुदृढ़ करने के निर्देश

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं की राह होगी सुगम और सुरक्षित

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने चार सितंबर को मनाए जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मद्देनजर बसों और बस स्टेशनों पर सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा, लीला स्थली वृंदावन और प्रमुख धार्मिक स्थल गोवर्धन में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचेंगे है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन आदि प्रमुख धार्मिक स्थलों में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यक सतर्कता बरती जाए। बसों के संचालन के साथ-साथ बस स्टेशनों पर भी विशेष निगरानी रखी जाए। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने सभी क्षेत्रीय और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को सर्तक रहने के लिए कहा है। अधिकारियों से कहा गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों के बस स्टेशनों, प्रमुख बस अड्डों और धार्मिक स्थलों को जाने वाले मार्गों पर संचालित बसों में विशेष सतर्कता बरतें। साथ ही बसों एवं बस स्टेशनों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की प्रभावी निगरानी, चेकिंग करने के लिए कहा गया है।

## खबरें एक नजर में

### कस्तूरबा विद्यालयों के कायाकल्प के लिए धन जारी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बेटियों की शिक्षा को मजबूत आधार देने की दिशा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को नई ताकत देने का बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 101.49 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर इन विद्यालयों में आवासीय क्षमता, स्वच्छता और सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं के विस्तार का रास्ता साफ किया गया है। अतिरिक्त डॉरमेट्री से लेकर जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण, टॉयलेट ब्लॉक, गार्ड रूम, सेप्टिक टैंक और बाउंड्री वॉल तक के छह प्रमुख निर्माण कार्यों के जरिए इन विद्यालयों को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त आवासीय शिक्षा केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी के निर्देशों के क्रम में आगे बढ़ाई गई प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। स्वीकृत लागत के सापेक्ष निर्धारित धनराशि अवमुक्त कर निर्माण कार्यों को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### हज यात्रियों की दो चरणों में होगी मेडिकल स्क्रीनिंग

**लखनऊ।** हज-2027 के चयनित यात्रियों की दो चरणों में मेडिकल स्क्रीनिंग होगी। हज जाने वाले यात्रियों को 15 सितम्बर तक मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेख वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा हज-2027 के चयनित हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रथम चरण के चयन के उपरान्त तथा द्वितीय चरण की मेडिकल स्क्रीनिंग हज यात्रा की उड़ान से पूर्व कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव मोहम्मद तारिक ने बताया कि चयनित हज यात्रियों को मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र, अग्रिम जमा धनराशि की रसीद तथा अन्य आवश्यक अभिलेख हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट पर 15 सितम्बर, 2026 तक अपलोड करना अनिवार्य होगा। हज यात्रियों को सलाह दी गई है कि प्रथम चरण की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद प्रमाण पत्र एवं जांच रिपोर्ट अपने पास सुरक्षित रखें, ताकि द्वितीय चरण की मेडिकल जांच के समय इन्हें प्रस्तुत किया जा सके।

### बंद कमरे में किरायेदार का शव मिलने से हड़कंप

**लखनऊ।** राजधानी के आलमबाग में बुधवार दोपहर बंद कमरे में किरायेदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। कमरे से दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर तख्त पर करीब 36 वर्षीय राजू का शव पड़ा मिला। पूरा मामला मवैया का है। मकान मालिक अजय कुमार पुत्र स्वर्गीय नवमी लाल ने पुलिस को बताया कि राजू पुत्र गंगाराम पिछले करीब 10 वर्षों से उनके मकान में अकेले किराए पर रह रहा था। राजू मवैया चौराहे स्थित एक दुकान में काम करता था। अजय के मुताबिक, बुधवार को राजू के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और अंदर से तेज दुर्गंध आ रही थी। सूचना पर उपनिरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा खुलवाने पर तख्त पर राजू का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हत्या के आरोपी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के पुरसेनी गांव में बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पर 24 साल के युवक का शव मिला। उसकी पहचान गोपालखेड़ा निवासी सचिन कश्यप के रूप में हुई। शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई। उनका कहना था कि युवक की हत्या के बाद शव रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। हालांकि, पुलिस की शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस के मुताबिक, सचिन 2023 में गांव के अमन की पीटकर हत्या के मामले में आरोपी था। वह मंगलवार शाम से लापता था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में खोजबीन की, लेकिन सचिन का कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह पुरसेनी के पास रेलवे ट्रैक पर सचिन का शव पड़ा मिला। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। पुलिस मंगलवार शाम से युवक के लापता होने से लेकर शव मिलने तक की पूरी घटना की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि अभी तक किसी व्यक्ति के खिलाफकोई शिकायत या आरोप सामने नहीं आया है। शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फ्लाइट में सिगरेट जलाने वाला हिरासत में

**लखनऊ।** अबू धाबी से लखनऊ आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट में एक यात्री ने सिगरेट जला दी। विमान की महिला क्रू मेंबर ने उसे तुरंत रोक दिया। लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरते ही सीआईएसएफ ने उसे हिरासत में ले लिया और बाद में सरोजनीनगर पुलिस को सौंप दिया। आजमगढ़ के सरायमीर थाने के सिरवान निवासी अब्दुल अजीज अबू धाबी में मजदूरी करते हैं। वह अबू धाबी से रात 1.25 बजे रवाना होकर सुबह 7 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 1416) से अबू धाबी से लखनऊ आ रहे थे। यह विमान बुधवार को सुबह 8.25 बजे लखनऊ पहुंचा। रास्ते में अब्दुल अजीज ने अपनी सीट पर ही सिगरेट जलाने की कोशिश की थी।

# महिला-नवजात स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने तथा महिलाओं और नवजात शिशुओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

लखनऊ में बुधवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'सुमन रोडमैप-2030' के अंतर्गत दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य नेतृत्व का एक साथ आना केवल एक कार्यशाला नहीं, बल्कि माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में साझा संकल्प है।




- जनस्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में जुटी सरकार
- हर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर : ब्रजेश पाठक

उन्होंने कहा कि कार्यशाला में विभिन्न राज्यों द्वारा मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया जा रहा है। इससे राज्यों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ एवं नवजात मृत्यु को रोकना केवल स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इसके पीछे प्रत्येक मां, नवजात शिशु और परिवार का जीवन जुड़ा हुआ है। सुरक्षित प्रसव के साथ-साथ गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल, प्रसव के बाद नवजात और माताओं की निगरानी तथा समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

### बसपा प्रमुख मायावती आज करेंगी बैठक



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में तीन सितंबर (गुरुवार) को एक बड़ी बैठक बुलाई है। बुधवार को पार्टी कार्यालय से जारी पत्र के आधार पर यह बैठक पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होगी। इस बैठक में बसपा आल इण्डिया के सभी वरिष्ठ अधिकारी-पदाधिकारियों एवं विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष और को-आर्डिनेटर शामिल होंगे। बसपा प्रमुख इस बैठक में पिछली बैठकों में जो कार्य पदाधिकारियों को सौंपे थे उसकी समीक्षा की करेंगी। इस बैठक में सभी को समय से पहुंचने के निर्देश दिये गए हैं।




### केशव प्रसाद मौर्य से मिला जर्मनी का प्रतिनिधिमंडल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को राजधानी लखनऊ स्थित अपने कैंप कार्यालय पर जर्मनी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तर प्रदेश और जर्मनी के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से निवेश, नवाचार (इनोवेशन), कौशल विकास और औद्योगिक सहयोग की नई संभावनाओं पर सार्थक बातचीत की गई। ताकि प्रदेश में विकास और रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें। इस अवसर पर जर्मनी के राउनहेम शहर के महापौर डेविड रेंडल, इनोवेशन हब राइनमेन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टीफन विट्टेकाइंड, जर्मन इंडियन बिजनेस अलायंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निर्मल रमन और जर्मन इंडियन बिजनेस अलायंस के अध्यक्ष सेल्वाकुमार पेरियासामी सहित कई अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 69000 शिक्षक भर्ती : आरक्षित अभ्यर्थियों को पुलिस ने रोका




- विधानसभा घेराव की थी योजना
- सड़क के किनारे बैठकर की नारेबाजी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाला मामले को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने बुधवार को लखनऊ केकेसी स्थिति दीनदयाल उपाध्याय पार्क से विधानसभा घेराव के लिए निकले थे रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोक लिया। अभ्यर्थियों ने सड़क के किनारे बैठकर नारेबाजी की। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और अभ्यर्थियों को बस में भरकर धरना स्थल इको गार्डन भेज दिया। मुख्य रूप से अभ्यर्थियों की मांग है कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से कराई जाए।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। आरोप है कि जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच ने एक फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया था। लेकिन कुछ सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गये तब से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। 8 सितंबर को इस प्रकरण पर सुनवाई होनी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार ने 69000 शिक्षक भर्ती मैं हुई विसंगति को सुधार करते हुए 6800 की एक लिस्ट दी थी लेकिन उसनमें शामिल अभ्यर्थियों को अभी तक नौकरी नहीं मिल सकी। इसी बात को लेकर अभ्यर्थी धरनाप्रदर्शन कर रहे हैं उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार 6800 सूची में शामिल अभ्यर्थियों का बचाव करें और उन्हें नियुक्ति दिलाए। प्रदर्शन करने वालों में अवनीश यादव, यशवंत यादव, विक्रम यादव, अमित मौर्य, भोला अंबेडकर आदि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल रहे।

# बेटियों ने तोड़ी रूढ़ियां, रचा प्रतिभा का इतिहास

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उड़ान 2026 - युवा महोत्सव का समापन

विज्ञान फाउंडेशन एवं खुन खुन जी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, चौक, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो-दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 'उड़ान 2026' का आज भव्य समापन हुआ। 'युवा शक्ति' की थीम पर आधारित इस आयोजन में लखनऊ के 10 महाविद्यालयों तथा प्रदेश के 5 जिलों से आई लगभग 400 किशोरियों एवं युवतियों ने खेल, कला और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। लगातार हो रही बारिश भी उनके जोश और जज्बे को कम नहीं कर सकी। यह मंच बेटियों द्वारा, बेटियों के लिए तैयार किया गया जहाँ सीखने, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प ने सामाजिक एवं लैंगिक रूढ़ियों को चुनौती दी।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक उत्कर्ष अग्रवाल ने की। इस अवसर पर डॉ. बबिता सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा, प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता है; आवश्यकता केवल उसे सही दिशा देने की है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने तथा उत्तर प्रदेश सरकार की महिला-केन्द्रित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएँ आगे बढ़ रही हैं और ऐसे आयोजन समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने का सशक्त माध्यम हैं।

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने विफा के किशोरी-हितैषी कार्यों की सराहना की तथा कॉलेज को ऐसे मंच निरंतर देने के लिए धन्यवाद दिया। प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने अतिथियों, प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल तथा शिक्षिकाओं-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### चौक रकाबगंज में जाम से लोग हलकान



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** वजीरगंज व चौक कोतवाली क्षेत्र रकाबगंज चौराहे पर लगा भीषण जाम। इस जाम की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रकाबगंज चौराहे से मेडिकल कालेज, नक्खास, चारबाग, अमीनाबाद रोडो पर वाहनों की लगी लम्बी लम्बी लाइन, पैदल चलना हुआ दुश्वार हो गया था। इसे दुरुस्त करने के लिए मात्र एक दरोगा व सिपाही लगे थे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन दर्शन व नैतिकता : सोढ़ी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उ.प्र. पंजाबी अकादमी, लखनऊ एवं हिन्दी विभाग, नेशनल पीजी कॉलेज, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में पंजाबी भाषा एवं साहित्य के प्रचार-प्रसार के अनुक्रम में बुधवार को ऑडिटोरियम, नेशनल राणा प्रताप मार्ग में पंजाबी एवं हिन्दी साहित्य में भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढी- भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व की प्राचीनतम और समृद्ध ज्ञान परम्पराओं में से एक है। इसमें केवल आध्यात्मिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन,




नैतिकता, संस्कृति, प्रकृति, समाज और मानव कल्याण से जुड़े विचार भी शामिल हैं। हिन्दी और पंजाबी साहित्य ने इस परम्परा को अपनी भाषा और लोकसंस्कृति के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया है। देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी साहित्य में भारतीय ज्ञान परम्परा का स्वरूप अत्यंत व्यापक है। रनदीप कौर ने कहा कि पंजाबी साहित्य में भारतीय ज्ञान परम्परा का अत्यंत प्रभावशाली स्वरूप गुरु नानक देव जी की वाणी में दिखाई देता है। उन्होंने एक ईश्वर, मानव समानता, सत्य, श्रम, सेवा और परोपकार का संदेश दिया। रवनीत कौर ने कहा कि हिन्दी और पंजाबी साहित्य अलग-अलग भाषाओं की साहित्यिक परम्पराएँ होते हुए भी भारतीय संस्कृति के समान मूल्यों से जुड़े हैं। दोनों साहित्य में भक्ति, प्रेम, करुणा, त्याग, सेवा और सामाजिक समानता जैसे विषय प्रमुखता से दिखाई देते हैं। इनकी रचनाएँ भारतीय समाज में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करती हैं।

# अपनी जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे अफजाल

- कोर्ट के आदेश पर कब्जा हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

हजरतगंज क्षेत्र के डालीबाग स्थित विवादित संपत्ति पर कानूनी कब्जा प्राप्त करने के लिए सांसद अफजाल अंसारी अपनी दोनों बेटियों के साथ मौके पर पहुंचे। अदालत से पक्ष में फैसला आने के बाद वे नगर निगम और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में संपत्ति का भौतिक कब्जा लेने पहुंचे। नगर निगम ने चार्ट प्रचार करने के बाद कोर्ट के आदेश के अनुसार अफजाल अंसारी को कब्जा दे दिया।

यह संपत्ति पूर्व में मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी के परिवार से जुड़ी होने के कारण कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रशासन के नियंत्रण में थी।



कोर्ट के ताजा आदेश के बाद नगर निगम की टीम ने कागजी और प्रशासनिक कार्रवाई पूरी कराते हुए कब्जा हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कब्जा प्राप्त करने के लिए सांसद अफजाल अंसारी अपनी दोनों बेटियों के साथ मौके पर पहुंचे थे।

बिल्डिंग का गेट पहले डालीबाग की ओर वाली सड़क की ओर था। अब यह गेट एलडीए की ओर से बनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना की बाउंड्री से बंद हो गया है। ऐसे में अब 1090 की ओर वाली बंधा वाली रोड की ओर से बिल्डिंग का कब्जा देने के लिए नगर निगम की टीम लगी हुई थी बाद में उनका कब्जा देकर कार्रवाई पूरी की गई।

**पहल** | दिव्यांग छात्राओं के सपनों को मिलेगी रफ्तार

# 40 प्रतिशत दिव्यांगता पर भी मिलेगी ई-ट्राइसाइकिल

- लाभार्थी की उम्र 16 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

योगी सरकार ने दिव्यांग छात्राओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, उनकी गतिशीलता बढ़ाने और शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों तक आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा बैटरी चालित ई-ट्राइसाइकिल वितरण योजना का विस्तार करते हुए 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाली पात्र अध्ययनरत छात्राओं को भी योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया है।

योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को अधिकतम 65,000 रुपये तक की बैटरी चालित ई-ट्राइसाइकिल निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्राओं के लिए घर से शिक्षण संस्थान तक आने-जाने में सुविधा होगी और आवागमन की बाधा को कम किया जा सकेगा।



योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाली पात्र अध्ययनरत छात्राएं लाभ प्राप्त कर सकेंगी। लाभार्थी छात्रा का किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत या प्रशिक्षणरत होना आवश्यक होगा। पात्रता का निर्धारण शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाएगा। छात्रा के पास निर्धारित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी कार्ड तथा योजना के लिए आवश्यक अन्य अभिलेख होना आवश्यक होगा। पात्रता के संबंध में निर्धारित मानकों के अनुसार दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारियों द्वारा पात्र छात्राओं का चिन्हांकन एवं सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पात्र छात्राओं को अधिकतम 65,000 रुपये तक की बैटरी चालित ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी की उम्र 16 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्राएं जनपद स्तर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अधिकारी या पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं।

योजना का उद्देश्य केवल आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि दिव्यांग छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनकी शिक्षा और प्रशिक्षण को निर्बाध बनाए रखना भी है। परिवहन की समस्या के कारण अनेक दिव्यांग छात्राओं को विद्यालय, महाविद्यालय अथवा प्रशिक्षण संस्थान तक नियमित रूप से पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कई बार आवागमन की समस्या उनकी शिक्षा में बाधा बन जाती है। ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध होने से ऐसी छात्राओं को नियमित रूप से शिक्षण संस्थान तक पहुंचने में सुविधा होगी और उनकी पढ़ाई जारी रखने के अवसर मजबूत होंगे।

### सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगा योजना का लाभ

योजना को प्रदेशव्यापी स्वरूप देते हुए सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को इसके दायरे में रखा गया है। योजना के तहत प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा सीट से 20-20 पात्र दिव्यांग छात्राओं का चयन होगा। विभिन्न जनपदों में चिन्हांकन एवं सत्यापन के बाद उन्हें निःशुल्क बैटरी चालित ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। इस तरह योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में कुल 8,060 ई-ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली पात्र दिव्यांग छात्राओं को भी आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके और वे अपनी शिक्षा एवं प्रशिक्षण को बिना किसी परिवहन संबंधी बाधा के जारी रख सकें।

# डीएम ने गर्रा नदी में बढ़ते हुए जलस्तर की दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों का किया निरीक्षण

- जिलाधिकारी ने आम जनमानस से सतर्क रहने की अपील की

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अतुल कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता सारदा नहर खण्ड सुनील भास्कर, सहायक अभियन्ता सारदा नहर खण्ड, सहायक अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व आपदा विषेशज्ञ के साथ गर्रा नदी में बढ़ते हुए जलस्तर के दृष्टिगत संवेदनसील स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मोहल्ला सुभाष नगर के निकट गर्रा नदी पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन पुल पर पहुँचकर बढ़ते जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने मौजमपुर पम्प कैनाल के पास डैम रोड का निरीक्षण किया ।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए कि डैम रोड के कल्वर्ट लोक निर्माण विभाग से अपनी देखरेख में अवश्य बंद करा दें, जिससे गर्रा नदी में जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ का पानी नगर की ओर न आ सके। उन्होंने अजीजगंज तटबंध के निकट कांशीराम कालोनी के नाले पर लगे गेट का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान समस्त अधिकारियों को बाढ़ सुरक्षा की दृष्टि



से सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने एडीएम को दो से तीन शरणालियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संभावित आने वाले बाढ़ के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड ने बताय कि पहाड़ी क्षेत्र में विगत 02 दिवस से हो रही भारी वर्षा के कारण गर्रा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़ा हुआ जलस्तर का प्रभाव जनपद शाहजहांपुर में 04 सितम्बर, 2026 को पहुँचने की सम्भावना है, जो कि 148.00 मी0 तक पहुँच सकता है। जिलाधिकारी ने सभी से अपील की है कि शारदा नहर खण्ड (सिंचाई विभाग) द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार, दिनांक 01.09.2026 को जनपद पीलीभीत में स्थित दियूनी बैराज से गर्रा नदी में रात्रि 11ः00 बजे 36801 क्यूसेक पानी पास हुआ है। इस पानी का प्रभाव शाहजहाँपुर शहर में अजीजगंज पुल पर 03 से 04 दिवस में आयेगा। इस पानी से मुख्यतः तहसील सदर एवं तहसील तिलहर का क्षेत्र प्रभावित होता है। अजीजगंज पुल पर गर्रा नदी का वर्तमान जलस्तर 146.10 मी0 है जिसमें लगभग 02 मीटर की वृद्धि होने की सम्भावना है, जो कि खतरे के निशान 148.80 मी0 से नीचे रहने का अनुमान है। वर्तमान में अजीजगंज पुल पर गर्रा नदी की प्रवृत्ति बढ़ने की है।।पहाड़ी क्षेत्रों एवं रामगंगा नदी के कैचमेन्ट में हुई वर्षा से जनपद शाहजहाँपुर के डबरी घाट पर आगामी 03 से 04 दिवस में नदी का जलस्तर लगभग 60 सेन्टीमीटर बढ़ने एवं खतरे के निशान 137.30 मी0 के निकट रहने का अनुमान है। इस पानी से जनपद शाहजहाँपुर में मुख्यतः तहसील परशुरामपुरी एवं कलान क्षेत्र प्रभावित होता है। वर्तमान में डबरी घाट पर रामगंगा नदी की प्रवृत्ति बढ़ने की है। गर्रा एवं रामगंगा नदी के नगरीय / तटीय / डूब क्षेत्र में रहने वाले जनमानस को सतर्क करते हुए कहा है कि नदियों का जलस्तर बढ़ने पर आवश्यक तैयारियों हेतु सम्बधित तहसीलें तत्पर रहें, आम जनमानस नदी किनारे न जाएँ- नदी के बहाव क्षेत्र, किनारों, घाटों अथवा अजीजगंज पुल के निचले हिस्सों में स्नान, पशुओं को नहलाने अथवा घूमने के उद्देश्य से बिल्कुल न जाएँ।

## 5 सितंबर को लगेगा निःशुल्क ऋण आवेदन कैंप

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ऋण योजनान्तर्गत इच्छुक लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने तथा निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कराने के उद्देश्य से दिनांक 05 सितंबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में निःशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ऋण योजना के संबंध में इच्छुक लाभार्थियों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन भी कराया जाएगा। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, शाहजहांपुर ने इच्छुक लाभार्थियों से अपील की है कि वे 05 सितंबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अपने स्मार्ट फोन एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन का लाभ उठाएं।

# गौतम मौर्य के पिता चंद्रपाल को विधायक ने सौंपा नियुक्ति पत्र

- समीर ने 31 जुलाई को गौतम मौर्या की चाकुओं से गोदकर कर दी थी हत्या

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

चर्चितकांड गौतम मौर्य की हत्या के बाद पीड़ित परिवार को बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर राहत मिली। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक अरविंद कुमार सिंह ने गौतम के पिता चंद्रपाल को नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति मिलने से परिवार को आर्थिक संबल मिलने की उम्मीद है।

नगर पंचायत कांट के मीटिंग हॉल में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान विधायक अरविंद कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नूरजहां, सभासद, सफाई मित्र और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आउटसोर्स कर्मियों के बढ़े पारिश्रमिक और उन्हें मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन वृद्धि के साथ ईपीएफ, ईएसआई, स्वास्थ्य, शिक्षा, बीमा, मातृत्व अवकाश और समय से पारिश्रमिक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसी कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गौतम मौर्य के पिता चंद्रपाल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

गौरतलब है कि कांट क्षेत्र में गौतम मौर्य की हत्या के मामले में समीर और उसके साथियों पर हत्या का आरोप है। घटना के बाद से परिवार न्याय के साथ आर्थिक मदद की भी उम्मीद कर रहा था। नियुक्ति पत्र मिलने से परिवार को नियमित आय का जरिया मिलने की उम्मीद है।

# पुलिस ने 35 लाख के 151 खोए मोबाइल बरामद कर फोन स्वामियों को दिए, खिले चेहरे

- एसपी सिटी ने पुलिस लाइन में बांटे फोन, लोगों ने खाकी की थपथपाई पीठ
- फोन गायब होते ही तुरंत ई एफआईआर और सीईआईआर पोर्टल पर ब्लॉक कराएं

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



जिले की पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइलों की बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीमों ने सर्विलांस और साइबर तकनीक के सहारे 151 महंगे स्मार्टफोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस लाइन में जब स्वामियों को उनके खोए हुए फोन सौंपे गए, तो लोगों के चेहरे खिल उठे। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया। महीनों पहले खो चुके फोन जब लोगों के हाथों में वापस आए, तो उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। कई लोगों का कहना था कि वे अपने महंगे स्मार्टफोन और जरूरी डेटा मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पुलिस की तत्परता से उनका कीमती सामान सुरक्षित वापस मिल गया। संयुक्त टीम की तकनीक लाई रंग पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुमशुदा मोबाइलों की रिकवरी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इस अभियान के तहत जिले की सर्विलांस सेल, एसओजी और सभी थानों में संचालित साइबर हेल्प डेस्क की टीमों ने लगातार तकनीकी साक्ष्यों और आईएमईआई नंबरों को ट्रैक किया। कड़े प्रयासों के बाद विभिन्न क्षेत्रों से कुल 151 फोन बरामद करने में सफलता मिली।

# युवती से रेप का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

- पीड़िता को कानूनी प्रक्रिया के बाद परिजनों को सौंपा गया

**समृद्धि न्यूज, तिलहर- शाहजहांपुर।**

घर से भगा कर ले जाने के बाद युवती से रेप के आरोपी युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डभौरा रेलवे- फाटक के पास से गिरफ्तार कर चिकित्सीय परीक्षण के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं पीड़िता को वन स्टाप सेंटर से लाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बीती 23 अगस्त की देर रात गांव कोहनी निवासी छोटे खान पुत्र अकील खान व जुम्मन शाह पुत्र गुलफान पर उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बाईक से भागकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जतायी थी। एसआई गौरव कुमार ने विवेचना के दौरान चार दिन बाद ही मुखबिर की सूचना पर अपहर्ता को अगस्त की अपरान्ह में कांट कस्बे में रोड से बरामद कर उसे वन स्टाप सेंटर पर रखकर चिकित्सीय परीक्षण कराकर कोर्ट में ब्यान आदि की प्रक्रिया पूर्ण कराकर वुधवार को परिजनों के हवाले कर दिया। उधर एसआई गौरव कुमार व उनके सहयोगी कांस्टेबल दीपक कुमार ने बुधवार दोपहर करीब एक बजे मुखबिर की सूचना पर डभौरा रेलवे- फाटक के पास से आरोपी युवक छोटे खान उर्फ राकिव 24 को गिरफ्तार कर लिया! जिसका चिकित्सीय परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। विवेचक गौरव कुमार ने बताया कि पीड़िता को नाबालिग दर्शाया गया था। जो दस्तावेजों के मुताबिक 19 वर्ष की है।

## खबरें एक नजर में

### स्कूल की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के मुख्य चौराहे के पास बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर संचालित एक स्कूल की व्यवस्थाओं और विद्यालय संचालन के निर्धारित मानकों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय जिस भवन में संचालित हो रहा है, वहां विद्यार्थियों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं को लेकर स्थानीय लोगों ने जांच की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के साथ उनकी सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विद्यालय की मान्यता, भवन की स्थिति, अग्नि सुरक्षा, स्वच्छता, आवागमन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की संबंधित विभाग द्वारा जांच कराई जानी चाहिए। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग को मौके पर पहुंचकर विद्यालय की व्यवस्थाओं और संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन करना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विद्यालय निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप संचालित हो रहा है या नहीं। वहीं, विद्यालय मानकों के अनुरूप संचालित हो रहा है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग से निष्पक्ष जांच कराकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

### घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ का आरोप

**बंडा, शाहजहांपुर।** गांव बसंतापुर निवासी सुनीता ने पुलिस को तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 15 अगस्त को उसकी गैरमौजूदगी में सूरज पुत्र राजेंद्र, राजेंद्र पुत्र देवीदयाल और मुकेश पुत्र राजेंद्र निवासी पड़रिया दलेलपुर उसके मोहल्ला गायत्री नगर स्थित बंद मकान में घुस गए। आरोपितों ने मकान में लगे आडू के पेड़ को क्षतिग्रस्त कर दिया और टीन के तख्ते गिराकर तोड़ दिए। जानकारी मिलने पर सुनीता मौके पर पहुंची और आरोपितों से शिकायत की। आरोप है कि इस दौरान रेशमा पत्नी राजेंद्र समेत आरोपितों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

# ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन से कुछ दूरी पर अटसलिया रेलवे क्रासिंग के पास बुधवार की दोपहर अप रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में एक चालीस वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला हैं। समझा जाता हैं कि युवक की चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हुई हैं। अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई हैं। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी व थानाध्यक्ष रोजा उमेश कुमार मिश्र मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया

- आरपीएफ, जीआरपी व रोजा थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे

कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा हैं। समझा जाता हैं कि युवक किसी ट्रेन से गिरा होगा और फिर उठकर ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़ा होगा तभी लाइन के किनारे पड़े लोहे के गाटर से टकराकर झाड़ियां में गिर गया और उसकी सिर में चोट लगने से मौत हो गई।

# भुगतान होने के तीन माह बीत जाने के बाद भी नहीं लग सका आरओ

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।**

ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों को ठंडा पानी पीने के लिए ग्राम पंचायत से आरओ लगवाने के नाम पर लाखों रुपए निकाल लिए गए तीन माह बीत जाने के बाद भी नहीं लगाए जाने पर ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। शासनादेश के अनुसार ग्राम पंचायत में उपयोग की जाने वाला सामान जीएम पोर्टल से खरीदा जाए लेकिन यहां सचिव ने अपने निजी व्यक्ति की फर्म से आरओ के नाम पर लाखों रुपए निकाल लिए और आरओ भी नहीं लगवाये। ग्राम पंचायत भांवी और भौर खेड़ा जिगनिया दोनों पंचायतें एक सचिव के पास ही है। भाभी के प्रा.वि. में एक आरओ और भौरखेड़ा जिगनिया में तीन लगवाने के नाम पर तीन माह पूर्व भुगतान निकाल लिया गया और आरओ नहीं लग पाने पर विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रधान सचिव के अलावा प्राइवेट संस्थाओं से भी आरओ लगवाने की मांग की लेकिन गर्मी की सीजन खत्म होने वाली है आरओ नहीं लग सका यदि उसका ग्राम पंचायत से भुगतान निकला गया है तो उन्हें जानकारी नहीं है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। विश्व हिंदू रक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत में लगने वाला सामान जीएम पोर्टल से खरीदा जाना चाहिए निजी फर्मो से खरीदने वाले सचिवों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए इसको लेकर जिलाधिकारी को पत्र दिया जाएगा। पीपुल फॉर एनीमल के सदस्य देवेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को पानी पीने के लिए आरओ नहीं लगाया गया और भुगतान निकाल लिया गया इसकी मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। भौरखेड़ा जिगनिया के प्रधान रोशन लाल ने बताया कि आरओ उनके पास रखें हुए हैं उनको लगाने के लिए समान खरीदने के लिए पैसा नहीं था इसलिए नहीं लग सका। सचिव प्रवीण कुमार शाही ने बताया कि भुगतान निकालकर आरओ खरीद लिए गए हैं उन्हें जल्द ही लगवा दिया जाएगा। बीडीओ मनीष दत्त ने बताया आरओ लगवाने के नाम पर ग्राम पंचायत से भुगतान निकाल लिए जाने की उन्हें जानकारी नहीं है यदि ऐसा हुआ है तो जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## छुट्टा पशुओं का आतंक कम नहीं, ढाई गांव में दो और लोग नंदी के हमले से घायल

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र में छुट्टा गोवंश का आतंक कम नहीं हो रहा है। बीते मंगलवार को भी ढाई गांव में एक उद्दंड सांड ने एक बुजुर्ग किसान आत्माराम वर्मा और उन्हें बचाने गए युवक कल्लू पंडित को पटक पटक कर घायल कर दिया। यहां यह बताना जरूरी है कि बीती 28 अगस्त को मिर्जापुर कस्बे में कपड़ा एवं सराफा व्यापारी दिनेशचंद्र गुप्ता को सांड ने पटक पटक कर घायल कर दिया था। बीते दिवस उनकी बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। बीते मंगलवार को ही मिर्ज़ापुर कस्बे में सवारियों से भरे टैंपो के सामने अचानक छुट्टा पशु के आ जाने से टैंपो चालक ने मानसिक संतुलन खो दिया। जिससे टैंपो सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गया। जिसमें आधा दर्जन टैंपो सवार यात्री घायल हो गए थे। ढाई गांव निवासी मैथिली शरण गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों ने दो लोगों के हमलावर सांड को बुधवार सुबह पकड़कर ब्लॉक के एडीओ पंचायत राम अवतार शर्मा को सूचना देकर पकड़े गए सांड को नंदीशाला भिजवाए जाने की मांग की। एडीओ ने ग्रामीणों की सूचना पर ब्लॉक के कैटल कैचर वाहन को तो भेज दिया,किंतु सांड को पकड़ने के लिए किसी कर्मचारी को नहीं भेजा। मजबूरन ग्रामीणों ने ही सांड को कैटल कैचर वाहन में चढ़कर नंदीशाला भेजा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने शासन प्रशासन से छुट्टा गोवंश को पकड़कर गौ संरक्षण केंद्र और नंदियों को नंदीशाला भिजवाए जाने के साथ ही दूध निकालकर गायों को छुट्टा छोड़ने वाले पशु पालकों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर हाईवे किया जाम

**तिलहर - शाहजहांपुर।** सड़क निर्माण न कराए जाने से आजिज आ चुके ग्रामीणों ने हाइवे पर लगा दिया। यातायात बाधित होने की सूचना. मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अधिकारियों से वार्ताकर आक्रोशित भीड़ को सड़क निर्माण का भरोसा दिला कर जाम को खुलवाया जा सका। बुधवार को हाईवे पर कच्छीयानी खेड़ा हनुमान मंदिर के सामने उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव सुनौरा अजमतपुर की महिलाओं और ग्रामीणों ने सड़क व नालियों के निर्माण की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया। महिलाओं के सड़क पर बैठ जाने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। ददरौल ब्लॉक के गांव सुनौरा अजमतपुर में सड़क और



नालियों का निर्माण न होने के कारण बारिश के चलते रास्ते दलदल में तब्दील हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें रोजाना इसी कीचड़ और दलदल से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान से लेकर अन्य जनप्रतिनिधि तक ग्रामीण कई बार सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें जल्द निर्माण कराने का आश्वासन ही मिलता रहा। ग्रामीण वर्षों से सड़क बनने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लगातार अनदेखी से नाराज ग्रामीणों और महिलाओं के सब्र का बांध आखिरकार बुधवार को टूट गया। बड़ी संख्या में महिलाएं हाईवे पर पहुंचीं और सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाल प्रभाष चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिलाओं और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क निर्माण का आश्वासन मिलने पर महिलाओं ने हाईवे खाली किया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। इसी बीच ददरौल विकासखंड के खंड विकास अधिकारी अमित कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित मांगपत्र लिया। इसके बाद अधिकारियों ने गांव पहुंचकर रास्ते की नाप-जोख की और सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

# गांव की बदहाल सड़क और आवारा गोवंश की समस्या को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े तीन युवक

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

विकासखंड खुदागंज क्षेत्र के गांव ताहरपुर में गांव की समस्याओं को लेकर बुधवार को तीन युवक पानी की टंकी पर चढ़ गए। युवकों ने गांव की कीचड़युक्त सड़क को दुरुस्त कराने और आवारा गोवंश की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की।

बुधवार सुबह करीब नौ बजे योगेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह, प्रभाकर सिंह पुत्र मुन्ना सिंह और अनुज कुमार सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह ग्राम पंचायत भुड़ी के पंचायत घर के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। तीनों ने गांव की बदहाल और कीचड़युक्त सड़क को ठीक कराने के साथ ही आवारा गोवंशों को पकड़वाने की मांग रखी। तीनों के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट




गई। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। करीब चार घंटे बाद खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे, ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी उमेश कुमार और दरोगा विक्रांत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन वे तत्काल नीचे उतरने को तैयार नहीं हुए। दोपहर करीब दो बजे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर मुन्ना सिंह नवादा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे और ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद यादव ने कीचड़युक्त गली में तत्काल रोड़ा डलवाने की व्यवस्था कराई। अधिकारियों के आश्वासन और ठाकुर मुन्ना सिंह नवादा के समझाने के बाद करीब ढाई बजे तीनों युवक पानी की टंकी से सुरक्षित नीचे उतर आए। इसके बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिस ने राहत की सांस ली।

# कुछ अस्पतालों की पार्किंग नदारद, सड़क पर खड़े हो रहे वाहन

- मशीनरी मार्केट में जाम के झाम में फंस रहे राहगीर घंटों रेंगता रहता यातायात

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन और यातायात पुलिस लगातार कवायद में जुटे हैं, लेकिन अस्पतालों के बाहर पार्किंग की बदहाल व्यवस्था इन प्रयासों पर पानी फेर रही है। घंटाघर स्थित मशीनरी मार्केट में संचालित कई अस्पतालों के पास पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। नतीजा यह है कि मरीजों और तीमारदारों के वाहन सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं और देखते ही देखते जाम की स्थिति बन



जाती है। मशीनरी मार्केट का इलाका पहले से ही व्यस्त रहता है। यहां अस्पतालों के बाहर सड़क पर बेतरतीब खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कारण सड़क की चौड़ाई सिमट जाती है। राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है। कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और उनके तीमारदार इलाज के साथ पार्किंग की समस्या से भी जूझते हैं। अस्पतालों में आने वाले वाहनों के लिए समुचित स्थान नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ते हैं। इसका सीधा असर यातायात पर पड़ता है और व्यस्त मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। शहर में ऐसे कई अस्पताल संचालित हो रहे हैं, जहां मरीजों और तीमारदारों के वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है। अस्पतालों के आसपास सड़क पर खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित होता है। लोगो का कहना है कि अस्पतालों को पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि मरीजों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी परेशानी न हो। शहर में यातायात को सुचारु बनाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में अस्पताल संचालकों की पार्किंग व्यवस्था की भी जांच जरूरी है। लोगों ने मांग की है कि जिन अस्पतालों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाए और सड़क पर वाहन खड़े कराने की व्यवस्था पर रोक लगाई जाए, ताकि व्यस्त बाजारों में जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

# जलभराव से प्राथमिक विद्यालय की राह हुई मुश्किल, गंदे पानी से होकर गुजर रहे बच्चे

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

ब्लॉक खुदागंज की ग्राम पंचायत भुंडी स्थित प्राथमिक विद्यालय में जलभराव की समस्या के चलते बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय परिसर और मुख्य रास्ते के आसपास लंबे समय से पानी जमा होने के कारण स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

विद्यालय परिसर में भरे गंदे और प्रदूषित पानी के कारण बच्चों को काफी दिक्कत हो रही है। छोटे-छोटे बच्चों को पानी के बीच से



निकलकर कक्षाओं तक पहुंचना पड़ रहा है। वहीं, जलभराव के कारण परिसर में मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है, जिससे बच्चों और शिक्षकों के स्वास्थ्य को लेकर अभिभावकों में चिंता बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे कम उम्र के हैं। ऐसे में उन्हें गंदे पानी से होकर विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है, जिससे फिसलने या किसी अन्य हादसे की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश के बाद स्थिति और अधिक खराब हो जाती है।

ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराने तथा जमा गंदे पानी को जल्द हटवाने की मांग की है। उनका कहना है कि बच्चों के सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई करने के लिए समस्या का स्थायी समाधान कराया जाना बेहद जरूरी है।

# राशन वितरण के दिन कैंप लगाकर बनाएं आयुष्मान कार्डः डीएम

- 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्रों के आयुष्मान कार्ड 10 सितंबर तक बनाने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड एवं फैमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा फैमिली आईडी को अपडेट करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को कहा कि राशन वितरण के दिनों में कोटेदारों की दुकानों पर स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ, एएनएम एवं पंचायत सहायकों के माध्यम से कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि एक बार में 100 राशन की दुकानों पर कैंप आयोजित कर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद की 623 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के आयुष्मान कार्ड 07 सितंबर को ब्लॉक मुख्यालयों पर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं, जिनके अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड भी प्राथमिकता के आधार पर बनवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में 70 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 26 हजार पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों के माध्यम से 10 सितंबर तक शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने की कार्रवाई पूरी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक से प्रमाण-पत्र प्राप्त करें कि उनके क्षेत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनवाने से शेष नहीं है।

फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक ही परिवार के अलग-अलग सदस्यों के नाम से बनी फैमिली आईडी को चिन्हित कर उन्हें एक फैमिली आईडी में मर्ज कराया जाए। उन्होंने मर्जिंग की कार्रवाई एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिन परिवारों की फैमिली आईडी अभी तक नहीं बनी है, उन्हें चिन्हित कर शेष परिवारों की फैमिली आईडी बनाने पर विशेष जोर देने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए आयुष्मान कार्ड एवं फैमिली आईडी से संबंधित कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित समयसीमा में अभियान चलाकर कार्य पूर्ण कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, डीसी मनरेगा यशोवर्धन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जर्जर विद्यालय भवनों का रविवार तक मूल्यांकन ध्वस्तीकरण व मलबे की नीलामी पूरी करेंः डीएम




- हाईटेंशन लाइनों के शिफ्टिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करें: जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के जर्जर विद्यालय भवनों, विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनों तथा कायाकल्प योजना के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल, शौचालय, संपर्क मार्ग, रंगाई-पुताई, टाइलिंग सहित अन्य आवश्यक कार्यों की सूची खंड शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त कर उन्हें कार्ययोजना में शामिल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्य की डुप्लीकेशन नहीं होनी चाहिए। सभी स्वीकृत कार्यों की सूची जनपद की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में एडीओ पंचायत प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे हैं, वहां कराए जा रहे विकास कार्यों का वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करें। जर्जर विद्यालय भवनों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पहले चिन्हित 128 तथा बाद में तैयार की गई 240 भवनों की सूची के संबंध में मूल्यांकन, ध्वस्तीकरण एवं मलबे की नीलामी की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित कार्य रविवार तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाएं। साथ ही, जिन विद्यालय भवनों को जर्जर नहीं पाया गया है, उनके संबंध में अभियंताओं से प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 285 विद्यालय ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जिनके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विद्युत लाइनों को शीघ्र शिफ्ट कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा कोई जोखिम न रहे। कायाकल्प योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में जो भी कार्य अभी शेष हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विद्यालयों में जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण, हाईटेंशन विद्युत लाइनों को हटाने तथा कायाकल्प के तहत कराए जा रहे कार्यों के कार्य से पूर्व और कार्य पूर्ण होने के बाद के फोटोग्राफ्स तैयार कर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा यशोवर्धन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सांप के काटने से विवाहिता गम्भीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सांप के काटने से विवाहिता की हालत बिगड़ गई जिसको परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलबार देर रात क्षेत्र के ग्राम धनकपुर की रहने वाली पल्लवी पत्नी विकास 21 को सांप ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### टेम्पू पलटने से युवक गंभीर घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** लखनऊ पलिया हाईवे पर बुधवार की सुबह करीब दस बजे मिर्गापुर के पास स्थित ओवरब्रिज के नीचे से निकलने के लिए बने मोड़ पर शाहाबाद से सवारियों को लेकर शाहजहांपुर जा रहा तेज रफ्तार टैम्पो (महेंद्रा ई रिक्शा) मोड़ते समय पलट गया। जिसके कारण टैम्पो पर सवार थाना खुदागंज के मोहल्ला राठ निवासी जितेन्द्र गम्भीर रूप घायल हो गया। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी एम्बुलेंस से उपचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया है और थाना रौजा के मोहल्ला आदर्श नगर कालोनी निवासी चालक सूरज कुमार को मय टैम्पो कब्जे में ले लिया है। समाचार भेजे जाने तक थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## 530 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ, सामूहिक विवाह में गूंजे मंगलगीत

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को आरएमपी इंटर कॉलेज में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 530 जोड़ों का विधि-विधानपूर्वक विवाह संपन्न कराया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सुखद एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सिधौली विधायक मनीष रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. तथा मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' ने कहा कि योजना सामाजिक समानता और समरसता का संदेश देती है तथा आर्थिक अभाव को बेटियों के विवाह में बाधा नहीं बनने देती।

विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी योजना को जरूरतमंद परिवारों के लिए सरकार की संवेदनशील पहल बताते हुए नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के सभी पात्र लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से लाभ मिले।

योजना के तहत प्रति जोड़े एक लाख रुपये की धनराशि व्यय की गई। इसमें 21 हजार रुपये सामग्री के लिए, 64 हजार रुपये कन्या के खाते में हस्तांतरित करने तथा 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्था पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।

कार्यक्रम में बिसवां से 79, हरगांव से 70, सिधौली से 59, महमूदाबाद से 54, परसेंडी से 47, लहरपुर व रामपुर मथुरा से 44-44, सकरन से 35, मिश्रिख से 26, पहला से 20, महोली से 17, बेहटा से 14, गोंदलामऊ से 12, मिश्रिख नगर पंचायत से सात तथा बिसवां नगर पालिका से दो जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

## गांव में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई 15 दिनों से अंधेरे में डूबे कई गांव

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी, लखीमपुर।**



बिजली विभाग द्वारा घटिया स्तर के उपकरणों के चलते बिजली आपूर्ति व्यवस्था दम तोड़ रही है वहीं बिजली कर्मचारियों की उदासीनता के चलते नए लगाए गए उपकरण भी खराब हो रहे हैं जिनके चलते गांव में आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो रही है। ऐसे में जनप्रतिनिधि की सिफारिश भी काम नहीं आ रही है। गांव जमिरहा में 15 दिन से अधिक समय से गांव में रखे ट्रांसफार्मर रुक जाने से बिजली व्यवस्था बाधित है जिसको लेकर ग्रामीणों ने विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह से सिफारसी पत्र लिखवाकर विभाग के अधिकारियों को दिया था जिस पर कोई कार्रवाई न होने से कर्मचारी मुंह चिढ़ा रहे हैं।

वहीं दूसरा गांव गुलौली में क्षमता वृद्धि को लेकर 100 के वी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था खराब गुणवत्ता के चलते महज कुछ ही महीना में दम तोड़ दिया जिसके चलते पूरा गांव अंधेरे में डूब गया ब मुश्किल दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया जो बिना चले ही धुआं दे गया ऐसे में गुणवत्ता का मजाक उड़ाया जा रहा है। विद्युत कर्मचारी की लापरवाही के चलते जर्जर तारों को ठीक न करने पर महंगे उपकरण आए दिन खराब हो रहे हैं।

मामले की शिकायत मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों को दी गई है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सिफारसी पत्र पर भी कार्रवाई न होने से अधिकारियों की शिकायत शासन से करने के लिए पत्र लिखा है।

## मोहाना नदी के कटान से प्रभावित घरों को झंडी राज महल से पहुंची राहत सामग्री



**लखींमपूर खीरी।** तहसील क्षेत्र में मोहाना नदी के उफान ने एक बार फिर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। जसनगर और नया पिंड गांव में नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ कटान तेज हो गया है। जसनगर में कुछ मकान नदी के कटान की भेंट चढ़ चुके हैं, जबकि कई घर अब भी कटान की जद में हैं। लगातार बढ़ते खतरे के बीच ग्रामीण अपने आशियाने बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को झंडी स्टेट के राजा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा राज राजेश्वर सिंह और डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जसनगर गांव पहुंचकर कटान प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। दोनों ने मौके पर पहुंचकर नदी के बढ़ते कटान और प्रभावित परिवारों की स्थिति को देखा तथा ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं।राजा राज राजेश्वर सिंह ने कटान प्रभावित परिवारों को झंडी महल से अपने निजी मद से राहत किट वितरित की। डीएम ने अधिकारियों को स्थिति पर नजर बनाए रखने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर निघासन एसडीएम यदुवीर सिंह ने नदी किनारे रह रहे ग्रामीणों को सुरक्षा के मद्देनजर अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को किसी भी तरह का जोखिम न लेने और खतरे की स्थिति में तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचने को कहा गया।मोहाना नदी के लगातार बढ़ते कटान से जसनगर और नया पिंड के ग्रामीणों में भय का माहौल है। इस दौरान जसनगर के प्रधान सुरेश तलवार, प्रकट सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, श्रीकृष्ण मौर्य, खुशीराम लोधी, अंबिका राय, गया प्रसाद कन्नौजिया, विवेक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## आईजीआरएस निस्तारण में सीतापुर पूरे प्रदेश में प्रथम, 24 थानों का भी शानदार प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



(आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में सीतापुर पुलिस ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। अगस्त माह में शिकायतों के निस्तारण के आधार पर जिले को यह उपलब्धि मिली है। खास बात यह है कि जिले के 24 थानों ने भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं आईजीआरएस के नोडल अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में यह उपलब्धि हासिल हुई। पुलिस के अनुसार जिले के सभी सर्किल और थानों में आईजीआरएस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं विधिक तरीके से निस्तारण किया गया। आईजीआरएस सेल और संबंधित टीमों ने शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर निस्तारण के संबंध में फीडबैक भी लिया। शिकायतों के निष्पक्ष निस्तारण पर आवेदकों द्वारा संतुष्टि व्यक्त किए जाने के बाद जिले को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान मिला। पुलिस के मुताबिक आईजीआरएस के माध्यम से महिलाओं से संबंधित शिकायतों और पारिवारिक विवादों में त्वरित कार्रवाई से पीड़ितों को समय से राहत मिल रही है। इससे महिलाओं और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा की भावना मजबूत होने का दावा किया गया है।

**इन 24 थानों ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया:** अटरिया, इमलिया सुल्तानपुर, कमलापुर, कोतवाली नगर, मानपुर, खैराबाद, तालगांव, थानगांव, नैमिषारण्य, बिसवां, मछरेहटा, महमूदाबाद, महिला थाना, महोली, मिश्रिख, रामकोट, रामपुरकलां, रामपुरमथुरा, लहरपुर, रेउसा, संदना, सदरपुर, सिधौली और हरगांव। सभी थानों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए।

## लाभांश बढ़ने पर राशन विक्रेताओं ने डीएम को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम आभार पत्र

**लखीमपुर खीरी।** उचित दर दुकानदारों के लाभांश में रु.35 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी कर रु.90 से बढ़ाकर रु.125 प्रति क्विंटल किए जाने पर जिले के राशन विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय के प्रति आभार जताया। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन, इकाई लखीमपुर-खीरी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष करण पाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित धन्यवाद एवं आभार पत्र डीएम अंजनी कुमार सिंह को सौंपा। राशन विक्रेताओं ने कहा कि लाभांश में यह वृद्धि उनके लिए महज आर्थिक राहत नहीं, बल्कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूती देने वाले हजारों विक्रेताओं के श्रम और जिम्मेदारी का सम्मान है। उचित दर विक्रेता सीमित संसाधनों के बावजूद गरीब, जरूरतमंद और पात्र परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते हैं। ऐसे में लाभांश बढ़ाए जाने से उनके आर्थिक हितों को मजबूती मिलेगी और वितरण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। धन्यवाद पत्र में कहा गया कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय उचित दर विक्रेताओं के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का परिचायक है। विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं और हितों को गंभीरता से लेते हुए लाभांश में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। विक्रेताओं ने विश्वास जताया कि सरकार के मार्गदर्शन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनकल्याणकारी बनाने में वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

## गांधी स्टेडियम के हॉकी मैदान का काम सुस्त, जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

- डीएम ने जलभराव की समस्या दूर कर कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**

गांधी स्टेडियम में निर्माणाधीन हॉकी स्टोटर्फ खेल मैदान के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने नाराजगी जताई है। कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन हॉकी स्टोटर्फ मैदान की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ (यूपीआरएनएसएस) के प्रतिनिधियों और संबंधित ठेकेदार से निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के दौरान मैदान के निर्माण कार्य की गति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और निर्धारित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर जोर दिया। बैठक में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों और ठेकेदार की ओर से गांधी स्टेडियम में जलभराव की समस्या को निर्माण कार्य की धीमी गति का प्रमुख कारण बताया गया। इस पर डीएम ने समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

**जलभराव दूर होते ही निर्माण कार्य में आएगी तेजी:** कार्यदायी संस्था की ओर से जिलाधिकारी को भरोसा दिलाया गया कि स्टेडियम में जमा पानी की निकासी के बाद निर्माण कार्य को गति दी जाएगी। इस पर जिलाधिकारी ने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलभराव की समस्या और निर्माण कार्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि मैदान का निर्माण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की लगातार निगरानी करने और मौके पर आने वाली समस्याओं का समय रहते समाधान कराने को कहा।

## जसनगर पहुंचे डीएम, फ्लड फाइटिंग का लिया जायजा, दिए निर्देश

- कटान पर डीएम की नजर, रात-दिन चलेगा फ्लड फाइटिंग अभियान

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



मोहाना और कर्णाली नदी में बढ़े जलस्तर से तहसील निघासन के ग्राम जसनगर स्थित गिरिजा बैराज के एफ्लक्स बंधे के समीप नदी द्वारा किए जा रहे कटान को रोकने के लिए शारदा नगर सिंचाई खंड द्वारा युद्धस्तर पर चल रहे फ्लड फाइटिंग कार्यों का डीएम अंजनी कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम यदुवीर सिंह, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड शारदा नगर करणपाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद रहे।

**डीएम ने मौके पर ही परखी बचाव कार्यों की गति:** डीएम ने फ्लड फाइटिंग के लिए कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई और आगे की कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कटान रोकने के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बचाव कार्यों को तेज गति से, पूरी गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाए। कटान की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने कार्य दिन-रात लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रात में काम करने वाले कर्मचारियों और मशीनरी के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा, ताकि अंधेरे के कारण बचाव कार्य प्रभावित न हो।

**डूब क्षेत्र में आबादी, सुरक्षित विस्थापन के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान एफलक्स बंधे के अंदर डूब क्षेत्र में बसी आबादी को लेकर भी डीएम ने जानकारी ली। अधिशासी अभियंता करणपाल गंगवार ने बताया कि संबंधित आबादी डूब क्षेत्र के भीतर आती है। डीएम ने तहसील प्रशासन और एसडीएम को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रभावित ग्रामीणों के सुरक्षित विस्थापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

***ग्रामीणों से संवाद, हरसंभव मदद का भरोसा**

डीएम ने मौजूद ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। ग्रामीणों ने बाढ़ की स्थिति और गांव की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंताएं डीएम के सामने रखीं। डीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और ग्राम की सुरक्षा के लिए हरसंभव जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## मरौरी में भाजपा की मंडल बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने पर मंथन

- प्रवक्तानंद महाराज बोले- कार्यकर्ता संगठन की रीढ़
- जनसेवा और सक्रिता के जरिए पार्टी को जमीनी स्तर पर करें मजबूत

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के अंतर्गत विकासखंड मरौरी में भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण मंडल बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में मंडल प्रभारी एवं प्रवासी के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह तथा अंशुमान तिवारी की उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, मंडल महामंत्री दिनेश कोरी सहित सभी शक्तिकेंद्र संयोजक और प्रभारी भी मौजूद रहे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ समितियों की स्थिति और कमेटियों के सत्यापन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं और बूथ स्तर पर उनकी सक्रियता से ही संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए लगातार जनता के बीच रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल चुनाव के समय सक्रिय होना नहीं, बल्कि निरंतर जनता के संपर्क में रहकर सेवा और संवाद को आगे बढ़ाना है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपने-अपने बूथों को मजबूत बनाते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को घर-घर तक पहुंचाएं। बैठक के दौरान विभिन्न बूथ एवं शक्तिकेंद्र स्तर की कमेटियों का सत्यापन किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार रखने को लेकर चर्चा की।

## रत्नेश के स्वागत में बीसलपुर की सड़कों पर दिखा सपा का दम

- फूल-मालाओं से हुआ जोरदार अभिनंदन
- सपा में शामिल होने के बाद पहली बार 130 विस क्षेत्र पहुंचे डॉ. रत्नेश

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद डॉ. रत्नेश गंगवार का 130 विधानसभा बीसलपुर क्षेत्र में प्रथम आगमन मंगलवार को पूरी तरह राजनीतिक उत्साह और गर्मजोशी से भरा रहा। उनके स्वागत के लिए पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विभिन्न स्थानों पर तैयारियां की थीं। जैसे ही उनका काफिला बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचा, जगह-जगह समर्थकों की भीड़ ने उनका स्वागत फूल-मालाओं से किया। कई प्रमुख चौराहों पर कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बना और नारेबाजी के बीच वातावरण सपा रंग में रंगा नजर आया। डॉ. रत्नेश गंगवार के सपा में शामिल होने के बाद उनके पहले बीसलपुर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में पहले से ही उत्सुकता थी। काफिले के पहुंचने से पहले ही समर्थक विभिन्न स्थानों पर एकत्रित होने लगे थे। उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़कर फूल-मालाएं पहनाईं और जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने सपा जिंदाबाद और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाकर अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। स्वागत का सिलसिला किसी एक स्थान तक सीमित नहीं रहा। अलग-अलग प्रमुख स्थानों और चौराहों पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. रत्नेश गंगवार का अभिनंदन किया।

### सूचना

मेरा नाम मो. कफील अहमद पुत्र मुसले हसन गलत है। सही नाम कफील अहमद पुत्र मुसले हसन है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **कफील अहमद पुत्र मुसले हसन नि.मोहल्ला बहादुरगंज तिलहर जिला शाहजहांपुर।**

### सर्वसाधारण को सूचना

मेरा स्थित मकान 356 आवास विकास कालोनी मो. महमंद जलालनगर तह. सदर जिला शाहजहांपुर का पूर्व पट्टा विलेख मिलान विलेख मूल जो दिनांक 22.12.1988 वही सं. 1 जिल्द सं. 1345 खण्ड क्रमांक 293 के पृष्ठ 229 से 240 पर दर्ज है। जो वास्तव में कहीं खो गया। उक्त मूल विलेख कहीं भी बन्धक नहीं है। कोई इसे बन्धक रखता है तो गैर कानूनी माना जावे। जिस को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशित होने से एक सप्ताह के अन्दर आपत्ति करे। इसके बाद कोई आपत्ति नहीं सुनी जावेगी। **जितेन्द्र सिंह पुत्र त्रिलोचन सिंह नि. मो 356,आवास विकास कालोनी शाहजहांपुर मो.नं. 7525020000**

## जेन-जी को समझना होगा

भारत की राजनीति में जेन-जी को लेकर बढ़ती चर्चा महज चुनावी रणनीति या इंटरनेट मीडिया की हलचल नहीं है। यह देश की उस नई पीढ़ी की आकांक्षाओं, असंतोष और भविष्य को लेकर चिंता का संकेत है, जो आने वाले वर्षों में लोकतंत्र की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। करीब एक चौथाई आबादी का हिस्सा होने के बावजूद जेन-जी को राजनीतिक और नीतिगत फैसलों में अपेक्षित स्थान नहीं मिला है। यही विरोधाभास उसे समझने की जरूरत को और महत्वपूर्ण बनाता है।
हालांकि जेन-जी को किसी एक रंग में देखना उचित नहीं होगा। भारत की यह पीढ़ी भाषा, क्षेत्र, जाति, वर्ग और आर्थिक स्थिति के लिहाज से बेहद विविध है। बेंगलुरु में स्टार्टअप से जुड़ा युवा, प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा और छोटे शहर में पारिवारिक कारोबार संभाल रहा युवक एक ही पीढ़ी का हिस्सा हैं, लेकिन उनकी प्राथमिकताएं अलग हो सकती हैं। इसलिए इसे किसी एक पार्टी या विचारधारा के पारंपरिक वोट बैंक के रूप में देखना भूल होगी। फिर ऐसा क्या है जो इस पीढ़ी को एक सूत्र में बांधता है? इसका सबसे बड़ा आधार उसका डिजिटल जीवन है। यह भारत की पहली ऐसी पीढ़ी है, जिसने स्मार्टफोन, इंटरनेट और सामाजिक मीडिया को अपने जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बनते देखा है। सूचना अब उसके लिए दूर की चीज नहीं है। कोई घटना कुछ ही मिनटों में देश के दूसरे हिस्से में बैठे युवाओं तक पहुंच जाती है। इसी कारण स्थानीय असंतोष भी तेजी से व्यापक मुद्दा बन सकता है।
लेकिन जेन-जी की बेचैनी का कारण केवल डिजिटल सक्रियता नहीं है। इसके पीछे भविष्य को लेकर गहरी चिंता भी है। तेजी से बदलती तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वचालन और रोजगार के बदलते स्वरूप ने युवाओं के सामने नए सवाल खड़े किए हैं। उन्हें यह चिंता सताती है कि जिस शिक्षा और कौशल के लिए उन्होंने वर्षों मेहनत की, क्या उसके अनुरूप उन्हें सम्मानजनक और स्थायी अवसर मिल पाएंगे? भारत में परीक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं से जुड़ी अनिश्चितता इस चिंता को और गहरा करती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी, परिणामों में देरी, भर्ती प्रक्रियाओं का लंबा खिंचना और रोजगार के सीमित अवसर युवाओं में केवल निराशा नहीं पैदा करते, बल्कि व्यवस्था के प्रति अविश्वास भी पैदा करते हैं। जब एक युवा वर्षों तक तैयारी करता है और अंततः उसे व्यवस्था की खामियों से निराशा हाथ लगती है तो उसका आक्रोश केवल व्यक्तिगत नहीं रह जाता। वह व्यापक संस्थागत असंतोष में बदल सकता है।
दुनिया के दूसरे हिस्सों में युवाओं के नेतृत्व में हुए आंदोलनों ने भी यह संकेत दिया है कि नई पीढ़ी भ्रष्टाचार, विशेषाधिकार और अवसरों की असमानता को लेकर पहले से अधिक मुखर है। इंटरनेट ने दुनिया को उनके सामने खोल दिया है। वे देखते हैं कि दूसरे देशों में उनके जैसे युवा किन मुद्दों पर सवाल उठा रहे हैं। इसलिए आकांक्षाएं भी अब सीमाओं में बंधी नहीं हैं।
राजनीतिक दलों के लिए यहां सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे जेन-जी को केवल सोशल मीडिया की पीढ़ी समझने की भूल न करें। इंस्टाग्राम रील, यूट्यूब वीडियो और युवाओं के अनुरूप बनाई गई भाषा संवाद का माध्यम हो सकती है, समाधान नहीं। किसी युवा की वर्षों की बेरोजगारी या परीक्षा व्यवस्था से उपजी निराशा को कोई आकर्षक अभियान दूर नहीं कर सकता। राजनीति को प्रचार से आगे बढ़कर वास्तविक नीतिगत जवाब देने होंगे।
इसका रास्ता तीन प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरता है—भरोसा, रोजगार और भागीदारी। भरोसा तभी पैदा होगा जब भर्ती और परीक्षा व्यवस्था पारदर्शी तथा निष्पक्ष होगी। सरकारी घोषणाओं और उनके क्रियान्वयन के बीच की दूरी कम करनी होगी। युवाओं को यह विश्वास होना चाहिए कि उनकी मेहनत व्यवस्था की खामियों के कारण व्यर्थ नहीं जाएगी। दूसरा बड़ा सवाल आर्थिक अवसरों का है। केवल डिग्रियों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। शिक्षा को रोजगार की जरूरतों से जोड़ना होगा। विनिर्माण, सेवा क्षेत्र, आधुनिक तकनीक और उद्यमिता में गुणवत्तापूर्ण अवसर पैदा करने होंगे। स्टार्टअप और स्वरोजगार को केवल भाषणों का विषय बनाने के बजाय ऐसी व्यवस्था तैयार करनी होगी, जिसमें युवा वास्तव में अपने उद्यम खड़े कर सकें। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण पक्ष राजनीतिक भागीदारी है। युवाओं को केवल चुनावी सभाओं में भीड़ जुटाने या प्रचार अभियानों में चेहरा बनाने तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें नीति निर्माण, राजनीतिक संगठनों और निर्णय प्रक्रिया में वास्तविक भूमिका देनी होगी। जिस पीढ़ी के नाम पर राजनीति की जा रही है, उसकी आवाज भी निर्णय लेने वाली मेज तक पहुंचनी चाहिए। भारतीय राजनीतिक चिंतन में इस चुनौती का एक महत्वपूर्ण उत्तर 'राजर्षि' की अवधारणा में दिखाई देता है। आचार्य चाणक्य की राज्य-व्यवस्था की सोच में शासक से अपेक्षा थी कि वह सत्ता को निजी स्वार्थ का साधन नहीं, लोककल्याण का दायित्व समझे। अनुशासन, आत्मसंयम, जनहित और दूरदृष्टि उसके शासन के आधार हों। आज के लोकतांत्रिक संदर्भ में इसका अर्थ है—ऐसा नेतृत्व जो सत्ता के अहंकार से दूर रहे, आलोचना सुने, संस्थाओं को मजबूत करे और जनता के भरोसे को अपनी सबसे बड़ी पूंजी माने। जेन-जी को ऐसे ही नेतृत्व की तलाश है। उसे केवल भाषण नहीं, परिणाम चाहिए; केवल आश्वासन नहीं, अवसर चाहिए; केवल सोशल मीडिया पर संवाद नहीं, वास्तविक भागीदारी चाहिए। वह नेतृत्व की चमक से अधिक शासन की विश्वसनीयता को महत्व देगी।

### दो टूक




# पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार ने चौंकाया


प्रहलाद सबनानी

बीते सोमवार सायंकाल में केंद्र सरकार ने भारत के वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकड़े जारी किए हैं। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित अन्य वैश्विक संस्थानों, एसोचेम, भारतीय रिजर्व बैंक आदि के अनुमानों को धत्ता बताते हुए अप्रेल-जून 2026 की तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि, उक्त संस्थानों ने उक्त अवधि में 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। उक्त वृद्धि दर वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं के बीच हासिल हुई है, इसलिए भारत के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगी। रूस-यूक्रेन युद्ध तो बहुत लम्बे समय से चल रहा है, ईरान-अमेरिका/इजराईल युद्ध भी इस तिमाही में जारी रहा, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली थी। एक समय तो कच्चे तेल की कीमतें 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई थीं। ज्ञातव्य हो कि भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ओफ होर्मुज को बंद करने के पश्चात इस मार्ग से गुजरने वाले तेल के जहाजों को रोक दिया गया था एवं कच्चे तेल की आपूर्ति पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा था। परंतु, भारत ने इस दयनीय स्थिति को बहुत ही सूझ बूझ के साथ सम्भाला और अन्य कई देशों से तेल एवं गैस का आयात जारी रखा, जिससे भारत में न तो तेल की आपूर्ति कम हुई और न ही भारत में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। जबकि अन्य कई देशों में तो पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है।

भारत के युवाओं (जेन-जी) को इस बात को समझना होगा कि भारत आज आर्थिक विकास के जिस दौर से गुजर रहा है, वह बहुत ही संवेदनशील है। यदि देश में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलायी जाती है तो आर्थिक विकास की पटरी से भारत डीरेल हो सकता है। आगे आने वाले 10 वर्षों तक भारत यदि विकास दर की इसी ट्रेजेक्टरी में अपने आप को बनाए रखने में सफल होता है तो भारत के वर्ष 1947 में विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार होने से कोई रोक नहीं सकता है। अर्थ के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अप्रेल-जून 2026 तिमाही में सराहनीय वृद्धि दर हासिल की गई है। सकल मूल्य संवर्धन में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही है जो अप्रेल-जून 2025 की तिमाही में 7 प्रतिशत की रही थी। विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की तिमाही में 8.3 प्रतिशत की रही थी जो इस वर्ष की तिमाही में बढ़कर 9.2 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार सेवा के क्षेत्र में भी आर्थिक विकास दर इस वर्ष की प्रथम तिमाही में बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गई जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 8 प्रतिशत रही थी। भारत की अर्थव्यवस्था उपभोग आधारित है, अतः निजी उपभोग में इस वर्ष की तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 6.8 प्रतिशत रही थी। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में भी अतुलनीय 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में केवल 5.8 प्रतिशत की रही थी। इसी प्रकार, रोजगार निर्मित करने वाले क्षेत्रों में भी विकास दर प्रभावशाली रही है। वित्तीय क्षेत्र में वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत की दर्ज हुई है तो व्यापार, होटल, यातायात एवं संचार के क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल की गई है। साथ ही गैस एवं विजली उत्पादन में भी वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत की रही है।



वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सराहनीय विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल भुगतान, फिन टेक, इंजिनीयरिंग डिजाइन, व्यापार परामर्श, वैश्विक ग्लोबल योग्यता सेंटर, आदि क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व में लीड कर रहा है। मेक इन इंडिया योजना ने भारतीय नागरिकों में जोश भरा और भारत की प्रतिभा का डंका पूरे विश्व में बज गया है। दूसरे, भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया गया। इस योजना ने भारत को उपभोक्ता बाजार से निकालकर मजबूत वैश्विक विनिर्माण हब में बदल दिया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 14 प्रमुख क्षेत्रों में करीब 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, 16.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कुल उत्पादन हुआ है एवं 12 लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए। इसके उपरांत प्रारम्भ हुई प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत सड़क, रेल, बंदरगाह, एयरपोर्ट और लाजिस्टिक को पहली बार इंटीग्रेटेड तरीके से जोड़ने की कोशिश की गई। समर्पित मालवाहक गलियारों का निर्माण तो इस दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुए हैं। नए एक्स्प्रेस वे ने माल ढुलाई का समय घटाया। लागत को कम किया और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया। 86,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात इस सफलता की कहानी को दर्शाता है। निर्यात में अतुलनीय वृद्धि दर उस समय पर हासिल की गई है जब अमेरिका की टैरिफ नीति ने पूरे विश्व को परेशान किया हुआ है। साथ ही, रूस यूक्रेन युद्ध, ईरान इजराईल-अमेरिका युद्ध, इजराईल हमास युद्ध एवं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का बने रहना भी शामिल है। इन परिस्थितियों के बीच भारत ने उत्पादों एवं सेवा के क्षेत्र में निर्यात का रिकार्ड बनाया है। जबकि कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती बनी हुई है। भारत के कुल निर्यात में सेवा क्षेत्र की कुल हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत को चीन जैसी विनिर्माण क्षेत्र की ताकत बनाना है तो भारत को हाई वैल्यू मैन्युफेक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, मशीनरी, और सूक्षम, लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र को और अधिक मजबूत करना होगा। घरेलू उत्पाद बढ़ाकर न केवल उत्पादों के आयात को कम किये जाने का प्रयास किया जा रहा है बल्कि वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेसरी भी बढ़ाई जा रही है। भारत में हाल ही में आई मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक क्रांति का भी इसमें बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2014 में भारत में केवल 2 मोबाइल उत्पादन इकाईयां कार्यरत थीं। आज भारत मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता देश बन गया है। ऐपल की फ्लेगशिप कम्पनी अब मैन्युफेक्चरिंग इन इंडिया की ओर आगे बढ़ रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन 2014-15 के 1.9 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2025-26 में 13.11 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। रक्षा के क्षेत्र में भी उत्पादन एवं निर्यात तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। रक्षा के क्षेत्र में भारत अपनी छोटी मोटी जरूरतों के लिए अन्य देशों की ओर देखता था आज वह फिलिपींस को ब्रह्मोस मिसाईल का निर्यात कर रहा है। कई अफ्रीकी देशों को मेड इन इंडिया हेलिकॉप्टर निर्यात कर रहा है। अब देश की कुल जरूरत का लगभा 65 प्रतिशत रक्षा उत्पाद देश में ही निर्मित हो रहा हैं। जो रक्षा उत्पादन वर्ष 2014-15 में 46,429 करोड़ रुपए का था वह 2025-26 में बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुका है। रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच चुका है। आज रक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उत्पादों का निर्यात 100 से अधिक देशों को किया जा रहा है। ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में उत्पादन में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है एवं फार्मा क्षेत्र में तो भारत को फार्मेसी आफ द वर्ल्ड कहा जा रहा है। भारत की एक्स्पोर्ट बास्केट भी बढ़ रही है - पेट्रोलीयम उत्पाद, इंजिनीयरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटोमोबाइल, टेक्स्टायल जैसे कई क्षेत्रों में विकास दर तेजी से बढ़ रही है। भारत किसी एक सेक्टर पर निर्भर नहीं है। कई क्षेत्रों में एक साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया की सप्लाई चैन में भारत की नई भूमिका तय हो रही है। भारत एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात करने की ओर आगे बढ़ रहा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# 'मन की बात' से क्यों जुड़ा देश?

विवेक शुक्ला

> मन की बात कार्यक्रम ने कई सामाजिक पहलों को बल दिया। पहले एपिसोड में खादी की बात हुई तो बिक्री बढ़ी। स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वोकल फॉर लोकल और हर घर तिरंगा जैसी मुहिमों को इससे गति मिली। योग, पर्यावरण, स्टार्टअप, अंगदान, शिक्षा और स्वास्थ्य बार-बार आए। कोरोना काल में यह घर बैठे सही जानकारी का स्रोत बना। यह सिर्फ बोलने का मंच नहीं, सुनने का भी माध्यम है। प्रधानमंत्री हर महीने सुझाव मांगते हैं। लोग लिखते हैं कि अगली बार किस विषय पर बात हो। इससे नागरिकों को लगता है कि उनकी राय मायने रखती है। लोकतंत्र में संवाद दो तरफा होना चाहिए। मन की बात उसी संवाद का आधुनिक रूप है। भारत में इतने लंबे समय तक इतनी नियमितता से चलने वाला ऐसा कार्यक्रम दुर्लभ है। एक और वजह सकारात्मकता है। खबरों में अक्सर नकारात्मक बातें छाई रहती हैं। यहां गुमनाम नायकों और छोटी-बड़ी सफलताओं की चर्चा होती है। युवा इसे यूट्यूब पर भी देखते हैं। शिक्षा जैसे विषय सबसे प्रभावशाली माने गए। कार्यक्रम कई भाषाओं और बोलियों में अनुवाद होकर पहुंचता है इसलिए दक्षिण से पूर्वोत्तर तक श्रोता अपनी भाषा में सुन सकता है। आलोचक इसे प्रचार कहते हैं। लेकिन बारह साल लगातार चलना और इतने लोगों तक पहुंचना आसान नहीं है। अगर लोग न सुनते तो यह इतना लंबा न चलता। कई श्रोता बताते हैं कि मन की बात के कारण वे फिर से रेडियो सुनने लगे। आत्मीयता का सबसे गहरा कारण विश्वास है। जब नेता आम भाषा में, आम विषयों पर, आम लोगों की कहानी सुनाता है तो पद की ऊंचाई कम लगती है। लगता है कोई अपने में से ही बात कर रहा है। विविधताओं वाले देश में यह सरलता काम आती है।

पिछले रविवार को ईस्ट दिल्ली के एक पार्क में सुबह से भीड़ जमा हो गई थी। व्यवसायी, पेशेवर, महिलाएं और नौजवान सब टीवी सेट के आगे बैठे थे। उनके बीच किसी सामान्य नागरिक की तरह से केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा भी विराजमान थे। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आवाज आई तो पार्क एक सभा-सा लगने लगा। यह दृश्य अकेला नहीं था। देश के हजारों स्थानों पर उसी सुबह वही आवाज सुनी जा रही थी। कार्यक्रम का नाम मन की बात है और 30 अगस्त को इसका 137वां एपिसोड प्रसारित हुआ।
तीन अक्टूबर 2014 को विजयदशमी के दिन जब पहला एपिसोड आया, तब कई लोग हैरान थे। टेलीविजन और सोशल मीडिया के दौर में प्रधानमंत्री रेडियो क्यों चुनेंगे? वह चुनाव बाद में इसकी सबसे बड़ी ताकत निकला। देश के गांवों और दूरस्थ इलाकों में टीवी या तेज इंटरनेट हर जगह नहीं है लेकिन आकाशवाणी का जाल वहां तक पहुंचता है। आज यह कार्यक्रम रेडियो के साथ दूरदर्शन, यूट्यूब और मोबाइल तक फैल चुका है, पर उसकी जड़ वही सरल माध्यम है। प्रधानमंत्री बार-बार कहते हैं कि इसके असली एंकर देश के नागरिक हैं। हर महीने लाखों पत्र, संदेश और सुझाव आते हैं। कुछ लोग फोन पर अपनी बात रखते हैं। इन्हीं कहानियों को प्रधानमंत्री अपनी भाषा में पिरोते हैं। कोई किसान चाची, कोई घाट साफ करने वाला छात्र, कोई शिकारा चलाने वाला बच्चा, कोई गांव में बदलाव लाने वाली महिला। जब आम आदमी रेडियो पर अपनी जैसी जिंदगी सुनता है तो दूरी घट जाती है। लगता है प्रधानमंत्री उसे जानते हैं। भाषा इसमें सबसे बड़ा पुल है। भारी शब्द और आंकड़ों का ढेर नहीं होता। बात परिवार के बड़े सदस्य की तरह होती है। नारा नहीं, कहानी होती है। नसीहत नहीं, प्रेरणा होती है। रेडियो पर चेहरा नहीं, सिर्फ आवाज होती है। ईस्ट दिल्ली में मन की बात सुन रहे प्रख्यात आयकर सलाहकार सुरेन्द्र कुमार गंभीर कहते हैं कि इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें राजनीति नहीं होती। आवाज दिल तक पहुंचती है। आईआईएम रोहतक की उस रिपोर्ट के अनुसार, जो आकाशवाणी के लिए तैयार हुई थी, देश की लगभग 96 प्रतिशत जनता इस कार्यक्रम से परिचित है। करीब 23 करोड़ लोग इसे नियमित सुनते हैं और 100 करोड़ से अधिक लोगों ने कम-से-कम एक बार सुना है। श्रोताओं ने लोकप्रियता का कारण सशक्त नेतृत्व और भावनात्मक जुड़ाव बताया। सर्वे में 60 प्रतिशत लोगों ने राष्ट्र निर्माण में रुचि दिखाई और 73 प्रतिशत ने माना कि देश सही दिशा में जा रहा है। कार्यक्रम ने कई सामाजिक पहलों को बल दिया। पहले एपिसोड में खादी की बात हुई तो बिक्री बढ़ी। स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वोकल फॉर लोकल और हर घर तिरंगा जैसी मुहिमों को इससे गति मिली। योग, पर्यावरण, स्टार्टअप, अंगदान, शिक्षा और स्वास्थ्य बार-बार आए। कोरोना काल में यह घर बैठे सही जानकारी का स्रोत बना। यह सिर्फ बोलने का मंच नहीं, सुनने का भी माध्यम है। प्रधानमंत्री हर महीने सुझाव मांगते हैं। लोग लिखते हैं कि अगली बार किस विषय पर बात हो। इससे नागरिकों को लगता है कि उनकी राय मायने रखती है। लोकतंत्र में संवाद दो तरफा होना चाहिए। मन की बात उसी संवाद का आधुनिक रूप है। भारत में इतने लंबे समय तक इतनी नियमितता से चलने वाला ऐसा कार्यक्रम दुर्लभ है। एक और वजह सकारात्मकता है। खबरों में अक्सर नकारात्मक बातें छाई रहती हैं। यहां गुमनाम नायकों और छोटी-बड़ी सफलताओं की चर्चा होती है। युवा इसे यूट्यूब पर भी देखते हैं। शिक्षा जैसे विषय सबसे प्रभावशाली माने गए। कार्यक्रम कई भाषाओं और बोलियों में अनुवाद होकर पहुंचता है इसलिए दक्षिण से पूर्वोत्तर तक श्रोता अपनी भाषा में सुन सकता है। आलोचक इसे प्रचार कहते हैं। लेकिन बारह साल लगातार चलना और इतने लोगों तक पहुंचना आसान नहीं है। अगर लोग न सुनते तो यह इतना लंबा न चलता। कई श्रोता बताते हैं कि मन की बात के कारण वे फिर से रेडियो सुनने लगे। आत्मीयता का सबसे गहरा कारण विश्वास है। जब नेता आम भाषा में, आम विषयों पर, आम लोगों की कहानी सुनाता है तो पद की ऊंचाई कम लगती है। लगता है कोई अपने में से ही बात कर रहा है। विविधताओं वाले देश में यह सरलता काम आती है। बारह साल बाद भी हर महीने लोग इसका इंतजार करते हैं। कोई नया उदाहरण होगा, कोई नई पहल होगी। यही इंतजार आत्मीयता है। देश सुनता है क्योंकि उसे लगता है कि उसकी बात भी कहीं सुनी जा रही है। मन की बात इसलिए सिर्फ प्रधानमंत्री की बात नहीं रह गई। यह देश के मन की बात बन गई है। सरल भाषा, सच्ची कहानियां और सीधा संवाद ही इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। जब बात दिल से निकलती है, तो दिल तक पहुंचती है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## कृष्ण—एक युगपुरुष...!

कृष्ण सिर्फ मुरली की तान नहीं,
ये इस जीवन का गहरा ज्ञान हैं।
वो अंधियारे में भी राह दिखाते,
हमारे उन कर्मों का सम्मान हैं।

आज धर्म बचाना हो तो लड़ना,
जब सत्य बचाना हो तो अड़ना।
यूं फल की चिंता छोड़ कर्म कर,
हाँ, यही कृष्ण का मंत्र है पढ़ना।

वो रहें सुदामा के सच्चे साथी,
धर्म हेतु अर्जुन के सारथी बने।
नीति, प्रेम और धर्म के प्रहरी,
हर एक युग में प्रासंगिक बने।

मंदिर में ही क्यों खोजें कृष्ण,
अपने कर्मों में हम उन्हें उतारें।
हम अन्याय के आगे झुकें नहीं,
सत्य की राह भी न छोड़ें सारे।

कृष्ण कोई बीती हुई कथा नहीं,
हरेक युग की जीवित चेतना हैं।
जहाँ धर्म के लिए साहस जागे,
उस कृष्ण की उपस्थिति है आगे।

# नेपाल की जल तबाही ने हिमालयी राज्यों को चिंतित किया

प्रकाश कपरवाण।



नेपाल की भीषण त्रासदी ने एक बार फिर केदारनाथ, रैणी-तपोवन, धराली व थराली की आपदाओं तथा जोशीमठ भू धसाव की याद ताजा कर दी है, लगातार हो रही जल प्रलय की आपदाओं ने हिमालयी राज्यों के लोग भविष्य को लेकर चिंतित दिख रहे हैं।
देवभूमि उत्तराखंड, हिमांचल व अन्य हिमालयी राज्यों मे प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं मे एकाएक बृद्धि देखी जा रही है, पहले इस प्रकार की घटनाएं वर्षो मे कभी कभार देखने सुनने को मिलती थी लेकिन अब हर दो चार वर्ष के अंतराल मे घटित हो रही भीषण आपदाओं ने देवभूमि का भौगोलिक परिदृश्य ही बदल कर रख दिया। हिमालयी राज्यों के पर्वतवासी बादल फटने की बढ़ती घटनाओं से बेहद डरे व सहमे हुए हैं।
पर सवाल यह है कि प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं मे बृद्धि के आखिर कारण क्या हो सकते हैं?, क्या देवभूमि के स्वरूप को पर्यटन व राजस्व उगाही के दृष्टिकोण से देखना भी प्राकृतिक आपदाओं की घटना का कारण हो सकता है या कोई अन्य कारण। वैज्ञानिक हिमालय की संवेदनशीलता को लेकर बार बार चेतावनी देते रहे हैं, लेकिन अनियंत्रित व अवैज्ञानिक विकास की होड़ हिमालय को खोखला करने पर उतारू है। हालांकि हिमालयी राज्यों मे घटने वाली प्राकृतिक आपदाओं को रोका तो नहीं जा सकता लेकिन जनहानि को कम अवश्य किया जा सकता है।
वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के बाद तो सबक लेना ही था कि आखिर किसी भी आपदा मे जनहानि को रोकने या कम करने के क्या क्या उपाय हो सकते हैं, केदारनाथ त्रासदी के बाद कई स्तरों पर हुए सर्वेक्षणों के उपरांत वैज्ञानिकों ने जनहानि कम करने के जो सुझाव दिए थे उनमे अर्ली वार्निंग सिस्टम भी एक था, लेकिन 2021 में रैणी-तपोवन की विनाशकारी आपदा के बाद अर्ली वार्निंग सिस्टम का ना होना भी भारी जनहानि का एक कारण माना गया।
प्रकृति के अवैज्ञानिक दोहन व अनियंत्रित छेड़ छाड़ ही हिमालय वासियों के जीवन को संकट मे डाल रहा है। देवभूमि वास्तव मे देवभूमि है, सेना ने एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्वयं के साथ घटित एक घटना से इसका उल्लेख किया था, दरसअल वर्ष 1963-64 मे जब वे सेना मे कमीशन हुए तो उनकी पहली पोस्टिंग जोशीमठ ही हुई, तब घर से निकलते वक्त उनके माता पिता ने ने कहा कि तुम्हारी पोस्टिंग साक्षात् देवभूमि मे हुई है वहाँ तो कण कण मे भगवान हैं, दो वर्ष की कार्यावधि के बाद जब वे लौट रहे थे तब उनके मन मे अचानक यह भाव आया कि उनके माता पिता ने तो कहा था वहाँ कण कण मे भगवान हैं दो वर्ष मे उन्हें तो नहीं दिखा।
तब जोशीमठ से कुछ ही दूरी पर गौंखगधेरा अब श्री ज्ञान गंगा के समीप सड़क के निचली ओर से एक दिव्य महात्मा व साध्वी सड़क पर आते दिखे, उनके दिव्य स्वरूप को देखकर सेना अधिकारी की उनके दर्शन करने की लालसा हुई ओर ड्राइवर को वाहन रोकने को कहा, वाहन से उतरकर वे पीछे मुड़े तो देखा कि वे दोनों दिव्य मूर्तियां कहीं ओझल हो गई, उन्होंने वाहन को वापस मोड़ा और सेना के टीसीपी तक सड़क के दोनों ओर उन दिव्य विभूतियों को देखते हुए पहुंचे लेकिन कहीं नजर नहीं आए, तब उन्हें अपने माता पिता की बातों का एहसास हुआ कि वास्तव मे देवभूमि के कण कण मे भगवान हैं। इस प्रत्यक्ष घटनाक्रम का जिक्र उन्होंने तब किया था जब नब्बे के दशक मे वे सेना के वरिष्ठ अधिकारी बनकर पुनः जोशीमठ आए और तब उन्होंने विद्वानों की राय पर उस स्थान पर एक छोटा सा मंदिर भी बनवाया था जो आज भी है।
लेकिन आज ठीक इसके उलट संपूर्ण देवभूमि तो छोड़िये भू वैकुंठ धाम श्री बद्रीनाथ जहाँ माना जाता है कि भगवान श्रीहरि नारायण तपस्यारत हैं और उनकी तपस्या मे व्यवधान न हो वहाँ शंख बजाने पर भी प्रतिबन्ध है,वहाँ न केवल ग्रीष्म काल बल्कि शीतकाल मे बर्फबारी होने तक भी बड़ी बड़ी मशीनें धरती के साथ अलकनंदा नदी को भी चीर रही है। अलकनंदा नदी का तो ऐसा विकास हो रहा है कि श्री बद्रीनाथ मंदिर के समीप गाँधी घाट ही खतरे की जद मे आ गया है, और तप्त कुण्ड पर भी खतरा मंडराने की संभावना बनी हालांकि समय की जरुरतों के अनुसार धामों का विकास भी जरुरी हो सकता है, लेकिन हिमालयी धामों व देश के अन्य धर्मस्थलों के विकास के पैमाने का फर्क समझना होगा, साथ इन हिमालयी धामों व कसबों की भार वहन क्षमता का आंकलन किया जाना भी बेहद जरुरी है तभी जोशीमठ जैसी भू धसाव की घटना केदारनाथ, रैणी-तपोवन, धराली व थराली जैसी प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं मे जन धन की हानि को कम किया जा सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मध्यस्थता अभियान-3.0: चार मामलों का सुलह-समझौते से निस्तारण

**हमीरपुर।** मध्यस्थता अभियान–3.0 के तहत जनपद में लंबित मामलों के सुलह–समझौते से निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन तथा सचिव वंदना अग्रवाल के निर्देशन में बुधवार को विभिन्न मामलों का सफल निस्तारण कराया गया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) न्यायालय में लंबित एक दीवानी वाद, जिसमें नगर पालिका राठ एक पक्षकार थी, को एडीआर सेंटर में मध्यस्थता के लिए संदर्भित किया गया। दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में समझौता कराया गया। इसके अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित परक्राम्य लिखत अधिनियम से संबंधित वाद का भी निस्तारण हुआ। धारा 323 व 504 से संबंधित आपराधिक मामले तथा पति–पत्नी के बीच लंबित वैवाहिक विवाद को भी आपसी सहमति से समाप्त कराया गया। सचिव वंदना अग्रवाल ने पक्षकारों को बधाई देते हुए अधिवक्ताओं से उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता के लिए संदर्भित कराने की अपील की।

### महासाधना महोत्सव में गूंजा आल्हा

**कुरारा।** समाजसेवी शिवनारायण तिवारी के निज निवास पर चल रहे 17 दिवसीय महा साधना महोत्सव में बुधवार से तीन दिवसीय आल्हा गायन कार्यक्रम शुरू हुआ। गायकों ने वीर रस से मांडवगढ़ की लड़ाई का जोशीला वृतांत सुनाया। आल्हा गायन में दक्षराज–बछराज की हत्या और आल्हा–ऊदल–मलखान द्वारा बदला लेने की गाथा प्रस्तुत की गई। विनोद यादव भौली, अनिरुद्ध सिंह पतारा और शमी अहमद कुरारा ने छंदों के माध्यम से वीरगाथा सुनाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

### उरई रोड पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, सात घायल



**राठ (हमीरपुर)।** राठ कोतवाली क्षेत्र के उरई रोड पर बिगवा–कुम्हरिया मोड़/उमरिया चौराहा के पास मंगलवार को दो कारों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी राठ पहुंचाया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर अचानक आवारा पशु आ जाने से एक कार चालक उसे बचाने के प्रयास में रॉन्ग साइड चला गया। इसी दौरान सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रॉन्ग साइड आने से हादसा होना सामने आया है।

### आईजीआरएस निस्तारण में हमीरपुर पुलिस प्रदेश में प्रथम



**हमीरपुर।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) में हमीरपुर पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अगस्त माह में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व एवं प्रभावी पर्यवेक्षण में जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए पुलिस को शत–प्रतिशत अंक मिले। अधिकारियों के अनुसार शिकायतों की नियमित निगरानी, समयसीमा में कार्रवाई और शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया गया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने पुलिस टीम के को इसी तरह से काम करने की सलाह दी है। साथ ही टीम को बधाई दी। हमीरपुर पुलिस की शिकायत निस्तारण व्यवस्था को प्रदेश स्तर पर बेहतर माना गया है। पुलिस अधिकारियों ने इसे टीमवर्क का परिणाम बताते हुए इसी तरह प्रभावी शिकायत निस्तारण जारी रखने की बात कही।

### मौदहा में 25-25 हजार के दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** थाना मौदहा पुलिस ने आभूषण चोरी के मामले में वांछित 25–25 हजार रुपये के दो इनामी आरोपियों को दबिश देकर तिराहा के पास गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुरादाबाद निवासी नन्हे कुण्डा और रहमत के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक 29 अप्रैल 2025 को सुनार मनोज कुमार सोनी की दुकान से आभूषण और 14 हजार रुपये चोरी हुए थे। विवेचना में दोनों के नाम सामने आए थे। पूछताछ में आरोपियों ने बाहरी जिलों में सोना–चांदी की दुकानों की रेकी कर चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया।

### गैंगस्टर एक्ट के वारंटी को सिसोलर पुलिस ने पकड़ा

**सिसोलर।** थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर वारंटी अभियुक्त मुन्नीलाल गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को ग्राम सिसोलर में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त मुन्नीलाल गुप्ता पुत्र स्व. बब्बू गुप्ता की उम्र करीब 58 वर्ष है और वह सिसोलर गांव का निवासी है। उसके खिलाफ केस संख्या 21/19, अपराध संख्या 42/2019 में धारा 3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### पेरियार ललई सिंह यादव की 115वीं जयंती पर किया नमन

**झांसी।** डॉ.अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ (भारत) यूनिट झांसी द्वारा कलेक्ट्रेट में उत्तर भारत के पेरियार ललई सिंह यादव की 115 वी जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर एड.चन्द्रभान आदिम ने बताया पेरियार ललई सिंह यादव सामाजिक कार्यकर्ता थे जिन्होंने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। उन्होंने पेरियार रामास्वामी द्वारा लिखित किताब रामायण: ए ट्रू रीडिंग को हिंदी में सच्ची रामायण नाम से प्रकाशित किया था ये किताब बैन हुई तो सुप्रीम कोर्ट तक केस लड़े और जीते। वे सच्चे अम्बेडकर वादी थे उन्होंने कई किताबें लिखी। इस अवसर पर एड.ब्रिजेन्द्र सिंह यादव,एड.राजयोगेन्द्र कुमार, एड.सुनीता केसरी,एड.प्रागी लाल राजन, एड.प्रतिपाल सोनी, एड.शिववीर पाल, एड. विनोद,एड.ए.पी. प्रजापति, एड.एच.ए.पाण्डेय, सुनीता वर्मा, अजय प्रकाश रेलवे, एड.मयूर जोशी,एड. रमेश अहिरवार, विंदा सिंह, एड.चन्दन सिंह,एड.महेशचन्द्र अनुरागी, एड.विनय शिवहरे, बट्टा गुरु पत्रकार, धर्म सिंह यादव, आदि ने पेरियार ललई सिंह यादव को नमन किया।

### खेत में मिला शिक्षक का खून से लथपथ शव

**महोबा।** जिले के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के जैतपुर विकासखंड के महेवा गांव में एक शिक्षक का खून से लथपथ शव खेत में मिला है। मृतक की पहचान श्री सिद्ध गोपाल रिछारिया इंटर कॉलेज में कार्यरत बृजभूषण पांचाल (62) पुत्र अयोध्या प्रसाद पांचाल के रूप में हुई है। बृजभूषण पाचाल सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और उनकी बृजभूषण पांचाल सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और उनकी गांव या क्षेत्र में किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। वह आज स्कूल से छुट्टी लेकर अपने खेत पर दवाई डालने गए थे। शाम करीब चार–पांच बजे तक जब वह घर नहीं लौटे, तो उनके बड़े भाई संतोष पांचाल उन्हें देखने खेत पर पहुंचे। वहां उन्होंने बृजभूषण को खून से लथपथ पड़ा देखा। खबर लिखे जाने तक क्षेत्राधिकारी पुलिस कुलपहाड़ अनिरुद्ध कुमार, थाना प्रभारी कुलपहाड़ अवधेश मिश्रा और चौकी प्रभारी जैतपुर मालखान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर जांच में जुटे हुए हैं। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद हैं।

### करंट लगने से युवक की मौत

**बांदा।** कानपुर जिले के मंगला विहार कॉलोनी निवासी बृजेंद्र सिंह (37) पुत्र शमशेर सिंह बुधवार को सुबह छावनी स्थित शापिंग माल के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे लगे विद्युत पोल पर अचानक करंट उतर आने से वह चपेट में आ गया। आसपास के लोगों ने बिजली आपूर्ति बंद कराकर उसे करंट से मुक्त किया। हालांकि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साथी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बृजेंद्र सिंह शहर में रिलायंस मोबाइल नेटवर्किंग का काम करता था।

# गणेश सेवा समिति कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

आगामी गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियों को लेकर गणेश सेवा समिति राजा रंगबाज महाराज के नए कार्यालय का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यालय का संयुक्त रूप से उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख जय नारायण यादव के कर-कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति और ब्लॉक प्रमुख जय नारायण यादव ने समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आपसी सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आगामी गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए समिति को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के



दौरान समिति के संरक्षक महेश गुप्ता दीपू, समिति के अध्यक्ष अनुभव मिश्रा, सोनू तिवारी, बाल गोपाल गुप्ता, संजय ओमर, अनुज शिवहरे, धीरू यादव, श्यामलाल गुप्ता, भार्गव मिश्रा, संदीप गुप्ता, अरविंद कुमार, कार्तिक गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, अभिषेक ओमर, गौरव पालीवाल, आयुष पालीवाल, आर्यन चंदेल, अजय कोबरा, अमन गुप्ता, बाबू सोनी, मोनू गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह-समझौते से निपटेंगे मामले

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितंबर को जनपद न्यायालय और सभी तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार राय के निर्देशन में इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सचिव वंदना अग्रवाल ने जनपदवासियों और संबंधित पक्षकारों से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में पहुंचकर अपने उपयुक्त मामलों का आपसी सुलह-समझौते से निस्तारण कराने की अपील की है। लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, चेक बाउंस, धन वसूली, विद्युत एवं जल बिल, भरण-पोषण, मोटर




दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक और विभिन्न दीवानी मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में समझौते से मामलों का निपटारा होने पर पक्षकारों के समय और धन की बचत होती है। साथ ही विवादों का सरल, त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान मिलता है। सचिव ने अधिवक्ताओं से भी अधिकाधिक मामलों को लोक अदालत में संदर्भित कराने की अपील की है।

### भाजपा मंडल बैठक में संगठन मजबूती और विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन

**कुरारा।** ब्लॉक परिसर स्थित सभागार में बुधवार को भाजपा मंडल की मासिक कामकाजी बैठक हुई। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष सरस्वती शरण द्विवेदी ने बूथ, शक्तिकेंद्र, मंडल और मंडल कार्यकारिणी के सत्यापन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय करने का आह्वान किया। बैठक में पार्टी कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक पहुंचाने और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान जिलामंत्री ओमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, मंडल महामंत्री दिनेश द्विवेदी समेत पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन दिन बाद नाले में मिली किशोरी की लाश, झाड़ियों में फंसा था शव

**सरीला।** जलालपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव में रविवार शाम नाले के तेज बहाव में बही 15 वर्षीय किशोरी प्रांसी यादव पुत्री साधुराम यादव का शव बुधवार दोपहर करीब 12:45 बजे घटना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर दूसरे चेकडैम के पास झाड़ियों में फंसा मिला। बेटी की तलाश कर रहे पिता साधुराम की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने उसकी पहचान की। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रांसी रविवार शाम करीब 4:30 बजे बहनों के लिए पड़ोरा लेने उधरहंका मौजा गई थी। नाले में तेज बहाव होने के कारण पिता ने उसे जाने से रोका था। लौटते समय पुरैनी गांव से करीब 400 मीटर दूर रपटे पर पैर फिसलने से वह तेज बहाव में बह गई। राघवेंद्र और दीना ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना के बाद प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस, स्थानीय गोताखोर, पीएसी फ्लड टीम और एसडीआरएफ ने लगातार सर्च अभियान चलाया। पिता भी तीन दिन तक बेटी की तलाश में जुटे रहे। कानों से कम सुनाई देने के बावजूद वह नाव और पैदल खेतों व झाड़ियों में बेटी को खोजते रहे।पानी के तेज बहाव के कारण प्रांसी पहले चेकडैम से आगे निकलकर दूसरे चेकडैम तक पहुंच गई थी। वहां रास्ता न होने और झाड़ियों में शव फंसे होने के कारण उसकी तलाश में टीमों को काफी कठिनाई हुई। बुधवार को शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया संगठन का विस्तार

**राठ (हमीरपुर)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई की बैठक मंगलवार को नारायण गार्डन में जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर विचार-विमर्श किया गया।




इसके बाद विभिन्न ट्रेडों के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से ऑटो पार्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर याकूब मंसूरी तथा खाद-बीज एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर जाबिर राईन और महामंत्री पद पर अनिल कौशल को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवघोषित पदाधिकारियों का व्यापारियों ने फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। बैठक में प्रदेश मंत्री ब्रजभूषण सोनी (दाऊ), जिला महासचिव कामेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष गिरीशशरण बुधौलिया, नगर महासचिव सुरेश कुमार सोनी, विकास साहू, नीरज गुप्ता, राजेंद्र, पवन अग्रवाल व केके सोनी समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# चालीहा व्रत अखंड ज्योति महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**झांसी।** सेंट्रल सिंधी पंचायत एवं झूलेलाल सिंधी सेवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में महानगर के रानी महल स्थित पूज्य सिंधी पंचायत भवन में भगवान श्री झूलेलाल जी का 28वां चालीहा व्रत अखंड ज्योति महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी



मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भगवान श्री झूलेलाल की आरती, भजन-संध्या और धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि भगवान श्री झूलेलाल जी का संदेश समाज में प्रेम, भाईचारे, सेवा और एकता की भावना को मजबूत करने का है। ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और जरूरतमंदों की सेवा के लिए सभी को मिलकर आगे आना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष हरीश हासानी, अध्यक्ष आकाश खियानी, मुख्य संरक्षक चंद्र प्रकाश नैनवानीस मुख्य सचिव जय किशन फबयानी, संरक्षक राम अहूजा, वासुदेव वाधवा,अशोक जैसवानी, सचिन, मूलचंद गंगवानी, अमित कुमार गोदबानी, कोषाध्यक्ष अनिल मखीजा , उपाध्यक्ष महेश पवनी, बसंत रंगलानी, राजकुमार बसरानी, घनश्याम दास, दिनेश कोडवानी , सी ए प्रतीक मेघानी, जतिन बचवानी, धर्मेंद्र खटीक, मोहित लक्षकार, राकेश सिद्धांत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरी युवा शक्ति, नशे से मुक्ति पाने का दिया संदेश

- रन फॉर नो ड्रग्स में छात्र छात्राओं के साथ युवा, खेल प्रेमियों ने लिया हिस्सा

**समृद्धि न्यूज़, बरुआसागर (झांसी)।**

नशे के खिलाफ जागरूकता का सन्देश लेकर बरुआसागर की सड़को पर युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। फिजिकल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन की ओर से नशा मुक्त भारत विकसित भारत रन 2026 का आयोजन किया गया। सुबह पाँच बजे परान के मैदान स्थित बस स्टैण्ड से शुरू हुई रन को मुख्य अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एक दो और तीन किलोमीटर की रन परान के मैदान से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास से मुख्य बस स्टैण्ड रोड होते हुए कम्पनि




बाग तक पहुँची। इसके बाद प्रतिभागी वापस परान के मैदान पहुँचे, जहाँ रन का समापन हुआ। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का बैच अलंकरण कर स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम में एमएलसी रमा निरंजन, पूर्व एमएलसी श्याम सुन्दर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सिंह सीडीओ रमेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, नगरपालिका अध्यक्षा सुशीला कुशवाहा, बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह गौड़, जिला कीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह, आर पी निरंजन, हैप्पी चावला डॉ जितेंद्र सिद्धार्थ, सुशील कुशवाहा, अशोक अग्रवाल, महेश परिहार, देवेन्द्र कुशवाहा, गज्जू , सपना गुंजन, श्वेता राय शिवानी राय स्वाती काजल मुस्कान सपना सहित नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

आयोजकों ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाकर खेल, स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन शैली से जोड़ना ही आयोजन कर मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान सभी ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली। रन के अलावा निबन्ध कला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस बीच बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम भी प्रस्तुत किए । प्रतियोगिताओं और रन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाउण्डेशन के अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह परिहार ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा देकर ही स्वस्थ और विकसित समाज कानिर्माण किया जा सकता है। दिव्यांग खिलाड़ियों ने दिलाया हौसला। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। थाना प्रभारी प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने रन के मार्ग पर व्यवस्था सँभाली।

# बुंदेलखंड के साहित्य में इतिहास बोध पर शोध परियोजना स्वीकृत

- भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् ने प्रो. मुन्ना तिवारी के शोध प्रस्ताव को दी मंजूरी

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

बुंदेलखंड के साहित्य में इतिहास बोधः वास्तविकता और कल्पना विषय पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् द्वारा शोध परियोजना स्वीकृत की गई है। परियोजना के लिए 3 लाख रुपये की अग्रिम ग्रांट भी स्वीकृत की गई है। शोध कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता के आधार पर आगामी चरणों में ग्रांट की राशि बढ़ाए जाने की संभावना है। इस महत्वपूर्ण शोध परियोजना का दायित्व प्रो. मुन्ना तिवारी को सौंपा गया है। प्रो. तिवारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड एप्लाइड सोशल साइंसेज के समन्वयक तथा हिंदी विभाग के आचार्य हैं।परियोजना के अंतर्गत बुंदेलखंड के साहित्य में इतिहास बोध, ऐतिहासिक घटनाओं एवं पात्रों के साहित्यिक पुनर्सृजन तथा वास्तविकता और कल्पना के अंतर्संबंधों का शोधपरक अध्ययन किया जाएगा। इसके माध्यम से बुंदेलखंड की समृद्ध साहित्यिक एवं ऐतिहासिक विरासत को नए



अकादमिक दृष्टिकोण से समझने का प्रयास होगा। कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय ने शोध परियोजना की स्वीकृति पर प्रो. मुन्ना तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की साहित्यिक और ऐतिहासिक विरासत पर केंद्रित इस प्रकार के शोध कार्य न केवल अकादमिक जगत को नई दिशा देते हैं, बल्कि बुंदेलखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को व्यापक स्तर पर सामने लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।प्रोफेसर मुन्ना तिवारी ने कहा कि इस शोध परियोजना से बुंदेलखंड के साहित्य और इतिहास के अंतर्संबंधों पर नए शोध आयाम विकसित होने के साथ-साथ क्षेत्र की साहित्यिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, अध्ययन और दस्तावेजीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया मंगलसूत्र छीनकर भागने वाला बदमाश

**उरई (जालौन)।** रक्षाबंधन के दिन बीच बाजार महिला का मंगलसूत्र छीनकर फरार हुए बदमाश को मंगलवार रात कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, बाइक और महिला से छीना गया मंगलसूत्र बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रक्षाबंधन के दिन महिला से स्नैचिंग करने वाला आरोपी किसी अन्य वारदात की फिराक में फैक्ट्री चौकी क्षेत्र के आसपास घूम रहा है। इसी दौरान पुलिस को बाइक सवार एक संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी।

# यह पार्क और स्मारक युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करेगा: बीएल वर्मा

**उरई(जालौन)।** ग्राम जैसारी कला में अमर शहीद धर्मपाल सिंह लोधी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से पार्क व स्मारक निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने भूमि पूजन किया साथ ही अमर शहीद धर्मपाल सिंह लोधी की स्मृति में पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि देश की स्वतंत्रता, सुरक्षा और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनकी स्मृतियों को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग व राष्ट्रप्रेम से परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शहीद की स्मृति में बनने वाला पार्क व स्मारक स्थानीय लोगों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नागरिकों ने अमर



शहीद धर्मपाल सिंह लोधी के चित्र व स्मृति को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, अशोक राजपूत, मनोज राजपूत, रामजी राजपूत, रेखा वर्मा, छत्रपाल सिंह राजपूत, आराधना राजपूत मौजूद रहे, कार्यक्रम आयोजक नेत्रपाल सिंह मुखिया द्वारा किया गया।

### युवक का शव कमरे के अंदर मिला

**बांदा।** कालिंजर थाना क्षेत्र के कटरा निवासी अकील (45) पुत्र बिलाल शहर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी में रहकर शटरिंग का काम करता था। मंगलवार की शाम पड़ोसियों ने मकान के दरवाजे बंद मिले। आशंका पर पड़ोसियों ने सूचना पुलिस को दी। दरवाजा तोड़क मकान के अंदर दाखिल हुई पुलिस ने उसका शव जमीन पर पड़ा देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी मेहरुनिशां ने बताया कि वह अपनी ससुराल कटरा गांव गई थी। घटना के वक्त पति घर में अकेला था।

# लगातार बारिश बनी आफत, अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

- शहरी क्षेत्र समेत आसपास के गांवों में बारिश ने लोगों की बढ़ाई मुसीबत
- जलभराव से घरों में घुसा पानी, कहीं पुलिया तो कहीं सड़कें बह गईं

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

मंडल मुख्यालय समेत आसपास के जिलों में लगातार हो रही बारिश शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों में हालात बद से बदतर हो गए हैं। लगातार बारिश से जिले में दर्जनों कच्चे मकान, दीवार, पेड़, बिजली के खंभे जमींदोज हो गए। इनसे हुए अलग-अलग हादसों में बालक समेत तीन की जान चली गई। कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश से शहरी क्षेत्र के कई मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवों में भारी जलभराव की स्थिति है। ग्रामीण इलाकों में जल भराव के चलते कहीं पुलिया तो कहीं सड़कें बह गई हैं। लोगों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश लोगों के लिए आफत बनी है। खेतों में पानी भरने से पशुओं के हरे चारे का संकट खड़ा हो गया। लगातार बारिश से जिले के कई गांवों में दर्जनों कच्चे मकान, दीवार, पेड़, बिजली के खंभे जमींदोज हो गए। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सिमौनी गांव निवासी प्यारी (65) पत्नी राम रतन मंगलवार की रात कमरे के बाहर सो रही थी। परिवार के अन्य लोग दूसरे कमरे में सो रहे थे। तेज बारिश के दौरान कच्चा मकान भरभराकर ढह जाने से प्यारी मलबे के नीचे दब गई। घर वालों ने मलबा हटाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह मर्का थाना क्षेत्र के बैरफ गांव के मजरा कंधइया डेरा निवासी महादेईया (60) पत्नी रामखेलावन मंगलवार की रात कमरे में सो रही थी। तभी कच्ची दीवार भर भराकर ढह जाने से वह मलबे में दब गई। परिजनों ने उसे मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। उधर, पैलानी थाना क्षेत्र के पैलानी गांव के जोगियों की बस्ती निवासी आरंभ (6) पुत्र पप्पू गिरि दरवाजे पर खेल रहा था। अचानक पूरा मकान भरभराकर ढह जाने से वह मलबे में दबकर उसकी मौत हो गई। मृतक की मां रश्मि व पड़ोसी महिला ललिता भी घायल हो गईं। अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मूसलाधार बारिश के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर बदौसा कस्बा स्थित बागै नदी पुल से लगभग 20 मीटर पहले सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। सड़क में गहरी दरारें आ गईं।

### विधायक ने जलभराव ग्रस्त गांवों का किया दौरा

बबेरू सपा विधायक विशंभर सिंह यादव ने कस्बा के तहसील रोड समेत उमरहनी, तिलौसा, छिलोलर, जामू, कमासिन, पछौहा आदि गांवों का भ्रमण कर जलभराव की हकीकत जानीं। उन्होंने उप जिलाधिकारी के साथ ही उच्चाधिकारियों को जल निकासी के प्रबंध कराने के निर्देश दिए। उमरहनी गांव सहित सभी गांवों का जलभराव से गिरे घरों का निरीक्षण करते हुए पीड़ितों को हर संभव आर्थिक मदद का भरोसा दिया। पीड़ित परिवारों से खाने पीने की ब्यवस्था की जानकारी ली। इस मौके पर शाहनवाज खान शानू, बृजमोहन यादव, ज्ञान सिंह, पुत्तन सिंह, अखिलेश पाल, अजीत यादव, दयाराम आदि उपस्थित रहे।



# सांप के काटने से मासूम सहित दो की मौत

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**

दो अलग अलग स्थानों पर साँप के काटने से मासूम सहित दो की मौत हो गई है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पहली घटना महोबा के कबरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही के कारण 6 साल के बच्चें की जान चली गई बच्चे को सांप ने काट लिया था। परिजन सुबह कबरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले कर पहुंचे, लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर या स्टाफ नहीं मिला। रेफर पर्चा न होने पर एंबुलेंस ने भी सेवा देने से मना कर दिया। परिजन बाइक से जिला अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो। अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। यह घटना महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के सिरसीकलां गांव की है। दुर्जन अपने 6 साल के बेटे ऋतिक के साथ घर पर सो रहे थे। बुधवार सुबह भोर ऋतिक को जहरीले सांप ने काट लिया। बच्चे की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत कबरई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। परिजन अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड और दूसरे कमरों में करीब 15 मिनट तक डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को ढूंढते रहे। लेकिन अस्पताल का कोई भी कर्मचारी वहां मौजूद नहीं था। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अपनी जगह से गायब थे। जब परिजनों ने 108 एंबुलेंस को फोन किया, तो



एंबुलेंस कर्मचारियों ने कबरई छ्राष्ट से रेफर पर्चा न होने की बात कहकर सेवा देने से मना कर दिया। इसके बाद परिजन बच्चे को बाइक पर बैठाकर 20 किलोमीटर दूर महोबा के जिला अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने तुरंत इलाज और इंजेक्शन देना शुरू किया। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी और इलाज के दौरान ऋतिक की मौत हो गई। वही दूसरी घटना पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की है जहाँ सन्तोषपुरा निवासी रामसिंह पुत्र ज्ञानी उम्र 35 वर्ष को घर में सर्फ ने काट लिया जहाँ परजन उसे से जिला अस्पताल महोबा लाये जहां उसकी उपचार दौरान मौत हो गई।

# प्रदेश सरकार का आउटसोर्स कार्मिकों के हित में लिया गया निर्णय स्वागत योग्यः अशोक कुमार

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



प्रमाण पत्र पाए आउटसोर्स कार्मिया के साथ भाजपा विधायक

**मुख्यमंत्री** उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा आज लोक भवन, लखनऊ से आउटसोर्स कार्मिकों के बढ़े हुए पारिश्रमिक की घोषणा के साथ उ.प्र. आउटसोर्स सेवा निगम के लोगो का अनावरण तथा वेबसाइट एवं पोर्टल का शुभारम्भ किया गया। मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का जनपद स्तरीय आयोजन सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों ने कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सलोन अशोक कुमार, प्रशासक जिला पंचायत रंजना चौधरी, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गय कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण किया गया, जिसमें श्रम विभाग के अन्तर्गत मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना तथा कन्या विवाह सहायता योजना के विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं नगर पालिका के विभिन्न वार्डो के सफाई कर्मचारियों को सफाई किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक सलोन अशोक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स कार्मिकों के हित में लिया गया यह निर्णय सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। प्रशासक जिला पंचायत रंजना चौधरी ने कहा कि आउटसोर्स कार्मिक शासन की विभिन्न योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भरभराकर गिरा कच्चा मकान, बाल-बाल बचा परिवार

**समृद्धि न्यूज, डीह- रायबरेली।**



गिरा घर दिखाती महिला

कई दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश ने मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र की बहुतई ग्राम पंचायत में एक गरीब परिवार का आशियाना भरभरा कर गिर जाने से महिला प्रेम कुमारी का घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन समेत पूरी गृहस्थी घर के मलबे में दबकर बर्बाद हो गई। मकान गिरने की तेज आवाज और परिवार की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। हालात की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल राहत-बचाव शुरू किया और मलबे में फंसे परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसा इतना भयावह था कि कुछ ही पलों में वर्षों से बनाया गया आशियाना मलबे के ढेर में तब्दील हो गया। हालांकि राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। मकान और गृहस्थी का सामान मलबे में दब जाने के बाद प्रेम कुमारी के परिवार के सामने अब सिर छिपाने से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित परिवार की हालत देखकर ग्रामीणों में भी चिंता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर राजस्व एवं संबंधित अधिकारियों को भेजकर नुकसान का आंकलन कराया जाए तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, राशन और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बारिश के बीच कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों की सुरक्षा के लिए प्रशासन को

## नवाबगंज में कच्चा मकान ढहा मलबे में दबने से डेढ़ साल के प्रियांश की मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** लगातार हो रही बारिश अब ग्रामीण इलाकों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। बुधवार सुबह नवाबगंज थाना क्षेत्र के छोटी कोथरिया गांव में बारिश से सीले एक कच्चे मकान का अगला हिस्सा ढह गया। इस हादसे में मलबे के नीचे दबने से चंद्रप्रकाश यादव के डेढ़ वर्षीय मासूम पुत्र प्रियांश की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, लगातार बारिश की वजह से चंद्रप्रकाश का कच्चा मकान काफी कमजोर हो चुका था। बुधवार सुबह जब परिवार के लोग अपने कामों में व्यस्त थे, तभी अचानक मकान का अगला भाग भरभराकर गिर पड़ा। वहीं खेल रहा मासूम प्रियांश मलबे की चपेट में आ गया। धमाके की आवाज और चीख-पुकार सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे से बच्चे को बाहर निकाला।

## जलभराव से नाराज ग्रामीणों ने हैदरगढ़ मार्ग किया जाम

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज-रायबरेली।**

भारी बारिश और घरों में जलभराव से परेशान कोटवा मदनिया गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को महाराजगंज-हैदरगढ़ मार्ग जाम कर दिया। जाम की सूचना पर हरकत में आई पुलिस मौके पर पहुंची और चक्का जाम कर रहे एक युवक अनुपम जायसवाल को अपने साथ तहसील ले आई। युवक को पुलिस द्वारा ले जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील पहुंच गए और एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम से मुलाकात कर जलभराव से उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया।

बताया जाता है कि लगातार हो रही बारिश और महराजगंज ड्रेन की साफ सफाई न होने के कारण ड्रेन के आसपास बसे गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। पानी घरों तक पहुंचने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी से नाराज कोटवा मदनिया के ग्रामीणों ने बुधवार को महाराजगंज-हैदरगढ़ मुख्य मार्ग पर बैठकर आवागमन बाधित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जाम समाप्त कराने का प्रयास किया।

इसी दौरान पुलिस एक युवक अनुपम जायसवाल को अपने वाहन में बैठाकर तहसील परिसर ले गई। इससे नाराज ग्रामीण भी तहसील पहुंच गए और वहां हंगामा करने लगे।

स्थिति को देखते हुए एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं।

ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण गांव में विद्युत खंभा टूट गया है, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित है। इसके अलावा गौवंशों के चारे और पानी की समस्या, इलाज की समुचित व्यवस्था, महराजगंज ड्रेन की सफाई तथा गांव में आवागमन सुचारु कराने की मांग की गई।

एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गौवंशों को नजदीकी गौशाला में भिजवाने की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने विद्युत विभाग के एक्सईएन को तत्काल टीम भेजकर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं पूर्ति निरीक्षक को समय से पहले राशन वितरण कराने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एसडीएम ने बताया कि जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुरोध पर एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव को अनुपम जायसवाल को छोड़ने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।

## जिलाधिकारी ने सलोरी कछार पहुंचकर बढ़ रहे जलस्तर का जायजा लिया

▸ बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां रखने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को बाढ़ के दृष्टिगत सलोरी कछार का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में आमजन को कोई दिक्कत न हो।

उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है।

नदी के किनारे क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है। एनडीआरएफ की टीम लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रख रही है। सभी राहत शिविर क्रियाशील है।

उन्होंने लोगो से अपील की कि यदि बाढ़ का पानी ज्यादा बढ़ता है, तो वे बाढ़ राहत शिविरों में शिफ्ट हो जाये।

जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में नगर निगम को व ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतीराज विभाग को साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही दवाओं का छिड़काव भी कराये जाने के निर्देश दिए गए है।

जिलाधिकारी ने बाढ़ राहत केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण खाना, पानी, प्रकाश, दवाओं सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान बाढ़ एवं राहत कार्य से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रानीगंज में आस्था के साथ मनाया गया ललही छठ पर्व

▸ माताओं ने रखी संतान के सुख-समृद्धि की कामना

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**



क्षेत्र में ललही छठ (हलषष्ठी) का पावन पर्व पूरी श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक विधि-विधान के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही ग्रामीण व कस्बाई इलाकों के घरों में पूजा-पाठ को लेकर खास चहल-पहल और तैयारियां शुरू हो गई थीं।

इस अवसर पर माताओं ने अपनी संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और पूरे परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में एकत्र होकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार महुए की दातून और पसरी के चावल का उपयोग करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और कथा सुनी। ललही छठ पर्व को लेकर क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह व उमंग देखने को मिली। प्रमुख पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था नजर आई। पूजा-संपन्न होने के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को ललही छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं, जिससे ग्रामीण और बाजार क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

## खबरें एक नजर में

### गुरुग्राम में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**प्रतापगढ़।** गुरुग्राम में रहकर इलेक्ट्रिशियन का काम करने वाले रानीगंज थाना क्षेत्र निवासी जावेद (30) की 1 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की खबर के साथ ही सोशल मीडिया पर उसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें जावेद अपनी मौत के लिए अपनी पत्नी और ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराते हुए अपने 2 साल के मासूम बच्चे को परिजनों को सौंपने की भावुक अपील कर रहा है। मृतक के परिजनों के अनुसार, जावेद की शादी करीब 5 साल पहले सुजानगंज की रहने वाली सायमा से हुई थी। 18 जून को वह छोटे भाई की शादी में गांव आया था और शादी के दो दिन बाद पत्नी-बच्चे के साथ गुरुग्राम लौट गया। वहां करीब 20 दिन बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। और पत्नी अपने भाई के साथ मायके चली गई। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद से जावेद को लगातार धमकियां मिल रही थीं। हालांकि, स्थानीय स्तर पर दंपती के बीच आपसी विवाद को लेकर अलग-अलग चर्चाएं भी हैं। जावेद अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। छह महीने पहले ही उसके पिता को लकवा मार गया था, जिससे वे बिस्तर पर हैं। खुद जावेद भी कुछ साल पहले एक हादसे में अपनी एक आंख की रोशनी लगभग गंवा चुका था, फिर भी मेहनत करके परिवार का सहारा बना हुआ था। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के शव सौंप दिया, जिससे मौत के कारणों को लेकर संशय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच, वायरल वीडियो और विवाद के कारणों की पड़ताल में जुटी हुई है।

### बाराही संस्थान के छात्रो को मिला लाभ

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** रानीगंज उत्तर प्रदेश शासन ने रानीगंज के ग्रामीण क्षेत्र स्थित मा बाराही विद्या प्रकाश शिक्षण संस्थान तिवारीपुर के छात्रो को आर्थिक सहायता प्रदान की है। शिक्षा के अधिकार आरटी के तहत वर्ष 2025-26 के शैक्षिक सत्र की सहायता 28 अगस्त 2026 को सीधे छात्रो के बैक के खातो मे डीबीटी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस पहल से क्षेत्र मे खुशी का माहौल है। विद्यालय के शिक्षको, अभिभावको और प्रबंधन ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है। आभार ब्यक्त करने वालो मे संस्थान की प्रबन्धिका राधा श्रीवास्तव, निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव, संचालन विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य आशुतोष श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार और शिक्षक शिवशंकर त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य अनिल सरोज और अभिभावको ने भी सरकार को धन्यवाद दिया।

### भारी वर्षा एवं सई नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण ग्रामसभा बूढ़ेपुर

**रानीगंज-प्रतापगढ।** ग्रामसभा परसरामपुर चौहरजन विकासखंड शिवगढ तहसील रानीगंज में विगत कई दिनों से हो रही भारी वर्षा एवं स ई नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण ग्रामसभा के कई मजरों - श्रीपुर जामताली बसीरपुर, बसहा, समेत अन्य में अत्यधिक जलभराव हो गया है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गांव के संपर्क मार्ग, गलियां एवं लोगों के घरों के आसपास पानी भरा हुआ है। इस जलभराव के कारण स्थानीय ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं तथा रोजमर्रा के काम के लिए आवागमन करने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर रास्ते पूरी तरह खराब एवं कीचड़युक्त हो गए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे गंभीर चिंता यह है कि लंबे समय तक जलभराव रहने से मच्छरों का प्रकोप, गंदगी एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जलनिकासी की व्यवस्था एवं नालियों की सफाई, खराब रास्तों पर आवागमन योग्य अस्थायी व्यवस्था, कीटनाशक/एंटी-लार्वा दवा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, राजस्व एवं विकास विभाग की टीम द्वारा मौके का निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों एवं मार्गों का स्थलीय आकलन करना जरूरी बन गया है। विशेष रूप से छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों के आवागमन वाले मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी अप्रिय घटना अथवा बीमारी की स्थिति उत्पन्न न हो।

## लगातार बारिश के चलते डीह का आधा कस्बा बना टापू

**समृद्धि न्यूज, डीह - रायबरेली।**



जल निकासी की सही दिशा न होने के चलते डीह का आधा कस्बा कई दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते टापू बन गया वहीं कस्बे के बाहर गलथरेस्वर मंदिर स्थित नव निर्मित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय जलभराव होने से टापू नजर आ रहा है वहां आने जाने का रास्ता भी पानी में डूब गया जिससे वहां पर शिक्षकों और बच्चों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है छोटे छोटे बच्चों के चलते शिक्षकों द्वारा मंदिर परिसर पर ही शैक्षिक कार्य करवाने के लिए मजबूर है डीह कस्बे में इस तरफ अंसारी मोहल्ला ,पुरानी बाजार ,धोबिन टोला, भीरा आदि मोहल्लों का बारिश का पानी पीएचसी परिसर से होकर डेला मार्ग से गलथरेश्वर मंदिर के पास के तालाब में जाता था लेकिन उस तालाब को अमृत सरोवर के लिए दो वर्ष पूर्व चयनित किया गया और उसका निर्माण कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हुआ अमृत सरोवर के कारण कस्बे की जलनिकास के लिए पक्की नाली का निर्माण दूसरे तालाब राजा तलवा को किया गया इस बार काफी बारिश होने पर वह तालाब भर जाने से जल निकासी ठप हो जाने से कस्बे व मोहल्लों में जल भराव शुरू हो गया इधर बारिश से ही मंदिर का तालाब और किसानों के खेत भी जलमग्न हो गए जिससे किसानों की धान की फसल भी डूब गई मंदिर जाने वाले रास्ते के ऊपर से पानी बह रहा है इन तालाबों के जल निकासी के लिए बने नाले पर कई जगह हुए अतिक्रमण और साफसफाई न होने के चलते जल भराव की समस्या बढ़ गई है अगर इसी तरह बारिश होती रही तो कई गांव जलमग्न हो सकते है ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से जलनिकासी के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित कर नाले पर हुए अतिक्रमण व सफाई करवाए जाने की मांग की है।

## सर्पदंश से चार साल की मासूम बच्ची की मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के सरैयावा पूरे लोहारन गांव में बुधवार सुबह करीब आठ बजे सर्पदंश से चार वर्षीय मासूम बच्ची राधिका उर्फ हिमामी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय गांव निवासी राजेश कुमार प्रजापति की बेटी घर पर ही थी, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। बच्ची को सांप के काटने की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही मां सुशीला देवी समेत परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे गांव में मातम छा गया।

## नदी पार कर रही युवती की पैर फिसलने से मौत

**कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।**

जनपद के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत विक्रमपुर गांव की एक 18 वर्षीय युवती की नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान तमन्ना सिंह पुत्री बजरंग बहादुर सिंह (उम्र 18 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तमन्ना अपने खेत देखने के लिए सकरनी नदी पार करके गई थी। खेत से वापस लौटते समय नदी में पानी काफी बढ़ चुका था।नदी में बना डैम करीब 1 फीट से अधिक पानी में डूब चुका था और दिखाई नहीं दे रहा था। तमन्ना उसी डैम के ऊपर से नदी पार करने लगी, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बह गई। काफी दूर तक बहने के बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मृतका के पिता बजरंग बहादुर सिंह ने बताया कि नदी पर पुल बनवाने के लिए पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता से लेकर विधायक जीत लाल पटेल तक कई बार मांग की गई, लेकिन किसी ने नहीं सुना। सदर प्रमुख स्व. शेषा सिंह ने पुल पास कराया था, लेकिन इसी बीच उनकी मृत्यु हो गई और काम में देरी हो गई। बरसात में पानी अधिक होने के कारण पुल का निर्माण शुरू नहीं हो सका।पिता ने रोते हुए कहा - 'अगर आज पुल बना होता तो मेरी बिटिया की जान बच जाती।

## जिला विकास अधिकारी को परियोजना निदेशक ने लिखा कड़ा पत्र

**30 अगस्त को पत्र लिखने के बाद भी नहीं हटाए गए लिपिक व लेखाकार**

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** जिले के ग्राम्य विकास विभाग में एक लिपिक व लेखाकार को लेकर परियोजना निदेशक व जिला विकास अधिकारी आमने सामने हो गए है।04 दिन पूर्व जिला विकास अधिकारी को पत्र लिखकर दोनों कर्मचारियों के हटाने की मांग करने वाले परियोजना निदेशक ने बुधवार को दूसरा पत्र भेजते हुए डीडीओ पर गम्भीर आरोप मढ़े है। बता दे कि बीते दिनों परियोजना निदेशक अशोक सिंह के आवास पर पहुंचकर गलत फाइल पास करवाने का दबाव बनाने वाले वरिष्ठ लिपिक मनोज श्रीवास्तव व लेखाकार अमित कुमार श्रीवास्तव पर अभिलेख हेराफेरी करने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए ग्राम्य विकास विभाग से हटाने के लिए पीडी ने 30 अगस्त को जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी को पत्र लिखा था।पत्र में दो जानकार बाबुओं की मांग भी पीडी द्वारा डीडीओ से की गई थी।लेकिन 04 दिन बीतने के बाद भी विगत पांच वर्षो से ग्राम्य विकास विभाग में सम्बद्ध दोनो कर्मचारियों को डीडीओ द्वारा नहीं हटाया गया।जिसके बाद बुधवार को पीडी ने डीडीओ को पत्र लिखते हुए कहा कि आपसे दो जानकार बाबुओं की मांग की गई थी।

## कच्ची दीवार गिरने से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज रायबरेली।**



चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे नया पुरवा में कच्ची कोठरी गिरने से मलबे में दबे 70 वर्षीय बुजुर्ग की सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों द्वारा बुजुर्ग की मौत की पुष्टि होने पर परिजन उनका शव लेकर गांव चले गए। सीएचसी के चिकित्सक की मेमो सूचना पर मौके पर पहुंची चंदापुर पुलिस ने मृतक बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के पूरे नया मजरे चंदापुर गांव निवासी रघुनाथ 70 वर्ष पुत्र ननकऊ मंगलवार को खाना खाने के बाद कच्ची दीवार पर रखे शेड के नीचे सो रहे थे। परिजनों के अनुसार रात करीब 12 बजे कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई जिससे शेड के नीचे सो रहे रघुनाथ उस नीचे दब गए। तेज आवाज सुनकर बाहर निकले परिजनों के चीख पुकार मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। परिजनों ने ग्रामीणो की मदद से दीवार के मलबे में दबे बुजुर्ग को किसी तरह बाहर निकाला और आनन फानन सीएचसी महराजगंज पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। सीएचसी के डा पियूष सिंह के अनुसार बुजुर्ग को गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत होने के बाद परिजन उनका शव लेकर गांव वापस लौट गए।

सीएचसी के चिकित्सक की मेमो सूचना पर मृतक के गांव पहुंची चंदापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम ने बताया कि बुजुर्ग की मौत का मामला संज्ञान में है, पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी।

## टूटी पुलिया से हादसे का खतरा

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** बछरावां विकास खंड के चुरुआ-सेहगों मार्ग पर शारदा सहायक नहर के पास बीच सड़क पर बनी पुलिया टूट गई है।

## फाइल पास करवाने का दबाव बनाने वाले वरिष्ठ लिपिक व लेखाकार को पत्र लिखा

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** बीते दिनों परियोजना निदेशक के आवास पर गलत तरीके से फाइल पास करवाने का दबाव बनाने वाले वरिष्ठ लिपिक व लेखाकार को डीआरडीओ से हटाने के लिए परियोजना निदेशक ने जिला विकास अधिकारी को पत्र लिखा है। पीडी द्वारा 30 अगस्त को लिखे गए पत्र के अनुसार 05 वर्ष से अधिक समय से डीआरडीए कार्यालय में संबद्ध लिपिक मनोज श्रीवास्तव व लेखाकार अमित कुमार श्रीवास्तव द्वारा अभिलेख में हेराफेरी करने,अभिलेख गायब करने के साथ डीआरडीए कर्मचारियों से वाद दायर कराने के कारण दोनों कर्मचारियों को डीआरडीए कार्यालय से कार्यमुक्त किया जा रहा है।साथ ही दो अन्य बाबुओं को डीआरडीए कार्यालय में सम्बद्ध करने के लिए जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी से परियोजना निदेशक अशोक सिंह द्वारा मांग की गई है। परियोजना निदेशक ने बताया कि उपरोक्त दोनों पर वित्तीय अनियमितता के साथ अभिलेख गायब करने के गंभीर आरोप है। इसलिए उन्हें डीआरडीए कार्यालय से हटाया गया है। इस संबंध में जब डीडीओ गजेंद्र तिवारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका सीयूजी नंबर किसी अन्य कर्मचारी द्वारा उठाया गया और बताया गया कि साहब मीटिंग में है।

## बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया ईंट से किया हमला

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के चौपुरा गांव में बुधवार सुबह आपसी विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर पर ईंट से कई वार कर हत्या कर दी। मृतक 35 वर्षीय रवि कुमार वर्मा ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। आरोप है कि गांव के बाहर पहले से मौजूद उसके बड़े भाई अनूप कुमार वर्मा ने उस पर अचानक हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से रवि सड़क पर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे एम्स रेफर कर दिया। परिजन उसे एम्स लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में रवि ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश में टीमें लगाई गई हैं। मंगलवार शाम दोनों भाइयों के बीच खाना देने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर अनूप ने डायल-112 पर सूचना दी कि घर पर उसे खाना नहीं दिया जा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, परिजनों का कहना है कि विवाद खत्म होने के बावजूद दोनों भाइयों के बीच तनाव बना हुआ था। बुधवार सुबह रवि रोज की तरह ड्यूटी के लिए घर से निकला। आरोप है कि गांव के बाहर पहले से घात लगाए बैठे अनूप ने रवि के पहुंचते ही उस पर हमला कर दिया। ईंट से सिर पर लगातार कई वार किए जाने से रवि गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रवि को एम्स रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर एम्स ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई और एम्स पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

पत्नी और मां समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

## स्वाइन फ्लू का बढ़ा प्रकोप, 24 घंटे में मिले 11 नए मरीज

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** जिले में स्वाइन फ्लू के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 24 घंटे में एक साथ 11 लोगों की स्वाइन फ्लू जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। नए मामलों के सामने आने के बाद जनपद में स्वाइन फ्लू से संक्रमित मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है।

स्वाइन फ्लू के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और जांच का दायरा बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर लोगों की जांच-पड़ताल कर रही हैं।

संदिग्ध मरीजों की जानकारी जुटाने के साथ ही उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह भी दी जा रही है। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच कराई जा रही है, ताकि संक्रमण के संभावित प्रसार का समय रहते पता लगाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रही हैं।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सदर तहसील क्षेत्र में स्वाइन फ्लू के सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

क्षेत्र में बढ़ते मामलों को देखते हुए जांच और निगरानी को और तेज कर दिया गया है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि स्वाइन फ्लू के मामलों पर स्वास्थ्य विभाग लगातार नजर बनाए हुए है। गांवों और कार्यालयों में जांच कराई जा रही है तथा लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है।

## सूचना

मैं मक्खन लाल सोनी सुत रामदास सोनी निवासी-ग्राम पचरास थाना व तहसील रानीगंज जनपद प्रतापगढ़। सशपथ बयान करता हूं किः-

धारा 1- यह कि मैं पता उपरोक्त का मैं स्थायी निवासी हूं।

धारा 2- यह कि मेरा नाती सुमित सोनी सुत स्व0 अरूण कुमार सोनी निवासी उपरोक्त जो गलत लोगों की सोहबत में पड़ गया है मेरे तथा मेरी पत्नी प्रेमा देवी के कहने सुनने में नहीं रहता है। उसका संबंध गलत व अराजक तत्वों से हो गया है जिससे मैं तथा मेरी पत्नी सुमित सोनी से बराबर हैरान व परेशान रहते है।

धारा 3- यह कि मेरा नाती सुमित सोनी नशेड़ी प्रवृत्ति का हो गया है जिसके कारण शपथकर्ता से पैसे की मांग करता रहता है। न देने पर मारने-पीटने की बराबर धमकी देता है। इसी क्रम में पुलिस शपथकर्ता एवं परिजनों को बराबर हैरान परेशान करती रहती है उसके इन कृत्यों से शपथकर्ता उसकी पत्नी पारिवारिक लोगों का जीना हराम हो गया है।

धारा 4- यह कि सुमित सोनी के उपरोक्त कृत्यों से आजिज आकर मैं और मेरी पत्नी प्रेमा देवी अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य की जिम्मेदारी शपथकर्ता व परिजनों से नहीं होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

धारा 5- यह कि मैं शपथकर्ता खूब सोच-समझकर बिना किसी जोर दबाव के अपने पूरे होशोहवास में देकर सुमित सोनी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

मैं शपथकर्ता उपरोक्त सशपथ बयान करता हूं कि शपथ पत्र की धारा 1 से 5 में वर्णित कथन सत्य है ईश्वर मेरी मदद करे।

दिनांक 31.08.2026

शपथकर्ता
मक्खन लाल सोनी (उपरोक्त)

# पेयजल की बर्बादी पर पालिका सख्त, 20 कनेक्शन काटे

- सड़क पर पानी बहाने वालों पर कार्रवाई
- डेरी संचालकों को नोटिस

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।



पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने सख्त रुख अपनाया है। 24 अगस्त से चल रहे प्रातःकालीन आकस्मिक निरीक्षण अभियान में दुरुपयोग के मामले सामने आने पर पालिका ने अब तक 20 जल संयोजन विच्छेदित कर दिए हैं।

निरीक्षण में सामने आया कि कई घरों में पाइप की फिटिंग भवन के अंदर न कर सड़क की ओर की गई है। वहीं सड़क पर ही नहाना, कपड़े-बर्तन धोना और पानी भरना हो रहा है। इससे पानी की बर्बादी के साथ सड़कों पर गंदा पानी फैल रहा है। जांच में कई कनेक्शनों में टोटी तक नहीं मिली। पूछने पर उपभोक्ताओं ने बताया कि टोटी लगा देंगे तो पानी आने का पता कैसे चलेगा। पालिका ने इसे जल संरक्षण के प्रति असंवेदनशीलता बताया। पालिका के अनुसार शासन का लक्ष्य 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन जल उपलब्ध कराना है, जो पांच सदस्यीय परिवार के लिए करीब 675 लीटर होता है। इससे अधिक पानी सड़क पर बहाना लापरवाही है।

कुछ स्थानों पर आवासीय कनेक्शन से डेयरी चलाने, भैंसों को नहलाने और गोबर बहाने में पालिका के पानी का उपयोग भी मिला। गोबरयुक्त पानी नालियों में जाने से निकासी बाधित हो रही है।

ऐसे डेयरी संचालकों को डेयरी नगर से बाहर करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। ईओ ने बताया कि कनेक्शन बहाली के लिए अब उपभोक्ता से शपथ-पत्र लिया जाएगा कि भविष्य में दुरुपयोग नहीं होगा और फिटिंग भवन के अंदर कराई जाएगी।

दोबारा दुरुपयोग मिलने पर 10 हजार रुपये तक जुर्माना जल मूल्य में जोड़कर वसूला जाएगा और कनेक्शन फिर काट दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी के साथ सभासद सुरेन्द्र कुमार, लेखा सहायक आकाश कुमार, जलकल पटल सहायक जनार्दन मिश्रा, पथ प्रकाश सहायक राजेश कुमार, निर्माण सहायक शैलेंद्र कुमार, आवास योजना प्रभारी प्रसन्नजीत मिश्रा, अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार, सफाई प्रभारी शिवशंकर तिवारी व कर्मचारी दीनानाथ, अकील खां मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण के लिए किया जागरूक

- विमला देवी इंटर कॉलेज में शिक्षा पर हुई विशेष कक्षा

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



विमला देवी इंटर कॉलेज में प्रौटिस्ट यूनिवर्सल के तत्वावधान में शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों पर आयोजित विशेष कक्षा में विद्यार्थियों को जीवन के सही उद्देश्य और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरुक किया गया। प्राउटिस्ट यूनिवर्सल के चीफ सेक्रेटरी आचार्य पुण्येशानन्द अवधूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने का साधन नहीं है।

इसका वास्तविक उद्देश्य शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और नैतिक विकास के साथ विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने सत्यनिष्ठा, अनुशासन, सहयोग, सेवा-भाव और सकारात्मक सोच को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्राउटिस्ट यूनिवर्सल के अभिनव कुमार ने साधना करने का प्रदर्शन भी किया।

उन्होंने बताया कि इस कक्षा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्रवान व्यक्तित्व, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक जीवन-दृष्टि का विकास करना है। विद्यार्थियों ने विषय से जुड़े प्रश्न पूछे और चर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों और अध्यापकों ने ऐसी ज्ञानवर्धक कक्षाओं के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रीता पाल, डॉ. उषा यादव, डॉ. रजनेश यादव, दमयंती बाथम, श्याम बाबू, जगमोहन, रीना पाल, मुस्कान, नीरज देवी, रोहित, अवधेश सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पंचायत सहायकों का धरना सात सितंबर से



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेशभर के पंचायत सहायक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सात सितंबर से लखनऊ के ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में विकासखंड छिबरामऊ के समस्त पंचायत सहायकों ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर आंदोलन में सहयोग एवं समर्थन मांगा है। पत्र में पंचायत सहायकों ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर शासन एवं विभाग द्वारा सौंपे गए विभिन्न ऑनलाइन, डिजिटल और प्रशासनिक कार्यों का वे लगातार निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी सेवा से जुड़ी समस्याओं और मांगों का समाधान नहीं किया गया है। यूनियन ने प्रमुख रूप से पांच मांगें रखी हैं। इनमें मुख्यमंत्री से पंचायत सहायकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराने, मानदेय बढ़ाकर ग्राम पंचायत सचिव के समान करीब 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने अथवा प्रदेश में निर्धारित न्यूनतम कुशल मजदूरी के बराबर मानदेय देने की मांग शामिल है। इसके अलावा अनुबंध/संविदा व्यवस्था समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली बनाते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की गई है। महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश देने तथा स्थानांतरण/समायोजन की नीति लागू करने के साथ आगामी ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती में पंचायत सहायकों को 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की भी मांग की गई है।

यूनियन ने चेतावनी दी है कि सात सितंबर से शुरू होने वाला धरना मांगों के समाधान तक जारी रहेगा। सकारात्मक निर्णय न होने पर पंचायत सहायक विभागीय कार्यों का बहिष्कार करते हुए आंदोलन में पूर्ण भागीदारी करेंगे।

# डीके स्पोर्ट्स अकादमी की बालिकाओं ने कबड्डी में रचा इतिहास



छिबरामऊ, कन्नौज। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सौरिख स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित बालक एवं बालिकाओं की कबड्डी प्रतियोगिता में डीके स्पोर्ट्स अकादमी की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला डीके स्पोर्ट्स अकादमी छिबरामऊ और कन्नौज स्पोर्ट्स अकादमी के बीच हुआ। दोनों टीमों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में डीके स्पोर्ट्स अकादमी की बालिकाओं ने दमखम दिखाते हुए मैच को 16 अंकों के अंतर से अपने नाम कर लिया। हर बार की तरह इस बार भी अकादमी की बालिकाओं ने मेहनत और टीमवर्क का परिचय दिया। कोच दुर्गेश कुमार ने कहा बारिश हो या धूप, बच्चे मेहनत हमेशा करते रहते हैं और उनका संघर्ष आज जीत के रूप में दिखा है। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और एकजुटता ही सफलता की कुंजी है। भविष्य में भी ये खिलाड़ी और ऊंचाइयां छूएंगी। इस जीत से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है।

# बारिश में भरभराकर गिरी कच्चे मकान की छत

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



ग्राम सराय गोपाल में सोमवार दोपहर एक कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय परिवार के लोग मकान के आसपास मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया और सभी बाल-बाल बच गए। छत गिरने से मकान में रखा गृहस्थी का सामान मलबे में दब गया। गांव निवासी सर्वेश पुत्र छेदालाल ने बताया कि रात्रि करीब दो बजे अचानक कच्चे मकान की छत गिर गई। छत गिरने की तेज आवाज सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने मलबा हटाकर अंदर रखे सामान को निकालने का प्रयास किया। सर्वेश की पत्नी शालिनी ने बताया कि मकान की कच्ची छत गिरने से चारपाई, बिस्तर, बक्सा, दो बोरी सरसों और करीब पांच कुंतल गेहूं मलबे में दब गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार को काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित के मुताबिक, हादसे में करीब 25 से 30 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

गृहस्थी का सामान मलबे में दबा

परिजनों ने बताया कि मकान पहले से ही जर्जर हालत में था। बारिश के कारण कच्ची छत कमजोर हो गई थी, जिसके चलते वह अचानक ढह गई। घटना के बाद परिवार के सामने गृहस्थी का सामान सुरक्षित रखने और रहने की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मौके पर जांच कराकर नुकसान का आकलन कराने और आर्थिक सहायता व मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत सचिव शिवम यादव ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। प्रधान से संपर्क कर लेखपाल को मौके पर भेजा जाएगा। लेखपाल द्वारा नुकसान का सर्वे कराया जाएगा, जिसके आधार पर पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### स्वदेशी व्यापारी कुंभ में आज लखनऊ जाएंगे व्यापारी

छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में 3 सितंबर गुरुवार को लखनऊ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के सभागार में स्वदेशी व्यापारी कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में व्यापारियों की प्रमुख समस्याओं को उठाया जाएगा और स्वदेशी व्यापार को मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा एवं जिला महामंत्री रामानंद वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कन्नौज जनपद से एक सैकड़ा चौपहिया वाहनों में व्यापारी बंधु शामिल होंगे। उन्होंने सभी व्यापारी बंधुओं से अपील की है कि वे अपने वाहनों के साथ सुबह 7 बजे कन्नौज पहुंचें। वहां से सभी एक साथ लखनऊ के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा व्यापारियों से व्यापक भागीदारी की उम्मीद है।

### इरफान हुसैन बने सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सचिव



समृद्धि न्यूज, समधन। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से मंगलवार देर शाम समधन नगर निवासी वरिष्ठ सपा नेता इरफान हुसैन को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में सचिव नामित किया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही सपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और इरफान हुसैन को बधाई दी। लखनऊ स्थित सपा कार्यालय से निकलने के बाद इरफान हुसैन ने सपा कार्यकर्ताओं को दूरभाष पर हुई वार्ता में पार्टी की ओर से सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सचिव मनोनीत किए जाने की जानकारी दी जिससे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। इरफान हुसैन ने पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की गरिमा और संगठन की नीतियों को बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे पूरी मेहनत और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उनके मनोनयन पर स्थानीय सपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।

### गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर, 42 मरीजों का उपचार



कन्नौज। विकासखंड हसेरन के उपकेंद्र कल्सान के ग्राम डेरावने में बुखार की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को शिविर लगाकर 42 मरीजों का उपचार किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा ने मामले का संज्ञान लेते हुए सीएचसी हसेरन की ब्लॉक रैपिड रिस्पांस टीम भेजने के निर्देश दिए थे। इसके क्रम में गांव में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 5 मरीज उल्टी-दस्त, 30 चर्म रोग और 7 सामान्य कमजोरी के मिले। सभी को उपचार व परामर्श दिया गया। टीम ने ग्रामीणों को ओआरएस पैकेट व क्लोरीन टेबलेट बांटी और पानी उबालकर या क्लोरीन से शुद्ध कर पीने की सलाह दी। बरसात को देखते हुए घरों व आसपास जलभराव न होने देने, एकत्र पानी हटाने, पूरे आस्तीन के कपड़े पहनने और मच्छरदानी लगाने के प्रति जागरूक किया गया। विभाग ने गांव की स्थिति सामान्य बताते हुए आशा व एएनएम को निरंतर भ्रमण कर सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई और बुखार के लक्षण पर मरीजों को सरकारी अस्पताल भेजने के निर्देश दिए हैं।

### न्याय के लिए एसपी की चौखट पर पहुंची पीड़िता

कन्नौज। तिर्वा थाना क्षेत्र के बोरीपुर गांव में मामूली विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। एक गर्भवती महिला ने देवरानी और जेठानी के पति संजय पर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का दावा है कि मारपीट के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और गर्भ में पल रहे चार माह के बच्चे की मौत हो गई। पीड़िता के मुताबिक, घटना के बाद उसने मामले की शिकायत थाने पर की, लेकिन आरोप है कि वहां उसकी सुनवाई नहीं हुई। पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़िता बुधवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने गर्भ में पल रहे चार माह के बच्चे की मौत की जानकारी दी। घटना के बाद से पीड़िता और उसके परिवार में आक्रोश है। पीड़िता ने एसपी से मामले की गंभीरता से जांच कराने, घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और उसे न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। अब पुलिस जांच के बाद ही मारपीट और गर्भस्थ शिशु की मौत के बीच संबंध तथा लगाए गए अन्य आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### डीएम ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वाले आउटसोर्स कर्मियों का सम्मान

कन्नौज। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के हितों के बेहतर संरक्षण और व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के पोर्टल व वेबसाइट का शुभारंभ कर लोगों का अनावरण किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र श्रीवास और आउटसोर्स कर्मियों ने देखा व सुना। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले आउटसोर्स कर्मी शिवम सैनी, आशीष वर्मा, अक्षत और आशीष कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पत्नी के सहारे गुजर-बसर कर रहा है परिवार

- आवास की आस अभी तक नहीं हुई पूरी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



विकासखंड क्षेत्र की मिघौली ग्राम पंचायत में एक परिवार पिछले तीन वर्षों से पक्के मकान के अभाव में पन्नी डालकर जीवन गुजारने को मजबूर है। गांव निवासी सूरज अपनी पत्नी सुष्मिता देवी और पांच बच्चों के साथ इसी पन्नी के सहारे दिन काट रहे हैं। बरसात के मौसम में परिवार की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। पन्नी से पानी टपकने के कारण बच्चों के साथ रात गुजारना भी मुश्किल हो जाता है।

सूरज ने बताया कि पक्का मकान बनवाने की आर्थिक क्षमता नहीं है। आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अभी तक परिवार को आवास का लाभ नहीं मिल सका है। उनका कहना है कि पन्नी कुछ समय बाद फट जाती है, जिसके बाद परिवार को बारिश और अन्य मौसम की मार झेलनी पड़ती है। सूरज की पत्नी सुष्मिता देवी ने बताया कि पति-पत्नी मजदूरी कर पांच बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। सीमित आमदनी के चलते पक्का मकान बनवाना संभव नहीं है। बारिश के दौरान पन्नी से पानी टपकने पर बच्चों को लेकर रातभर जागना पड़ता है। परिवार ने प्रशासन से जल्द आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। वहीं ग्राम प्रधान मनोज कुमार यादव ने बताया कि सूरज का नाम आवास की सूची में भेज दिया गया है। इसके अलावा दैवीय आपदा के तहत भी उनका नाम भेजा गया है।

# देर से पहुंचा छुट्टी का आदेश स्कूल खुलने के बाद हुई जानकारी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

सितंबर माह की शुरुआत झमाझम बारिश के साथ हुई है। माह के पहले दो दिनों में भोर होते ही हुई तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों को उठानी पड़ी। बारिश के बीच बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी की गई, लेकिन छुट्टी के आदेश ने अभिभावकों की परेशानी और बढ़ा दी। डीएम के निर्देश पर बीएसए ने कक्षा पीजी से आठवीं तक के विद्यालयों में छुट्टी घोषित की थी। हालांकि दोनों ही दिनों में छुट्टी का आदेश काफी देर से लोगों तक पहुंचा। एक सितंबर को भी जब तक छुट्टी की सूचना स्कूलों और अभिभावकों तक पहुंची, तब तक विद्यालय विधिवत खुल चुके थे और पढ़ाई शुरू हो गई थी। बुधवार, दो सितंबर को भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ। सुबह बारिश के बीच बच्चे स्कूल पहुंच गए और विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होने के बाद छुट्टी का आदेश पहुंचा। इससे अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी रही और बच्चों को वापस घर लाने में परेशानी हुई। भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी एवं पूर्व सभासद अतुल वर्मा ने कहा कि मौसम को देखते हुए छुट्टी का निर्णय उचित है, लेकिन अधिकारियों को आदेश समय रहते जारी करना चाहिए, ताकि उसका लाभ बच्चों और अभिभावकों को मिल सके।

### आलू किसानों को भंडारण शुल्क में छूट, आवेदन शुरू

कन्नौज। प्रदेश व देश में आलू के अत्यधिक उत्पादन के कारण किसानों को उचित मूल्य न मिल पाने की स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने आलू किसानों के हित में तीन महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति दी है। इसमें भाव स्थिरता कोष, भंडारण शुल्क में छूट व अधिसूचित आलू बीज पर छूट योजना शामिल हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि भंडारण शुल्क में छूट का लाभ लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसान विभागीय पोर्टल https://potato.uphorticulture.in अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि विवरण, कोल्ड स्टोरेज की रसीद व आलू बिक्री संबंधी प्रमाण जरूरी होंगे। जिला उद्यान अधिकारी ने सभी आलू किसानों से समय से आवेदन कर योजना का लाभ उठाने और अभिलेख सही व पूर्ण रूप से अपलोड करने की अपील की है।

### कक्षा 9 और 11 के अग्रिम पंजीकरण की तिथि बढ़ी

गुरसहायगंज,कन्नौज। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के कक्षा 9 और 11 तथा परीक्षा वर्ष 2027 के कक्षा 10 और 12 के संस्थागत व्यक्तिगत छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विशेष सचिव संदीप परमार द्वारा 31 अगस्त 2026 को जारी शासनादेश के अनुसार शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं सभापति माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रस्ताव पर छात्र हित में तिथियों में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। शासनादेश के तहत कक्षा 9 व 11 में अध्ययनरत छात्रों के अग्रिम पंजीकरण शुल्क के रूप में 50 रुपये प्रति छात्र लिया जाना है। इसमें से 40 रुपये चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा होंगे और 10 रुपये विद्यालय के खाते में रहेंगे। कोषागार में जमा शुल्क की सूचना व छात्रों का विवरण परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि पहले 25 अगस्त थी।

# पीडीए के बल पर 2027 में बनेगी सपा सरकार : रामसेवक बाथम

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।



साढ़े नौ वर्षों से जुमलेबाजों से ऊबी जनता विकास कार्यों और पीडीए के बल पर 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनाएगी। यह बात जनपद में तीन दिवसीय पीडीए पंचायत एवं जनसंवाद कार्यक्रम के बाद एक भेंटवार्ता के दौरान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामसेवक बाथम ने कही। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी डॉ. राजपाल कश्यप का पीडीए वर्ग के लोगों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। भीषण वर्षा के बावजूद जनपंचायतों में हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि जनता मौजूदा सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। बाथम ने कहा कि भाजपा ने हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, हिंदुस्तान-पाकिस्तान कहकर सरकार तो बना ली, लेकिन चुनाव में किए वादे धरातल पर नहीं दिखे। चाहे नौकरियां देने की बात हो, वृद्धावस्था-विधवा पेंशन हो या किसानों की आय दोगुनी करने का वादा हो। विकास के नाम पर सड़कों पर गड्ढे हैं, गरीबों के आशियानों पर बुलडोजर चल रहा है। किसानों को फसल का लागत मूल्य नहीं मिल रहा। खाद, बीज, बिजली, पानी के दाम बढ़े हैं।

आलू फेंकने की कगार पर है। रसोई गैस व खाद्य पदार्थों की महंगाई से आम जन त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के माध्यम से डॉ. राजपाल कश्यप ने पीडीए के साथ ही पीड़ित, दुखी, अपमानित लोगों पर अपनी मृदु वाणी से ऐसा जादू किया है कि समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा छोड़कर सपा की ओर लामबंद हो गया है। इससे जनपद की तीनों सीटों पर सपा का कब्जा होगा और प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

# बारिश में कच्चे मकान गिरने का सिलसिला जारी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

बारिश का कहर अब कच्चे मकानों पर भी भारी पड़ने लगा है। पेड़-पौधों और बिजली के पोलों के गिरने के बाद अब लगातार बारिश से कमजोर हुए कच्चे मकान भी धराशायी होने लगे हैं। बुधवार सुबह ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा छछोनापुर में एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मकान के मलबे में बक्सा, कपड़े, बर्तन समेत अन्य गृहस्थी का सामान दबकर खराब हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सदस्य मकान के बाहर थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। छछोनापुर निवासी राजपाल पुत्र हरीराम सिंह ने बताया कि उनका मकान काफी समय से कच्चा था। लगातार हो रही बारिश के कारण मकान की दीवारें और छत कमजोर हो गई थीं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे अचानक मकान भरभराकर गिर पड़ा। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उसमें दबे सामान को बाहर निकालने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि मकान गिरने से परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। जरूरी घरेलू सामान भी मलबे में दबकर खराब हो गया। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर आर्थिक सहायता दिलाने तथा आवास योजना का लाभ देकर पक्का मकान उपलब्ध कराने की मांग की है।

# संपत्ति कर पर ब्याज व सरचार्ज माफ

- अंतिम तिथि का इंतजार न कर सुनहरे अवसर का उठाएं लाभ

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।





प्रदेश सरकार ने नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए सभी प्रकार के संपत्ति कर (गृहकर/जलकर/सीवरकर) पर लगे ब्याज/सरचार्ज को माफ करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना का लाभ लेने के लिए नागरिक 14 नवंबर 2026 तक पालिका कार्यालय के गृहकर पटल पर आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। आवेदन करने वाले अपना बकाया 15 दिसंबर 2026 तक अधिकतम तीन किस्तों में जमा कर सकेंगे। योजना में ब्याज/सरचार्ज पर शत-प्रतिशत छूट मिलेगी, लेकिन यह तभी मान्य होगी जब पूरा बकाया जमा कर दिया जाए। यह योजना प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आवासीय, अनावासीय, मिश्रित सहित सभी श्रेणियों पर लागू होगी और इसका लाभ 1 अप्रैल 2026 तक के लंबित बकाये पर मिलेगा।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शासन से योजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त हो गए हैं। पालिका में गृहकर पटल पर आवेदन लिए जा रहे हैं। नागरिक समय से आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। नियमानुसार पूरा बकाया जमा होने पर ही ब्याज/सरचार्ज की छूट देय होगी। पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नागरिकों को राहत देने का सराहनीय कार्य किया है। यह योजना उन लोगों के लिए बड़ी मदद है जिन पर ब्याज के कारण अधिक बोझ बढ़ गया था। सभी नगरवासियों से अपील है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द आवेदन कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

# पूर्व विधायक ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से समधन निवासी इरफान हुसैन को प्रदेश सचिव नामित किए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। मंगलवार को नवनियुक्त प्रदेश सचिव इरफान हुसैन गांधीनगर स्थित पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर पहुंचे।

वहां पूर्व विधायक ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाई दी। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि इरफान हुसैन पार्टी के पुराने निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने हमेशा संगठन को मजबूत करने का काम किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को प्रदेश सचिव बनाकर समधन क्षेत्र ही नहीं, पूरे जनपद के कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि इरफान हुसैन अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रशासनसभा महासचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह यादव मुजफ्फर खान शान मोहम्मद शाहनवाज सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन चोरों और एक बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

- गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपये इनाम की घोषणा
- भारी मात्रा में आभूषण पीली व सफेद धातु, नकद रुपये और अन्य सामान बरामद


घटना का खुलासा करती एसपी पीछे खड़े आरोपी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पुलिस की सर्विलांस और कोतवाली टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा किया है।

पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर तीन शातिर अभियुक्तों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए भारी मात्रा में आभूषण (पीली व सफेद धातु), नकद रुपये और अन्य कीमती सामान बरामद हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने घटना खुलासा करते हुए बताया कि 31 अगस्त को साहबगंज कोतवाली फर्रुखाबाद निवासी राजेश भान साध ने पुलिस को अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में घुसकर चोरी करने की लिखित तहरीर दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कोतवाली फर्रुखाबाद में धारा 305 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार आरोपियों को चोरी किए गए माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसमें आशू पुत्र प्रदीप सिंह निवासी गंगा दरवाजा टूटी पुलिया थाना मऊदरवाजा व पप्पू मंडल पुत्र होरेन मंडल निवासी कुलेसरा थाना ईकोटेक 03 जनपद गौतमबुद्ध नगर नोएड, सन्दीप पुत्र शिवराम सिंह निवासी खानपुर टूटी पुलिया थाना मऊदरवाजा तथा एक बाल अपचारी के नाम शामिल है। पुलिस के अनुसार माल बरामदगी के बाद दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है और सभी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आरोपी आशू के पास से 4 चूड़ी, 2 कंगन, 2 कड़े, 1 हार, 2 मोती के हार, 2 कान के झुमके सभी पीली धातु, 1 एंड्रॉइड मोबाइल और 4,000 नकद बमराद हुए है। आरोपी पप्पू मंडल के पास से 4 मोती नग हार, 3 चेन, 1 हार, 4 कंगन, 2 कड़े, 6 अंगूठी, 1 घड़ी, 2 घुंघरूदार हार, 1 ब्रेसलेट, 1 लॉन्ग चेन, 2 चूड़ी, 1 सिक्का सभी पीली धातु इसके अलावा 11 चूड़ियाँ कांच व नगदार, 1 जोड़ी कान के टॉप्स, 1 जोड़ी पायल सफेद धातु और 3,000 नकद बरामद हुए। आरोपी सन्दीप के पास से 4 चूड़ियां, 1 हार, 7 अंगूठी, 1 मोती हार, 1 गले का सेट, 1 घड़ी, 1 मोती चेन, 4 जोड़ी कान के कुण्डल पीली धातु, साथ ही 2 नगदार चूड़ी सफेद धातु, 1 एंड्रॉइड मोबाइल और 4,500 नकद बरामद हुए। बाल अपचारी 2 हार, 6 चूड़ी, 5 अंगूठी, 2 मोती माला, 2 चेन पीली धातु, 4 कंगन व 1 कड़ा सफेद धातु, 1 इलेक्ट्रॉनिक तराजू और 3,320 नकद बरामद हुए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## तहसील सदर बार एसोसिएशन चुनाव
## पहले दिन 20 प्रत्याशियों ने खरीदे पर्चे


पर्चा खरीदते अधिवक्ता

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** तहसील सदर बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी बिगुल बजते ही प्रत्याशियों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। घोषित चुनावी कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को नामांकन पर्चों की बिक्री के साथ ही चुनावी प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ हो गया। पहले दिन एल्डर्स कमिटी/चुनाव समिति के अधिकारी उमाशंकर कटियार के समक्ष विभिन्न पदों के दावेदार अधिवक्ताओं का तांता लगा रहा। दिनभर में कुल 20 प्रत्याशियों ने अपने-अपने पदों के लिए नामांकन पर्चे खरीदे। पर्चा खरीदने वाले प्रमुख अधिवक्ताओं में ओम प्रकाश दुबे उर्फओमू, रामेन्द्र कटियार, हेमराज सिंह राजपूत, विकाश सक्सेना, रविनेश चंद्र यादव, सतेंद्र शाक्य, राजीव चौहान, अतुल शाक्य, अभिनय गुप्ता, राघव शुक्ला और सुधीर सक्सेना आदि शामिल रहे। पर्चा खरीदने के साथ ही प्रत्याशी अधिवक्ताओं ने अपने समर्थकों के साथ तहसील परिसर में जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है।

# मोबाइल शोरूम का डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर किया उद्घाटन


शोरुम का का उद्घाटन करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव आदि

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

कस्बे में साजिद मोबाइल शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव तथा सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने शोरूम के प्रोपराइटर साजिद अली को नए व्यवसाय के शुभारंभ पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इससे पूर्व शोरूम के प्रोपराइटर एवं उनके परिजनों ने अतिथियों का फूल-मालाएं पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, नयागनीपुर बंजारा बस्ती के सदर बाली मोहम्मद, कल्लू भाई, पूर्व प्रधान बन्ने खान, फारूक अली, सभासद अखिलेश कुमार, नगर पंचायत के सभासद व सपा नेता राहुल यादव, अरविंद यादव, अश्वनी यादव, नीलू कुमार शाक्य तथा देव सिंह शाक्य मौजूद रहे।

## अधिवक्ता के साथ मारपीट सोने की चेन लूटने का आरोप

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत अधिवक्ता शिवेन्द्र मोहन मिश्रा ने थाना फतेहगढ़ में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और पुलिस सुरक्षा की मांग की है। शिकायत के अनुसार पीड़ित अपने चैंबर में बैठे हुए थे। वह सदर विधानसभा के चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है, जिसको लेकर तभी नाहर सिंह यादव पुत्र पुत्तु लाल निवासी अमेठी जदीद अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोपियों ने धक्का-मुक्की करते हुए लगभग एक तोला वजनी सोने की चेन लूट ली। प्रार्थी का आरोप है कि नाहर सिंह यादव ने धमकी दी कि विधायक का चुनाव लड़ रहा है, तुझे मार डालने की सुपारी मिली है। शोर सुनकर मौके पर मौजूद प्रार्थी के अधिवक्ता साथी शिवम त्रिपाठी व दिवाकर द्विवेदी ने ललकारा, जिसके बाद आरोपी पुनः हत्या की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# मां पार्वती ने भगवान राम की ली परीक्षा कथा का सुनाया प्रसंग


कथा श्रवण कराते आचार्य मौजूद भक्तगण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भैरोघाट स्थित ऐतिहासिक कालेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में माँ गंगा के पावन सम्मुख श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अम्बुज त्रिपाठी महाराज ने कहा कि ये कथा तब की है जब त्रेतायुग में रावण द्वारा माता सीता का हरण हो चुका था, तब भगवान राम अपने भाई लक्ष्मण के साथ वन में हे सीते! हे सीते! कहकर विलाप करते हुए उन्हें ढूंढ रहे थे।

भगवान शिव ने राम जी को देखते ही श्रद्धा से मन ही मन प्रणाम किया। परंतु माता पार्वती के मन में यह संदेह उत्पन्न हुआ कि जो स्वयं को भगवान विष्णु का अवतार कहते हैं, वे अपनी पत्नी के वियोग में एक साधारण मनुष्य की तरह क्यों भटक रहे हैं? सर्वज्ञ भगवान शिव ने पार्वती के मन की बात भांप ली। उन्होंने पार्वती को समझाया कि वे श्री राम की लीला पर संदेह न करें, लेकिन जब पार्वती का संशय दूर नहीं हुआ, तो शिव जी ने उन्हें अपनी सत्यता की जांच करने के लिए अकेले ही राम जी के पास जाने की अनुमति दे दी। पार्वती ने भगवान राम की परीक्षा लेने के लिए माता सीता का रूप धारण किया और उनके सामने गई। माता पार्वती जैसे ही वहां पहुंचीं, भगवान राम ने तुरंत उन्हें पहचान लिया। उन्होंने हाथ जोड़कर पार्वती को प्रणाम किया और अत्यंत विनम्रता से पूछा हे माते!

आप यहां जंगल में अकेले क्यों विचरण कर रही हैं? आपके स्वामी देवाधिदेव महादेव कहां हैं? भगवान राम के मुख से अपने और भोलेनाथ के बारे में यह वचन सुनकर माता पार्वती अत्यंत लज्जित हुईं। उन्हें अपनी भूल का अहसास हुआ। इसके बाद प्रभु राम ने अपनी माया का ऐसा प्रभाव दिखाया कि पार्वती को चारों दिशाओं में राम और लक्ष्मण के साथ-साथ शिवजी और स्वयं के दर्शन होने लगे, जिससे उनका सारा संदेह हमेशा के लिए समाप्त हो गया और वे वापस कैलाश लौट गईं।

सीता माता का रुप धारण करने के कारण भगवान शिव ने माता पार्वती को त्याग दिया। कथा में नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉ0 राजीव कुमार पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी विनीता पाठक ने मुख्य यजमान के रूप में पूजन-अर्चन संपन्न किया। आश्रम के महंत संजीव गिरि महाराज ने व्यासपीठ व मंच को सुशोभित किया और कथा में पधारे सभी भक्तों को आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद वितरित किया।

# चार चोर गिरफ्तार, भारी मात्रा में जेवरात और नकदी बरामद


घटना का खुलासा करती एसपी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

थाना कमालगंज पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण और 3,500 रुपये की नकदी बरामद की है।

सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 31 अगस्त को मोहल्ला शास्त्री नगर कस्बा व थाना कमालगंज की रहने वाली प्रीती पत्नी सुधीश कुमार ने अपने घर में हुई चोरी के संबंध में थाने में तहरीर दी थी। वादिनी की शिकायत पर कमालगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामजद अभियुक्त विशेषांक उर्फ हिमांशू पुत्र हरिओम निवासी शास्त्री नगर थाना कमालगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर मुख्य आरोपी समेत कुल चार अभियुक्तों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया गया है। माल की बरामदगी होने के बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) की बढ़ोतरी कर दी है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में विशेषांक उर्फ हिमांशू पुत्र हरिओम, निवासी. शास्त्री नगर के पास से 1 जंजीर पीली धातु, 2 अंगूठी पीली धातु, 1 जोड़ी पायल सफेद धातु व 1000 रुपये नकद बरामद हुए। वहीं अर्जुन सिंह पुत्र राधेश्याम निवासी नई बस्ती थाना कमालगंज के पास से 1 गले का हार पीली धातु, 1 जोड़ी पायल सफेद धातु, 1100 रुपये नकद बरामद हुए। अक्षय कुमार पुत्र वीरपाल सिंह निवासी हरदेव नगर थाना कमालगंज के पास से 1 जोड़ी कान के झाले पीली धातु, 1 जोड़ी पायल सफेद धातु, 800 रुपये नकद बरामद हुए। सचिन शंखवार पुत्र ओमबाबू निवासी मोहल्ला अम्बेडकर नगर थाना कमालगंज के पास से 1 मांग बेन्दी पीली धातु, 1 अंगूठी पीली धातु, 1 हाफ पेटी सफेद धातु, 1 सिक्का सफेद धातु व 600 रुपये नकद बरामद हुए।

## चीनी की मंहगाई व किसानों की समस्याओ का मुद्दा उठाया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कैंप कार्यालय मोहल्ला जवाहरगंज में प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में पंचायत हुई। संचालन राजेश राजपूत द्वारा किया गया। मुन्ना लाल सक्सेना राष्ट्रीय वरिष्ठ प्रवक्ता भी मौजूद रहे। दि सहकारी चीनी मिल का नवीनीकरण करने की मांग की जा चुकी है। आये दिन दैनिक उपयोग में चीनी की मंहगाई, किसानों की फसलों का सही मूल्य न मिलना, गन्ने की कीमत 600 कुंटल की जाये, आलू की फसल का सही मूल्य न मिलना किसानों के लिए चिंता का बिषय बना हुआ है। आदि मांगे उठायी। पंचायत में मुन्ना लाल सक्सेना, प्रताप सिंह गंगवार, रामवीर जाटव, बिंदु सिंह, राजेश कुमार राजपूत मौजूद रहे।

# मंडल नवाबगंज में बूथ समिति सत्यापन कार्यशाला संपन्न

- आगामी चुनावों के लिए बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आवाह्न



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

मंडल नवाबगंज की मासिक बैठक सह मंडल बूथ समिति सत्यापन कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष संदेश राजपूत तथा मंडल प्रभारी व जिला मंत्री मनोज गंगवार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समस्त कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ समिति का शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के दृष्टिगत हर बूथ पर संगठन को धरातल पर मजबूत बनाना प्राथमिकता है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के साथ एक सक्रिय और सशक्त टीम खड़ी की जाए, जिससे चुनाव में संगठन पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर सके। बैठक में सभी शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर आकाश सिंह, सर्वेश सिंह आर्य, दिलीप शाक्य, हिमाचल शाक्य, हेम सिंह लोधी, रजनीश अवस्थी, संजय पाल, रूपेश गंगवार, धर्मेंद्र राजपूत, रमन सिंह, सुजीत रावत, गिरन्द्र राजपूत मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेत पर चारा काट रही किशोरी के साथ बदसलूकी व मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तसेपुर त्योरी में खेत पर चारा काट रही एक किशोरी के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना नवाबगंज में नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम तसेपुर त्योरी निवासी पीड़िता ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि 02 सितम्बर को शाम करीब 3 बजे गांव के बाहर खेतों में अपनी भैंसों के लिए चारा काट रही थी। उसी दौरान गाँव का ही रहने वाला आरोपी सचिन वहां आया। आरोपी ने बुरी नीयत से पीड़िता का हाथ पकड़कर पास के रामेश्वर पाल के खेत की तरफ खींचने का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपी सचिन ने गाली-गलौज की और मारपीट करने लगा। शोरगुल सुनकर जब मौके पर पीड़िता के परिजन पहुंचे, तो आरोपी पक्ष से सचिन, अभिषेक ने भी मौके पर पहुंचकर लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की।

### सीएचसी पर दवा लेने आए व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कंपिल थाना क्षेत्र के मोहल्ला वाराह पत्थर निवासी आलोक 50 वर्ष पुत्र कृष्ण नारायण के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक सनसनीखेज चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने दवा लेने आए एक व्यक्ति की जेब से नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिए। पीड़ित आलोक ने बताया कि वह अपनी 72 वर्षीय बीमार मां वेदवती को बाइक पर बैठाकर उनका इलाज कराने के लिए सीएचसी लेकर आए थे। अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने पर्चा काउंटर से मां वेदवती के नाम का पर्चा बनवाया और डॉक्टर नईम अहमद को दिखाया। डॉक्टर द्वारा पर्चे पर दवा लिखे जाने के बादए आलोक लाइन में लगकर दवा ले रहे थे। इसी दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी शातिर चोर ने आलोक की पैंट की पीछे वाली जेब में रखा पर्स निकाल लिया। जब उन्होंने अपनी जेब में हाथ डालकर देखा तो पर्स गायब था। चोरी हुए पर्स में लगभग 2,000 रुपये नकद के साथ-साथ उनका और पैन कार्ड भी रखा हुआ था।

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**उन्नाव।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रचार्या प्रतिमा पुरी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2027-28 हेतु कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में रिक्त सीटों को मरने हेतु लेटरल एंट्री सिलेक्शन टेस्ट (एलईएसटी-2027) के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। ऑनलाइन पंजीकरण हेतु कक्षा 9 के लिए तथा कक्षा 11 के लिए पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2026 है।उन्होने बताया है कि कक्षा 9 में आवेदन हेतु छात्र जनपद उन्नाव के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 8 में अध्ययनरत होना चाहिए। छात्र जनपद उन्नाव का मूल निवासी होना चाहिए तथा छात्र की जन्म तिथि 01 मई 2012 से 31 जुलाई 2014 के मध्य होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11 में आवेदन हेतु छात्र जनपद उन्नाव के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 10 में अध्ययनरत होना चाहिए। छात्र जनपद उन्नाव का मूल निवासी होना चाहिए तथा छात्र की जन्म तिथि 01 जून 2010 से 31 जुलाई 2012 के मध्य होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने की रणनीति पर हुई चर्चा


बैठक लेते बीडीओ

- बैठक में बीडीओ ने विकास कार्यों की भी समीक्षा

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर भीड़ जुटाने को लेकर विकासखंड कार्यालय के सभागार में विकासखंड अधिकारी राधेश्याम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा के साथ मुख्य रूप से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने की रणनीति पर चर्चा की गई। विकासखंड को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए 16 बसें भरने का लक्ष्य मिला है। विकासखंड में कुल 64 ग्राम पंचायतें हैं, जिसके तहत प्रत्येक बस को 4 ग्राम पंचायतों से सवारियां लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यात्रियों के लिए खाने-पीने की सुविधा ग्राम पंचायत और विकासखंड स्तर से संयुक्त रूप से मुहैया कराई जाएगी। पर्याप्त भीड़ जुटने की आशंका को देखते हुएए विकासखंड अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कार्यक्रम में महिलाओं की सुनिश्चित उपस्थिति दर्ज कराई जा सके। बैठक में विकासखंड अधिकारी राधेश्याम के अलावा कई प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, एपीओ गौरव दिवाकर के अलावा ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, मोतीलाल यादव, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, बृजेश कुमार और आनंद गंगवार, तकनीकी सहायक सुशील कौशल, राघवेंद्र गंगवार, मनोज कुमार और विनय कुमार, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित सहित तमाम ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायक बैठक में उपस्थित रहे।

# पोछा लगाते समय सर्पदंश से महिला की मौत


रोते बिलखते परिजन

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

तहसील क्षेत्र के पुरौरी गांव निवासी दीपिका उम्र 35 वर्षीय पत्नी दीपक अपने घर के कमरे में पोछा लगा रही थीं। बताया गया कि कमरे में पहले से ही एक कोबरा सांप छिपा हुआ था। जैसे ही दीपिका सफाई करते हुए उसके करीब पहुंचीं, सांप ने उनके हाथ में डस लिया। सांप के डसते ही दीपिका जोर-जोर से चीखने लगीं। चीख सुनकर परिजन और घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और सांप को तेजी से रेंगते हुए देखा।

ग्रामीणों ने उसे घेरकर मार डाला। परिजन आनन-फानन में दीपिका को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए। वहां डॉक्टर अमित कुमार ने महिला की जांच की। जांच के बाद डॉक्टर ने दीपिका को मृत घोषित कर दिया। मृतका के15 वर्षीय बेटा कृष्णा और 10 वर्षीय बेटी तनु हैं। मां की अचानक मौत से दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर कंपिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कंपिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि महिला की सांप के डसने से मौत की सूचना मिली है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में यह आकस्मिक मौत का मामला प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के कारण गांव में सांपों का खतरा बढ़ गया है।

## उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के लोगो अनावरण व पोर्टल शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के आधिकारिक लोगो का अनावरण तथा वेबसाइट पोर्टल का भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण जनपद में भी बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया। लाइव प्रसारण के दौरान जनपद में शासन और संगठन के कई प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सांसद मुकेश राजपूत, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, सुशील कुमार शाक्य, जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, लगभग 350 आउटसोर्स कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रहेंगे जनपद में


कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करती डीएम मौजूद जनप्रतिनिधि

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लेंगे जायजा
- बाढ़ से प्रभावित लोगों को वितरित करेंगे राहत सामग्री

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी 3 सितम्बर गुरुवार को जनपद के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10:40 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा लखनऊ से प्रस्थान तथा जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करते हुए यात्रा। पूर्वाह्न 11:30 बजे पुलिस लाइन परेड ग्राउंड फतेहगढ़ हेलीपैड पर आगमन होगा। पूर्वाह्न 11:40 बजे बाढ़ राहत शिविर, पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर पहुंचेंगे। दोपहर 12:10 बजे तक बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री का वितरण करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के तमाम जिलो में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे नदियों के आस-पास रहने वाले लोगो के लिए संकट गहरा गया है। दूसरी तरफ मौसम विभाग की ओर से राज्य के 50 से अधिक जिलों मे बारिश का अलर्ट जारी किया गया है जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है।

### पात्रों को आवास व पट्टे भी देंगे

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री एक दिवसीय दौरे पर आ रहे है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरण के अलावा 96 लोगों को आवास सौंपेंगे। वहीं 67 लोगों को पट्टे दिये जाने की भी जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई है।

# मांगों को लेकर किसानों का धरना दसवें दिन जारी

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम सभा बराकेशव में चकबंदी विभाग द्वारा किसानों और महिलाओं पर दर्ज किए गए कथित फर्जी मुकदमों के विरोध में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दसवें दिन में प्रवेश कर गया। इस धरने में किसानों और महिलाओं के साथ- साथ बड़ी संख्या में छोटे बच्चे भी मौजूद रहे और न्याय की गुहार लगाई।

प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि सभी किसानों को एकजुट होने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जैसे-जैसे यह धरना आगे बढ़ेगा, चकबंदी प्रक्रिया पिछड़ती जाएगी और किसान अपनी जीत की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर गहरी चिंता व्यक्त की। सरकार गांव-गांव शराब के ठेके खोलकर युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है, ताकि वे कर्जदार हो जाएं और मजबूरी में अपनी कीमती जमीनें औने-पौने दामों में सरकार को सौंप दें। उन्होंने किसानों से नशे से दूर रहने की अपील की। संचालन गोपी शाक्य ने किया व अध्यक्षता दीपसिंह यादव ने की। इस दौरान अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, अनुज राजपूत, संजीव यादव, बिजनेश यादव, सुग्रीव पाल, राजेश गंगवार, जगन्नाथ शाक्य, बड़े यादव, अजीत सोमवंशी, हिमांशु यादव, प्रेम चंद्र दद्दा, राजेश यादव उपस्थित रहे।



किसानों को संबोधित करते अजय कटियार

# अर्पिता-आदित्य ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गायत्री इंटरनेशनल स्कूल गुडगाँव देवी मंदिर के पास के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल की है। 21 अगस्त से 23 अगस्त तक आयोजित हुई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्कूल के दो होनहार छात्रों ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। अर्पिता भारद्वाज कक्षा 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

वहीं कक्षा-9 के छात्र आदित्य चतुर्वेदी ने अपनी बेहतरीन खेल कौशल से गोल्ड मेडल हासिल किया। बच्चों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे स्कूल में खुशी की लहर है। स्कूल के प्रबंधन और शिक्षकों ने विजेताओं के साथ-साथ उनके कोच को इस सफलता का श्रेय दिया है। स्कूल डायरेक्टर प्राची अग्रवाल, देवांश अग्रवाल और प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि एक बार फिर हमारे स्कूल के बच्चों ने कराटे में अपनी प्रतिभा साबित की है। मनोज अग्रवाल ने बच्चों की तरक्की की सराहना करते हुए कहा इसमें कोई शक नहीं कि हमारे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ कराटे में भी तरक्की कर रहे हैं। कोच पारस भारद्वाज के योगदान की विशेष रूप से सराहना की गई।





मेडल दिखाते खिलाड़ी

## रबी फसलों के बीजो की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने बताया है कि कृषि विभाग की ओर से रबी फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसमे रबी सीजन में बोई जाने वाली प्रमुख फसलों तोरिया, सरसों, अलसी, चना, मटर, मसूर और गेहूं के बीजो का लक्ष्य जनपद को प्राप्त हो चुका है। किसानों को बीज उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है। कृषि विभाग के अनुसार इच्छुक किसान विभाग की आधिकारिक वेबसाइट जाकर ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। बीजो की ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया 02 जुलाई 2026 से शुरू होकर 30 सितंबर 2026 तक चलेगी। ऐसे में किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर पोर्टल पर अपना पंजीकरण एवं बीज की बुकिंग सुनिश्चित कर लें। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने किसानों के लिए यह जानकारी दी।

# राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के प्रदेश महासचिव अंकित तिवारी का किया गया स्वागत



अंकित तिवारी का स्वागत करते लोग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अंकित तिवारी के प्रथम जनपद आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। नोएडा से गाड़ियों के काफिले के साथ जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जनपद आगमन पर प्रदेश महासचिव का काफिला जहां-जहां से गुजरा, वहां कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। कायमगंज में गौरव मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। फैजबाग में शिवओम मिश्रा और हथियापुर में हिमांशु मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत हुआ। पक्का पुल पर रामजी मिश्रा, चौक पर राजन दीक्षित व अनुपम दीक्षित तथा घुमना में शिवेंद्र बाजपेई के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। लाल दरवाजा पर अमन दुबे के नेतृत्व में प्रदेश महासचिव का अभिनंदन किया गया। अंकित तिवारी कादरीगेट स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे। यहां जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत अंकित तिवारी ने ऐतिहासिक गुरुगांव देवी मंदिर पहुंचकर मां भगवती के दर्शन किए और आरती में भाग लिया।

# बाढ़ ग्रस्त राजेपुर ब्लॉक में लगा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



मरीजों को परामर्श देते चिकित्सक

▸ 180 मरीजों का हुआ होम्योपैथिक उपचार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बाढ़ ग्रस्त राजेपुर ब्लॉक स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर में बुधवार को विशाल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में कुल 180 मरीजों का होम्योपैथिक उपचार किया गया।

मरीजों के उपचार के साथ-साथ, सितंबर माह में पूरे देश में चलाए जा रहे पोषण माह अभियान के तहत चिकित्सालय में पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। शिविर में अस्पताल आए रोगियों, उनके परिजनों, स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया। डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेष रूप से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बालकों, बालिकाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। जांच के उपरांत सभी को अपने स्वास्थ्य का स्वयं ख्याल रखने और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। चिकित्साधिकारी ने सभी महिला रोगियों, छात्राओं, किशोरियों और उनके परिजनों को उचित मात्रा में पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।

## भाजपा मंडल की बैठक सम्पन्न,बूथ स्तर पर संगठन मजबूती का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। नेकपुर स्थित बूथ अध्यक्ष गुरदीप कटियार के आवास पर भारतीय जनता पार्टी फतेहगढ़ मंडल की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रमला राठौर ने की। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष रमला राठौर ने मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रूपेश गुप्ता के मार्गदर्शन में पार्टी ने जिले में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं और उनके दीर्घकालिक अनुभव से सभी कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरणा व सीख मिलती है। रूपेश गुप्ता ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सक्रिय और मजबूत करने का मंत्र दिया। शक्ति केंद्र संयोजकों के सत्यापन और मंडल टीम के सत्यापन के कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम संयोजन मंडल महामंत्री सुमित कटियार ने किया। इस अवसर पर सुमित कटियार, सुनील गुप्ता, अनिल प्रताप सिंह, बिटाना चौहान, रेखा सोमवंशी, संजीव सिंह, अंकुर वर्मा, सनी शुक्ला, शिवम चौहान, गुरजीत कटियार, हर्षित, योगेश, राहुल राठौर, वैभव शुक्ला, राघवेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

# खबरें एक नजर में

## 15 वर्ष से फरार दो इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



कानपुर। थाना बर्रा पुलिस टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मदद से 15 वर्ष से फरार दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त संजय अग्रवाल उर्फ संजीव राज गोयल, निवासी उज्जैन, मध्य प्रदेश पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। अभियुक्त राहुल अग्रवाल, निवासी उज्जैन, मध्य प्रदेश पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। दोनों अभियुक्तों को नानाखेड़ा बस स्टैण्ड, उज्जैन (मध्य प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण फर्जी फर्म/एजेंसी बनाकर फर्जी आरसी एवं दस्तावेजों के आधार पर लोगों को बैंक से लोन दिलाते थे तथा लोन की धनराशि को हड़प लेते थे। अभियुक्त संजय अग्रवाल के विरुद्ध 24 मुकदमे तथा राहुल अग्रवाल के विरुद्ध 16 मुकदमे पंजीकृत होना पाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।

## पीड़ित महिलाओं ने निष्पक्ष जांच की मांग की



फतेहपुर। गाजीपुर थाने के ग्राम सरकी की रहने वाली रेनू सिंह पत्नी देशराज ने जिला अधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि प्रार्थिनी के गांव के कुछ लोग उसके घर वालों को फँसाने के लिए कुचक्र रचते रहते हैं। नशे की हालत में अपने घर की छत से गिर गये जिससे चोट आई। इन लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पुनः साजिश रच कर उक्त दुर्घटना को प्रार्थिनी के परिवार जनों के विरुद्ध साजिश रचकर फंसाना चाह रहे हैं। जबकि इन लोगों का उस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए इन लोगों ने निष्पक्ष जांच की मांग किया है ताकि बेवजह यह लोग निर्दोष न फंसे उन्होंने कहा जो दोषी है उसे सजा मिले लेकिन निर्दोष किसी को ना फंसाया जाए। इसकी निष्पक्षता से जांच की मांग किया। इस दौरान शिकायत करने वालों में नंदिनी सिंह, क्षमा सिंह, लक्ष्मी सिंह, कल्पना सिंह भी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता अजय सिंह आदित्य ने सौंपी स्ट्रीट लाइट



भरावन, हरदोई। विधानसभा क्षेत्र संडीला में भाजपा नेता अजय सिंह आदित्य ने विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और क्षेत्रीय विकास व संगठन को मजबूत करने को लेकर संवाद किया। ग्राम बंगालपुर में श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर उन्होंने कथा का श्रवण किया। वहीं जमकुरा गांव में ग्रामीणों से भेंट-वार्ता करते हुए सार्वजनिक स्थल पर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइट सौंपी। शिवपुरी में रामसिंह मौर्य के आवास पर ग्रामीणों और समर्थकों के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। इसके अलावा मांझगांव गदौरा, महरोनिया, शिवपुरी और संडीला नगर में स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं, विकास कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। अजय सिंह आदित्य ने कहा कि क्षेत्रवासियों का प्रेम, विश्वास और स्नेह उन्हें निरंतर जनसेवा तथा क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान ज्ञानेंद्र सिंह, संतोष पाल मौजूद रहे।

# जि.पं. राज अधिकारी को कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी रामशंकर वर्मा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने मानदेय में बढ़ोतरी, समय से भुगतान सहित पांच सूत्रीय मांगों को तत्काल पूरा किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से मानदेय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि कार्य और जिम्मेदारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। कर्मचारियों ने मांग की है कि राज्य/मंडल/जनपद/विकासखंड स्तर पर कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को एनआरएलएम की तर्ज पर मानदेय दिया जाए। इसके साथ ही शासन स्तर से निर्धारित मानदेय का समय से भुगतान सुनिश्चित करने तथा मानदेय में वृद्धि किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि आउटसोर्स कर्मचारियों को आकस्मिक मृत्यु एवं दुर्घटना की स्थिति में उचित सुरक्षा प्रदान की जाए। महिला आउटसोर्स कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश (मेटरनिटी लीव) के दौरान मानदेय देने की व्यवस्था लागू की जाए। इसके अलावा राज्य, मंडल, जनपद और विकासखंड स्तर पर कार्यरत सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को एचआर पॉलिसी का लाभ देने तथा स्थानांतरण की व्यवस्था लागू करने की मांग भी रखी गई। कर्मचारियों ने अधिकारियों से उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है।

इस दौरान इन लोगों ने कहा कि अगर 2 सप्ताह के अंदर मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं किया जाता तो यह लोग सामूहिक कार्य बहिष्कार करने पर मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन देने वालों मे जिला समन्वयक विश्वनाथ तिवारी, नीलम अवस्थी, पुनीत ठकराल, योजना सहायक रवि सिंह, खंड प्रेरक मनीष मिश्रा, प्रभात श्रीवास्तव, मोहम्मद इमरान, आदेश श्रीवास्तव, विवेक पांडे, उमेश कुमार, शारदा प्रसाद, प्रवीन कुमार पटेल, मोहम्मद इजराइल, जितेंद्र पांडे, अवतंश कुमार, पुष्पा देवी, जिला आपरेटर अनिल कटियार, विनोद कुमार पटेल, ब्लॉक आपरेटर जय प्रकाश, मनीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



## मलाका गांव में पानी ही पानी बच्चों को आने जाने में हो रही दिक्कत



फतेहपुर। विकासखंड भिटौरा के मलाका गांव में ग्राम प्रधान शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान इन लोगों ने कहा कि गांव में नाला व पुलिया बनी थी जो कि गांव के कुछ लोगों द्वारा नाला पूर करके अवैध कब्जा कर लिया गया है जिसके कारण बरसात होने पर लोगों के घरों में और रास्तों में पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों को व स्कूली बच्चों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा गंदा पानी एकत्रित होने के कारण बीमारियों से भी लोग ग्रसित हो रहे हैं। इन लोगों ने जिलाधिकारी से मांग किया कि अवैध कब्जा हटवा कर नाला निर्माण करवाया जाए जिससे बरसात का एकत्रित पानी का निकास हो सके और आम जनमानस आसानी से निकल सके। इस अवसर पर अनुज पाल, धर्मेंद्र गौतम, राकेश कुमार, विनोद, राम सिंह, जगरूप, प्रकाश चंद्र, रमेश पाल, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, नीरज पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दस लाख तक बिना गारण्टी व ब्याज मुक्त सब्सिडी युक्त ऋण

समृद्धि न्यूज, उन्नाव।

उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 लागू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत जनपद के 05 पारम्परिक कारीगरों एवं आधुनिक ट्रेड के 09 कारीगरों सहित कुल 14 ट्रेडों के कारीगरों के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किये जाने बनाने का प्राविधान है। नये परम्परागत ट्रेड जैसे - मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा, मछुआरा तथा आधुनिक टेऊड जैसे- मोबाइल मरम्मत, ऑटोमोबाइल मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत, विद्युत सामान की मरम्मत, प्लम्बर, कम्प्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टालेशन, डिजिटल फोटाग्राफी, सौंदर्य एवं वेलनेस है। इस योजना के लिए 1. कौशल वृद्धि प्रशिक्षण - इसके अन्तर्गत पारम्परिक कारीगरों को उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।, 2. टूलकिट वितरण - इसके अन्तर्गत सेवा व्यवसाय के सफल संचालन हेतु आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट वितरण कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रदान किया जाता है।

# शुक्रवार को मनाये श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत पर्व

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।

क्षेत्र के प्रसिद्ध आचार्य ऋषि कान्त मिश्र शास्त्री ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म का योगे अतीव पुण्य फल प्रदा के अनुसार शास्त्र सम्मत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ 4 सितम्बर को मनायें। आचार्य ऋषि कान्त शास्त्री ने कहा है कि भारतीय संस्कृति और संस्कारो से ओत प्रोत पूरे संसार में करोड़ों भक्तों की खुशियों का पल आने वाला भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी पर्व इस बार द्वापर युग में जैसा संयोग बना था स वहीं संयोग इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष उत्तम योग बना है। जो कि दशकों बाद अद्भुत योग बना है जोकि जयंती योग पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर व्रत पूजन से मिलेगा कई गुना अधिक पुण्य फलदाई फल जैसा कि हमारे ज्योतिष शास्त्र गणना के अनुसार इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि में रोहिणी नक्षत्र हर्षण योग 4 सितम्बर दिन शुक्रवार को रात्रि भगवान श्री कृष्ण के अवतार के समय मिला है स संयोग वैसा ही योग द्वापर युग में पड़ा था। जैसा इस वर्ष अद्भुत संयोग बना है। बीते वर्ष में तिथि को लेकर भ्रम कि स्थित बनी हुई थी। परन्तु इस वर्ष अद्भुत संयोग जो कि पुराणों और वेदों के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि दिन शुक्रवार रोहिणी नक्षत्र का संयोग आज ही प्राप्त हो रहा है स इसी को जयंती योग कहते हैं स वृषभ राशि उच्च राज योग मिल रहा है। लम्बे समय के बाद इस वर्ष यह योग बना है जोकि अंग्रेजी तारीख के मत से 4 सितम्बर 2026 को मनाया जाएगा। वृषभ राशि उच्च में चन्द्रमा रहेगा ऐसे शुभ मुहूर्त में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव घर - घर में मनाया जाएगा। जोकि स्मार्त गृहस्थों के लिए और वैष्णव जन के लिए भी आज ही किया जायेगा। औदायिक तिथि को मानने वाले लोग वैष्णव संत महात्मा जन तथा मंदिरो में मनायेंगे। अतः दोनों ही दिन में से पहले दिन गृहस्थ और दूसरे दिन अपनी स्वयं की मान्यता अनुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत महोत्सव मनाया जाएगा।



## पोस्टमार्टम के बाद शव के घर पहुंचते मचा कोहराम

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के पवारन खेड़ा निवासी 45 वर्षीय किसान की तालाब में डूबने से हुई मौत के बाद शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर जैसे ही घर पहुँचे तो घर पर कोहराम मच गया स शव का अंतिम संस्कार भी नानामऊ घाट पर कर दिया गया। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम पवारन खेड़ा निवासी संतोष कुमार 45 वर्ष पुत्र फकीरे सोमवार शाम तालाब में अपनी भैंस के बच्चे को निकालते समय डूब गए थे। गोताखोरों ने लगभग 22 घंटे बाद मंगलवार को शव को तालाब से ढूढ़ निकाला था। पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया था स आज बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया स पति का शव देख पत्नी रेखा बेहाल हो गई। उसे अब तीन बच्चों चांदनी,सोनी और लवकुश के पालन पोषण की चिंता सता रही है।

# ईदगाह मार्ग पर धंसी सड़क, मकान कराया खाली



▸ बारिश रुकने के बाद गड्ढे में लोहे की शटरिंग लगाने का काम तेजी से शुरू

समृद्धि न्यूज,कानपुर।

ब्रह्मनगर से ईदगाह मार्ग पर डाट नाला मंगलवार सुबह आठ फीट और धंस गया। इससे 25 फीट लंबा व 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया है। लगातार हो रहे भू-धंसाव से केवल दो फीट सड़क बची है और नीचे की जमीन खोखली हो रही है। नगर निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर अशोक कुरील का जर्जर भवन ढहा दिया है और आसपास के अन्य मकानों को भी खाली करने का नोटिस दिया है। बारिश होने और मिटटी गीली होने के कारण गड्ढे में नहीं जा पा रहे मजदूर। जलकल विभाग ने सुरक्षा के लिए चारों तरफ मजबूत बैरीकेड्स लगा दिए हैं। नाले में लोहे का पाइप डालने के लिए सामान मंगा लिया गया है। 80 फीट रोड पर भी डाट नाले का काम बारिश से प्रभावित है, जो एक माह में पूरा होगा। जलकल के सहायक अभियंता रवि प्रताप सिंह ने बताया कि बारिश से काम में दिक्कत आई है। शाम को बारिश रुकने के बाद गड्ढे में लोहे की शटरिंग लगाने का काम तेजी से शुरू करा दिया गया है, ताकि आसपास के सभी भवनों को पूरी तरह सुरक्षित किया जा सके।

## कीर्तिनीय भुपिंद्र सिंह गुरदासपुरी का सम्मान कार्यक्रम



कानपुर। सिख समाज कानपुर उत्तर प्रदेश व गुरुद्वारा सिंह सभा हरजिंदर नगर लाल बंगला कानपुर द्वारा कानपुर श्याम 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक कीर्तिनीय भुपिंद्र सिंह गुरदासपुरी का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जो कि पिछले 37 वर्षों से गुरुद्वारा गुरुतेग बहादर साहब चौंक में कीर्तन की सेवा निभाते रहे व अब उनके रिटायरमेंट से कानपुर की संगत का उदास होना लाजमी है क्योंकि वह संगत के परिवारिक सदस्य बन चुके थे। कीर्तन दीवान के उपरांत उनको सम्मान पत्र भेंट स्वरूप दिया गया।उनका सम्मान समूह साध संगत, सिख समाज कानपुर उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष गुरविंदर सिंह वासू प्रिंस, गुरुद्वारा सिंह सभा हरजिंदर नगर लाल बंगला के अध्यक्ष प्रितपाल सिंह हनी, सतनाम सिंह नीना, गगनदीप सिंह चड्ढा, सुरिंदरपाल सिंह रुहानी, अनमोलक सिंह कलसी, इंदरपाल सिंह सिमर,हरपाल सिंह राजा, हरजोत सिंह, कुलवंत सिंह खालसा, प्रितपाल सिंह ,परविंदर सिंह, व सिख समाज कानपुर उत्तर प्रदेश, के समस्त कमेटी मेंबर व गुरुद्वारा सिंह सभा हरजिंदर नगर लाल बंगला के समस्त कमेटी मेंबर मौजूद रहे।

# उप्र आउटसोर्सिंग सेवा निगम के लोगों का अनावरण

समृद्धि न्यूज, उन्नाव।

आज निराला प्रेक्षा ग्रह सभागार में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ सदर विधायक पंकज गुप्ता की उपस्थिति में उत्तर प्रेदश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा उत्तर प्रदेश आउटसोर्सिंग सेवा निगम के लोगो का अनावरण वेबसाइट एवं पोर्टल का शुभारंभ, आउटसोर्स कर्मियों के बढ़े हुए पारिश्रमिक व अन्य घोषणा सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के आउट सोर्स कर्मियों के बढ़े हुए पारिश्रमिक की घोषणा कर प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया व आउट सोर्स सेवा निगम के लोगो और बेवसाइट का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद उन्नाव में निराला प्रेक्षा ग्रह सभागार में सदर विधायक पंकज गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष गंगा घाट अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नगर पालिक परिषद उन्नाव के सफाई कर्मियों और सीवर सफाई आउट सोर्स कर्मियों को उनके सेवा कार्य मे प्रयोग सम्बन्धी किट प्रदान की गई। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना के 06 लाभार्थियों को 65 हजार रु का प्रतीकात्मक चेक व मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के 13 लाभार्थियों कोचेक प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि सरकार ने आउट सोर्स कर्मियों की विभिन्न समस्यों को दूर करने का कार्य किया है।



## खबरें एक नजर में

### 25 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

**भांवरकोल/गाजीपुर।** पुलिस ने बुधवार को जसदेवपुर मोड़ से 25 हजार रुपये के इनामिया पशु तस्कर रेवतीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी उमेश उर्फ मोनू चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा ने बताया कि उमेश उर्फ मोनू चौधरी शातिर किस्म का पशु तस्कर है। गत 12 अगस्त की रात दो नावों पर 60 गोवंशीय पशुओं को लादकर बिहार ले जाते समय शेरपुर–मुबारकपुर गंगा घाट के पास पुलिस ने सभी पशुओं को बरामद कर लिया था, जबकि तस्कर मौके से फरार हो गए थे। इसी मामले में उमेश उर्फ मोनू चौधरी भी अभियुक्त था, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पशु तस्करी में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव,का0 मंजीत सिंह एवं पुलिस टीम ने की।

### लाखों रुपये के अवैध हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे दिनांक 01.09.2026 को एएनटीएफ गाजीपुर उ0नि0 शमी अशरफ शेख व उ0नि0 राजितराम यादव थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर मय हमराह द्वारा क्षेत्र मे मामुर थे कि मुखबीर खास की सूचना पर अभियुक्त मो0 अकलीम खाँ पुत्र स्व0 मो0 मंसूर खाँ निवासी बहुअरा थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 29 वर्ष को दिलदारनगर बौअरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 458 ग्राम अवैध हिरोईन बरामद किया गया। बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 187/26 धारा 8/21/29 का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कच्चे मकान की दीवार गिरने से 75 वर्षीय वृद्धा की दबकर मौत

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण मंगलवार की रात्रि में एक कच्चे मकान की दीवार भरभराकर गिर गई।जिससे दीवार के मलबे के नीचे दबने से वृद्धा महिला की मौत हो गई वृद्धा महिला के परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस सहित राजस्व विभाग को दिया है जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय वृद्धा सुभागी देवी पत्नी स्वण् गंभीर पाल अपने कच्चे मकान में सो रही थी की बारिश होने के कारण कच्चे मकान की दीवार गिरने से वृद्धा महिलाओ की मलबे के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई है।

### बच्चों के विवाद में मारपीट, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव के टीकूरी मुहल्ला निवासी रणजीत ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की बच्चों के विवाद को लेकर गांव निवासी विष्णु व बच्चा मंगलवार की रात्रि करीब दस बजे मेरे घर पर आकर गाली गलौज देने लगे की मना करने पर दोनों लोगो ने छप्पड़ से गाली मार दिया और रास्ते में मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट सहित जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट करने वाले दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है

### राजगढ़ पुल के पास झाड़ियों में मिला अधेड़

**राजगढ़ मिर्जापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के राजगढ़ पुल के पास झाड़ियों में मिला अधेड पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल। जानकारी के अनुसार अशोक 65 वर्षीय पुत्र मथुरा निवासी औरंगाबाद बिहार। अशोक राजगढ़ क्षेत्र में कई दिनों से इधर.उधर घूम रहा था साथ ही बारिश भी हो रही थी राजगढ़ पुल के पास झाड़ियां में यह कैसे पहुंचा ज्ञात नहीं हो सका किसी राहगीर की सूचना पर राजगढ़ थाने की पुलिस पहुंची और वहां से उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गई जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

# जांच अधिकारी पहुंचे तो न डीपीआर मिली न जिम्मेदार इंजीनियर

- ठेकेदार की मनमानी या सिस्टम की मेहरबानी
- जुर्माना बढ़ता गया, ठेकेदार बचता गया,
- बुद्धा पार्क में करोड़ों के खेल पर उठे सवाल



**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जिला मुख्यालय रवीन्द्र नगर धूस स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के ठीक सामने निर्मित बुद्धा पार्क में सरकारी धन खर्च होता रहा, निर्माण की समयसीमा गुजरती रही, ठेकेदार की लापरवाही सरकारी रिपोर्ट में दर्ज होती रही और जुर्माने की रकम बढ़ती रही लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। करीब 25 लाख से शुरू हुई पेनाल्टी अब तीस लाख रुपये के पार पहुंच चुकी है, बावजूद इसके ठेकेदार ने जुर्माने की राशि जमा नहीं की है। पार्क अब भी अधूरा है और उद्यान विभाग को हैंडओवर तक नहीं किया गया। दूसरी ओर परियोजना में पहले से उठ रहे भ्रष्टाचार और धन के बंदरबांट के सवाल अब इस बात से और गहरे हो गए हैं कि सरकारी रिकॉर्ड में खामियां दर्ज होने के बावजूद जिम्मेदार तंत्र आखिर किस वजह से मौन है। क्या बुद्धा पार्क में सिर्फ निर्माण अधूरा है, या फिर जवाब देही भी जानबूझकर अधूरी छोड़ी जा रही है।

परियोजना से जुड़े सरकारी दस्तावेजों के अनुसार निर्माण कार्य 15 सितंबर 2025 तक पूरा होकर उद्यान विभाग को हस्तांतरित हो जाना चाहिए था। लेकिन निर्धारित समयसीमा बीतने के महीनों बाद भी परियोजना पूरी नहीं हो सकी। आईजीआरएस शिकायत की जांच के दौरान जिला उद्यान अधिकारी और प्रांतीय खंड कसया के अवर अभियंता के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रस्तुत आख्या में भी परियोजना की समयसीमा और देरी का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार एमओयू की शर्तों के तहत कार्यदायी संस्था पर 24.98 लाख रुपये की पेनाल्टी बन चुकी थी। यानी विभागीय रिकॉर्ड में ठेकेदार की देरी और उस पर लगने वाले आर्थिक दंड की स्थिति स्पष्ट है।

इसके बाद भी पेनाल्टी की वसूली नहीं हुई। निर्माण में देरी का सिलसिला आगे भी जारी रहा और पेनाल्टी की रकम बढ़ती चली गई। अब यह राशि तीस लाख रुपये से अधिक हो चुकी है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा जुर्माने की रकम जमा नहीं की गई है।ठेकेदार से नाही पुरानी पेनाल्टी वसूल की गई और न बढ़ती रकम को लेकर कोई प्रभावी कार्रवाई सामने आई। सवाल यह है कि क्या सरकारी पेनाल्टी सिर्फ कागजों में दर्ज करने के लिए है? यदि नहीं, तो फिर तीस लाख रुपये से अधिक की राशि अब तक सरकारी खाते में क्यों नहीं पहुंची?

यूपीआरएनएसएस के अधिशासी अभियंता का वह पत्र, जिसमें ठेकेदार के कार्य में रुचि नहीं लेने और बार-बार निर्देश देने के बावजूद काम की गति बेहद धीमी रहने की बात स्वीकार की गई।इसके बावजूद परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई और कार्रवाई का असर धरातल पर दिखाई नहीं दिया, जो अपने आप मे सवाल है।

बुद्धा पार्क प्रकरण में आईजीआरएस जांच के दौरान सामने आया घटना क्रम भी कई सवाल खड़े करता है। जिला उद्यान अधिकारी की जांच आख्या के अनुसार निरीक्षण के समय मौके पर आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन प्रतियोगिता में बच्चों ने किया कमाल

**समृद्धि न्यूज, आजमगढ़।**



**हॉकी** के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस- राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ एवं जिला प्रशासन आजमगढ़ के तत्वावधान में फिट इंडिया,खेलो इंडिया - खेलेगा भारत जीतेगा भारत के तहत इनर व्हील क्लब ऑफ आजमगढ़ नवेली के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन एवं सम्मान समारोह सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ हुआ। यह प्रतियोगिता 29 से 31 अगस्त तक स्टेडियम में चली, जिसमें बच्चों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक आयोजित कराने का कार्यभार बैडमिंटन खेल के प्रशिक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय अंपायर करन श्रीवास्तव जी रहे। समापन एवं सम्मान समारोह में मुख्य रूप से आजमगढ़ के जिला न्यायाधीश मुकेश सिंह,जिला क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन, उप क्रीड़ा अधिकारी जय प्रकाश यादव,अंतर्राष्ट्रीय फेस्टिवल डायरेक्टर अरविंद चित्रांश, जिला हैड बाल सचिव श्री कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव आशुतोष त्रिपाठी अनूप सिंह एवं मृतुन्जय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विशेष सहयोग इनर व्हील क्लब ऑफ आजमगढ़ नवेली का रहा, जो महिलाओं का एक बहुत बड़ा समाज सेवा संगठन है। क्लब की अध्यक्ष नेहा अग्रवाल, सचिव निमिषा अग्रवाल एवं अमृता अग्रवाल एडिटर ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। जिला क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन एवं मुख्य प्रशिक्षक करन श्रीवास्तव जी द्वारा विधिवत रूप से खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने के बाद लगभग 80 बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं पदक देकर सम्मानित किया गया, जिससे सभी बच्चे बहुत गदगद और उत्साहित दिखे।

यह आयोजन खेल संस्कृति को बढ़ावा देने-देश, समाज और स्वास्थ्य के प्रति एक बहुत ही सकारात्मक पहल है। बैडमिंटन खेल का आयोजन और संचालन बैडमिंटन खेल प्रशिक्षक एवं अंतरराष्ट्रीय अंपायर करन श्रीवास्तव ने किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को

- जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को जनपद न्यायालय, गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियाँ व जमानियाँ के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा।

जिसमें पूर्व की भांति माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन तथा आम जन को इसकी जानकारी एवं विधिक सेवा/सहायता कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार हेतु जय प्रकाश यादव, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा एक जागरूकता रैली को आज दिनांक 02.09.2026 को जनपद न्यायालय गाजीपुर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# लोक भवन से मुख्यमंत्री ने किया आउटसोर्स सेवा निगम के लोगो, वेबसाइट व पोर्टल का अनावरण

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**




उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के अंतर्गत सम्पूर्ण आउटसोर्स मानव संसाधन प्रबंधन के एकीकृत डिजिटल समाधान हेतु लोगो, वेबसाइट एवं पोर्टल का अनावरण आज माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर-कमलों द्वारा लोक भवन, लखनऊ से किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने आउटसोर्स कर्मियों के बढ़े हुए मानदेय की घोषणा करते हुए आउटसोर्स निगम की गाइड लाइन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के मानव संसाधन की बेहतर प्लानिंग की जा सके, इसके लिए भर्ती प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया जाएगा। भर्ती योग्यता और मेरिट के आधार पर होगी तथा राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुरूप की जाएगी। रिक्रूटमेंट, पोस्टिंग, अटेंडेंस, सैलरी, ग्रेच्युटी, इंश्योरेंस और अन्य सेवा लाभों का डिजिटल मैनेजमेंट एवं डिजिटल मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारी अपनी सर्विस डिटेल, बैंक अकाउंट, अटेंडेंस, पेमेंट और वेतन से होने वाली कटौती आदि की जानकारी एक ही स्थान पर देख सकेगा। इसी व्यवस्था के माध्यम से वह अपना ग्रीवांस या शिकायत भी दर्ज करा सकेगा, शिकायत का स्टेटस देख सकेगा और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका समाधान भी प्राप्त कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी का वेतन सीधे उसके बैंक खाते में महीने के 5 तारीख तक जाएगा। कोई आउटसोर्सिंग कंपनी या एजेंसी कर्मचारी के वेतन से अनावश्यक कटौती नहीं कर सकेगी। आउटसोर्सिंग कंपनी को सरकार अलग से उसका सेवा शुल्क देगी और कर्मचारी के वेतन से किसी प्रकार की सर्विस चार्ज की कटौती नहीं की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम के कुशल पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनियरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 256/2026, धारा 69, 351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त रामसेवक पुत्र चौथी निषाद, निवासी ग्राम जंगल जरलहा उर्फ तेन्दुअहिया, लाली टोला, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम व0उ0नि0 आशुतोष कुमार, का0 राजेश गौड़, पवन यादव, थाना पनियरा शामिल रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 ईरज राजा द्वारा तहसील सेवराई क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नरवा घाट का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाट पर पर्याप्त संख्या में नाव एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही घाट की सीढ़ियों के नीचे बांस की जाली लगाई जाए, ताकि कोई व्यक्ति तेज बहाव वाले क्षेत्र में न जा सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम पंचायत बिरऊपुर एवं हसनपुरा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। आवश्यक दवाओं का वितरण भी कराया जा रहा है। साथ ही पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था कर गांवों में उपलब्ध कराया गया है, ताकि बाढ़ के दौरान पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे तेज बहाव वाले पानी के पास न जाएं।

# हाईमास्ट लाइट की शिकायत की जांच पहुंची पुलिस के पास, आईजीआरएस प्रणाली पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

शासन की महत्वाकांक्षी समेकित शिकायत निवारण प्रणाली, आईजीआरएस के माध्यम से दर्ज एक शिकायत की जांच गलत विभाग के पास पहुंचने का मामला सामने आया है। पडरौना विकास खण्ड के ग्राम रहसू निवासी दिनेश मिश्रा पुत्र स्वर्गीय धर्मनाथ मिश्र ने ग्राम पंचायत में हाईमास्ट लाइट लगाए जाने में कथित अनियमितता की जांच की मांग करते हुए आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि ग्राम पंचायत में प्रस्तावित स्थान पर हाईमास्ट लाइट न लगाकर अन्य स्थानों पर लगाई गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त प्रकरण ग्राम पंचायत एवं विकास विभाग से संबंधित है, लेकिन आईजी आरएस शिकायत का संदर्भ जांच के लिए थाना रविंद्रनगर धूस पुलिस के पास पहुंच गया। इस पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर विकास विभाग से संबंधित शिकायत को पुलिस विभाग के पास किस स्तर से संदर्भित किया गया है। मामले में शिकायत कर्ता दिनेश मिश्रा का आरोप है कि क्षेत्र के एक उपनिरीक्षक द्वारा उनसे कई बार संपर्क कर लिखित रूप से यह कहने के लिए दबाव बनाया गया कि उक्त प्रकरण उनके विभाग से संबंधित नहीं है। शिकायत कर्ता का कहना है कि जब जांच का विषय पुलिस विभाग से संबंधित ही नहीं था, तो आईजीआरएस शिकायत को पुलिस के पास भेजे जाने के पीछे हुई चूक की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वहीं इस संबंध में बताया गया कि थाना रविंद्रनगर धूस के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने संबंधित उपनिरीक्षक को पहले ही निर्देशित किया था कि यह प्रकरण पुलिस विभाग से संबंधित नहीं है। इस संबंध में स्पष्ट रिपोर्ट लगाकर शिकायत को संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए। उक्त मामला आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण और उन्हें संबंधित विभागों तक भेजने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# प्रेरणादाई व्यक्तित्व को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**



राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक राजेश कुमार उपाध्याय को आज जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने राजेश कुमार उपाध्याय को सरस्वती प्रतिमा एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जनपद महराजगंज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारीगाँव, घुघुली के सहायक अध्यापक श्री राजेश कुमार उपाध्याय का चयन राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु हुआ है।

डी एम ने कहा कि 'जनपद महराजगंज के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारीगाँव, घुघुली के सहायक अध्यापक राजेश कुमार उपाध्याय का चयन राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु हुआ है। यह सम्मान आपके नवोन्मेषी प्रयासों, अथक परिश्रम और नौनिहालों के भविष्य के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। आपकी यह उपलब्धि जनपद के समस्त शिक्षकों के लिए प्रेरणापुंज है और यह सिद्ध करती है कि निष्ठापूर्वक किया गया कार्य अवश्य ही उत्कर्ष को प्राप्त होता है।

श्री राजेश कुमार उपाध्याय की नियुक्ति वर्ष 1992 में प्राथमिक विद्यालय बड़हरा, घुघली में हुई। नियुक्ति के समय से ही उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं समानता को अपनी प्राथमिकता बनाया। वर्ष 1993 में अभिभावकों से संपर्क एवं समाज के सहयोग से विद्यालय में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए गणवेश की व्यवस्था सुनिश्चित की। श्री उपाध्याय द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उन्होंने विद्यालय समय से पूर्व एवं बाद में निःशुल्क कोचिंग शुरू की। इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में सफलता प्राप्त की। विज्ञान के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों की रुचि विकसित की गई, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में विद्यालय के विद्यार्थियों ने जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षा के साथ खेलकूद के लिए भी श्री उपाध्याय ने छात्रों को प्रेरित किया जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय के विद्यार्थियों ने कई वर्षों से जनपद स्तर पर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त कर मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया है। कोविड-19 काल में भी श्री उपाध्याय ने विभागीय निर्देशों के अनुरूप घर-घर जाकर बच्चों को शिक्षा प्रदान की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने भी श्री उपाध्याय के शिक्षण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए उनका चयन अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा देगा।

# पं. बशिष्ठ शुक्ल की स्मृति में छलकी श्रद्धा, सेवा और संस्कारों की दिखी विरासत

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



कुछ लोग चले जाते हैं, लेकिन उनके विचार, संस्कार और दूसरों के जीवन को संवारने की कोशिशें उन्हें हमेशा जीवित रखती हैं। स्व. पं. बशिष्ठ शुक्ल भी ऐसी ही शख्सियत थे। संघर्षों से भरी जिंदगी में परिवार को एक सूत्र में बांधे रखा, रिश्तों की जिम्मेदारियां निभाई और शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत मानकर नई पीढ़ी को संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनकी पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति समारोह में जब उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया तो माहौल श्रद्धा, संवेदना और प्रेरणा से भर उठा। खास बात यह रही कि उनकी स्मृति में सिर्फ श्रद्धासुमन ही नहीं चढ़े, बल्कि विद्यार्थियों एंव उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित कर शिक्षा की उस मशाल को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया, जिसे पं. शुक्ल जीवनभर जलाते रहे। पडरौना क्षेत्र के बलुचहा लखराव मंदिर के समीप स्थित समर फिल्ड पब्लिक स्कूल मे आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान उसके पद या संपत्ति से नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों पर छोड़ी गई उसकी छाप से होती है। स्व. पं. बशिष्ठ शुक्ल का जीवन त्याग, तपस्या, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा। उन्होंने कहा कि आज जब शिक्षा को अक्सर केवल रोजगार से जोड़कर देखा जाता है, तब पं. शुक्ल की सोच हमें याद दिलाती है कि शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी भी जरूरी है। उनकी स्मृति में होने वाले ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का काम करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अनुपम मिश्र, प्रबंधक मिश्र बंधु महाविद्यालय बेलौही, महाराजगंज ने कहा कि संघर्ष किसी व्यक्ति को कमजोर नहीं करता, बल्कि उसके व्यक्तित्व को गढ़ता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. निरंकार राम त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष शिक्षा शास्त्र एवं महामंत्री गुआक्टा, गोरखपुर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य ऐसे नागरिक तैयार करना है जिनमें ज्ञान के साथ संवेदना, अनुशासन और संस्कार भी हों। स्व. पं. बशिष्ठ शुक्ल इसी विचारधारा के वाहक थे। कार्यक्रम में कैंसर जागरूकता विषय पर आयोजित निबंध एवं आर्ट्स प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अंशिता यादव, अनन्या गौड़, रूही यादव, अंशिका पांडेय, आयुष यादव, कीर्ति पांडेय, अंकुश गुप्ता, शिवम चौहान, रमावती चौहान, अंशिका यादव, कृष्णकांत शुक्ल, काजल प्रजापति, अम्बेश जय दीक्षित, साकेत मिश्रा, तौसीफ आलम, पुष्पा चौहान, राधिका गुप्ता, अवनी उपाध्याय, अंशु यादव, माही मिश्रा, अन्नु यादव, रचित राय, लवली सिंह और आकांक्षा मल्ल सहित अन्य विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

# पिकअप में लदे तीन गोवंशीय पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज।**

**भांवरकोल/गाजीपुर।** पुलिस ने मंगलवार की देर रात अवथहीं अंडरपास से पिकअप पर लादकर ले जाए जा रहे तीन गोवंशीय पशुओं को बरामद करते हुए एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हैबत मऊ मवैया चुंगी, रायबरेली, बीआरओ थाना पीजीआई पूर्वी (कमिश्नरेट) लखनऊ निवासी दीपक कुमार वर्मा के रूप में हुई।

थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा ने बताया कि पातालगंगा में संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली।



सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम अवथहीं अंडरपास पहुंची और वहां आ रही संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पिकअप में लदे तीन गोवंशीय पशु बरामद हुए।

पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्याम सिंह, हेड कांस्टेबल विकास मालवीय, शैलेश कुमार गुप्ता, कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार, रामप्रकाश एवं संदीप शामिल रहे।